डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 81,086.21 +33.02
डॉलर 83.826 -0.103
रांची सर्राफा
10 ग्राम 71,720
01 किलो 92,000

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

भाद्रपद कृष्ण पक्ष 05, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 24 अगस्त 2024, वर्ष-30, अंक- 310, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई.61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-08 नीरज चोपड़ा फिर 90 से नीचे


## स्व. बिनोद बिहारी महतो
की वीर भूमि उत्तरी छोटानागपुर
की लाखों बहनों को

## खुशियों का उपहार

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना

हर बहना को हर साल ₹12 हजार

## सम्मान राशि का करेंगे हस्तांतरण

24 अगस्त, 2024 | अपराह्न 12:30 बजे से
सिंदूर मैदान, हजारीबाग

**उत्तरी छोटानागपुर** (रामगढ़, हजारीबाग, चतरा, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद और बोकारो) **की सभी बहनों का समारोह में स्वागत है**

- 46 लाख से अधिक निबंधन
- अब तक 43 लाख बहनों का आवेदन स्वीकृत
- 31 अगस्त से पहले सभी बहनों के खातों में होगी एक हजार रुपये की सम्मान राशि (पहली किस्त)
- सितंबर से हर महीने की 15 तारीख को हर बहन के खाते में पहुँचेगी सम्मान राशि



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR No. 333644 (Women, Child Development & Social Security) 2024-25

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार


# 10 साल से तहसील भवन का नहीं खुला ताला, फिर भी कई बार हुई मरम्मत

**अंचल कार्यालय में ही सारा रिकॉर्ड रखकर कार्य किया जा रहा संचालित**

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** नावाबाजार अंचल स्थित हल्का 3 का तहसील राजस्व कचहरी भवन किसी काम का नहीं है। जिला प्रशासन की ओर से लाखों रुपए की लागत से बनाया गया तहसील राजस्व कचहरी भवन बेकार साबित हो रहा है। 10 साल पूर्व बने इस तहसील भवन में राजस्व कर्मचारी के नहीं आने से यहां सदैव ताला लटका रहता है। जिससे इस हल्का क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रतियोगी व स्कूली छात्र-छात्राएं जो जाति, आय, ईडब्ल्यूएस व आवासीय प्रमाण पत्र आदि कार्यों के लिए अंचल कार्यालय तो कभी उनके मेदिनीनगर स्थित आवास का चक्कर लगाते लगाते परेशान हो रहे हैं।

विदित हो कि 22 जुलाई 2014 को नावा बाजार अंचल क्षेत्र के हल्का तीन बसना गांव में राजस्व कर्मचारी भवन का उद्घाटन फीता काटकर तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मुकेश बाउरी के द्वारा किया गया था। इसके बाद लोगों को लगा कि अब उन्हें छोटी मोटी कार्यों को लेकर अंचल कार्यालय की दौड़ लगाने नहीं पड़ेगे। राजस्व कर्मचारी भवन में बैठकर कार्यों को संपादित करेंगे, लेकिन 10 वर्ष बीतने के बाद भी आज तक कोई भी राजस्व कर्मचारी यहां बैठना मुनासिब नहीं समझे। विवश होकर गांव के गरीब लोग अपनी जरूरतों को लेकर नावा बाजार अंचल कार्यालय की दौड़ लगा रहे हैं। ऐसा भी नहीं कि वहां जाने से उन्हें राजस्व कर्मचारी से मुलाकात हो हीं जाए और उनकी जरुरतें भी पूरी हो। पिछले दिनों ब्रहमोरिया गांव निवासी सच्चिदानंद पांडेय के द्वारा अंचल कार्यालय में सरकारी बांध काटे जाने की जांच व कार्रवाई को लेकर आवेदन किया गया, लेकिन एक माह बितने के बाद भी उसकी जांच व काटने के जिम्मेवार लोगों पर किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की गई। इस संबंध में बुधवार को जनता दरबार में बसना हल्का 3 से एक सौ से ज्यादा लोगों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर पलामू उपायुक्त के समक्ष रखेंगे। साथ ही राजस्व कर्मचारी को नियमित तहसील भवन में बैठने को लेकर निर्देशित करने किए जाने को आग्रह भी किया जाएगा। ताकि समय से कार्य संपादित हो।






**तहसील भवन का एक दिन भी नहीं खुला तालाब**

बसना हल्का 3 तहसील राजस्व कचहरी भवन का ताला आज तक नहीं खोला गया। 10 वर्षों में एक दिन भी कोई राजस्व कर्मचारी यहां बैठता मुनासिब नहीं समझते। बावजूद समय-समय पर लाखों रुपए खर्च कर भवन का मरम्मती कार्य भी कराया जा रहा है। 1 वर्ष पूर्व ही लगभग 12 लाख रुपए भवन की मरम्मत कार्य पर खर्च किया गया है। लोगों की माने तो 2014 में भवन निर्माण कार्य पर 9 लाख रुपए खर्च किए गए थे। 10 साल बाद भवन की मरम्मती के लिए 12 लाख रुपए की एक बड़ी राशि खर्च की गई। भवन में सुविधा अनुकूल सारी व्यवस्था होने के बावजूद भी यहां कोई बैठना नहीं चाहता। राजस्व कर्मचारी को वहां नहीं बैठने के कारण भवन की उपयोगिता का कोई मतलब नहीं रह जाता। हल्का क्षेत्र के पांच दर्जन से अधिक आवेदन म्यूटेशन, ऑनलाइन, रसीद काटने आदि को लेकर पेंडिंग पड़ा है।

## एक नजर

### बीडीओ ने दिव्यांग बच्ची को ट्राई साइकिल दी

**पाटन।** प्रखंड कार्यालय में कल्याण विभाग के द्वारा बीडीओ अमित कुमार झा ने बरसैता की दिव्यांग बच्ची अनिता कुमारी को ट्राईसाईकिल दिया। मौके पर बीडीओ ने बताया कि सरकार की जन कल्याण लाभ हर वर्ग के लोगों को दिया जा रहा है। उन्होने कहा कि अनिता कुमारी को ट्राईसाईकिल से स्कूल आने-जाने में सहूलियत मिलेगी। ट्राई साइकिल मिलने पर अनिता कुमारी की चेहरे पर मुस्कान दिखाई दे रही थी।

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण की शुरूआत

**पाटन।** मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु मुखिया,पंचायत सचिव एवम पंचायत स्तरीय तकनीकी विशेषज्ञ का तीन दिवसीय प्रशिक्षण पंचायत सचिवालय किशुनपुर में प्रारंभ हुआ प्रखंड के सभी मुखिया,पंचायत सचिव,पंचायत स्तरीय तकनीकी विशेषज्ञ प्रशिक्षण में भाग लिया। यह प्रशिक्षण दिनांक 23 अगस्त से 25 अगस्त तक चलेगा इस प्रशिक्षण का मकसद पंचायत स्तर मे मनरेगा अंतर्गत होने वाले कार्य को चिन्हित कर 21 सेवाओं पर जानकारी दी जानी है। बतौर मुखिया प्रशिक्षक सुमन गुप्ता,अनुज कुमार त्रिपाठी, शशिभूषण पाल मास्टर ट्रेनर करण कुमार थापा, पंचायती राज कोऑर्डिनेटर चित्रांगद कुमार के द्वारा मनरेगा योजना के बारे में सत्र वार जानकारी दी जा रही है।

### अनुबंधकर्मियो का अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू

**विश्रामपुर।** झारखण्ड लोकल बॉडीज इम्प्लाइज फोडरेशन के आह्वाहन पर विश्रामपुर नगर परिषद के अनुबंधकर्मी शुक्रवार से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए।अनुबंधकर्मियों ने प्रदर्शन करते हुए नप कार्यालय के मुख्य द्वार पर धरना दिया।फोडरेशन के विश्रामपुर इकाई अध्यक्ष रमेश कुमार ने कहा कि हमारी सभी ग्यारह सूत्री मांग जायज है। सरकार को इसपर गंभीरता से विचार करते हुए सभी मांग मान लेनी चाहिए।उपाध्यक्ष मुबारक अंसारी ने कहा कि जब तक सभी मांगें नहीं मानी जायेगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर सुबोध केशरी, रवि कुमार,सुमित कुमार, राजेश प्रसाद, नीरज कुमार सहित निकाय के सभी अनुबंधकर्मी मौजूद थे।

अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए कर्मी, लगा गंदगी का अंबार

# मांगे नहीं माने जाने पर आंदोलन और तेज किया जायेगा : ठाकुर



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** निकाय में कार्यरत दैनिक, मानदेय कर्मी का सेवा नियमित करने की मांग के समर्थन में हुसैनाबाद में कार्यरत कर्मियों ने शुक्रवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। विगत दिनों उन्होंने हुसैनाबाद विधायक के नाम मांग पत्र सौंपा था। शुक्रवार को कर्मचारियों ने जेपी चौक, अंबेडकर चौक होते विभिन्न गलियों में भ्रमण कर हड़ताल का एलान कर दिया। कर्मचारियों ने मांगों को लेकर नारे भी लगाए। फेडरेशन के अध्यक्ष उमेंद्र ठाकुर ने कहा कि कर्मचारी लगातार सरकार से मांगें पूरी करने का आग्रह कर रहे हैं, मगर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मांगों में निकाय कर्मी का वेतन भुगतान के लिए सरकार अपने स्तर से शत -प्रतिशत आवंटन निर्गत करें। निकाय में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों का तमाम तरह का सेवानिर्वृत्ति का लाभ और सेवानिवृत्ति का भुगतान सरकार अपने कोष से करें। निकाय, निगम में उच्चतर पदों पर निकाय कर्मियों से ही पदोन्नित प्रदान की जाए, आउटसोर्सिंग का मजदूरी का भुगतान सरकार अपने स्तर से कर भ्रष्टाचार समाप्त करें। जीवन बीमा का लाभ निकायकर्मियों को सरकार द्वारा किया जायें आदि मांगे शामिल है। उन्होंने आंदोलनात्मक कार्यकम की जानकारी देते हुए बताया कि 23 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। कर्मचारी सरकार को जगाने का प्रयास कर रहे हैं। इसके बाद भी विचार नहीं किया गया तो, आंदोलन को तेज किया जायेगा। कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से शुक्रवार से हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में सफाई कार्य प्रभावित हो गया है। और सभी जगहों पर कूड़े का अंबार लग गया है। मालूम हो कि शहर में प्रतिदिन आठ से दस ट्रैक्टर कूड़ा का उठाव होता है।

# आक्रोशित शिक्षकों ने बीआरसी कार्यालय में की तालाबंदी

**तीन सहायक अध्यापकों के मानदेय पर रोक के बाद उठाया यह कदम**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** निवर्तमान क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी हुसैनाबाद रामनरेश राम के स्वेच्छाचारिता,भयादोहन, मनमानी रवैये पर सहायक अध्यापकों के समूह ने बीआर कार्यालय हैदरनगर में अघोषित तालाबंदी कर दी है। शिक्षक संघ के संयोजक विजय बहादुर सिंह ने बताया कि तीन सहायक अध्यापक संजय राम, राजेन्द्र पाल, योगेन्द्र साहू का विगत पांच माह से सेवा व मानदेय भुगतान पर रोक लगाने को लेकर संघ को यह कदम उठाना पड़ा है। जबकि गत पांच माह से उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई जाती रही है, पर कोई कार्रवाई नहीं होने पर प्रखंड अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में आक्रोशित सहायक अध्यापकों ने बीआरसी कार्यालय का घेराव के बाद तालाबंदी कर दी है। तालाबंदी पूर्व शिक्षक प्रतिनिधियों ने कार्य नहीं तो कार्यालय में रहने का कोई औचित्य नहीं बताकर यहां मौजूद बीपीओ अजय कुमार रवि समेत अन्य कर्मियों को बाहर कर दिया। उन्होंने बताया कि पूर्व क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी रामनरेश राम ने सहायक अध्यापकों के सभी




शैक्षणिक व प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्र सत्यापन, प्रशासनिक व अनुशासनिक प्राधिकार से अनुमोदन के बावजूद भी नियम विरुद्ध उनके सेवा व मानदेय पर रोक लगाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि तीनों सहायक अध्यापकों की सेवा व मानदेय बहाल होने तक संघर्ष व तालाबंदी जारी रहेगी। इस आंदोलन में प्रखंड सचिव संजय राम, अंजनी सिंह, रामराज राम, माया कुमारी, प्रबल सिंह, निरंजन सिंह, राकेश सिंह, शैलेश सिंह, संतोष पांडेय, अजय शर्मा, योगेन्द्र साहू, प्रेमजीत सिंह, अमित शर्मा, शिवनाथ राम, शिवनाथ मेहता, श्रवण श्रीवास्तव, राजेन्द्र पाल, प्रदीप सिंह, सत्येन्द्र सिंह, सच्चिदानंद सिंह, विनोद यादव, संदीप रंजन सहित कई सहायक अध्यापक शामिल थे।

# निजी जमीन पर डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा लगाने को लेकर विवाद, पुलिस ने की कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर-पीतांबरपुर।** बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने देश में कानून का राज स्थापित करने के लिए भारत के संविधान की रचना की, लेकिन उनके अनुयायी द्वारा उनकी प्रतिमा लगाने को लेकर निजी और सरकारी जमीन को लेकर विवाद का मामला बता रहे हैं । यह मामला प्रकाश में आया दिदरी निवासी आशुतोष पाण्डेय द्वारा उन्होंने बताया कि ग्राम दारूडीह, भंडार टोला स्थित मेरा जमीन खाता सं.06, प्लोट सं 1507,1508 रकबा 9.5 डिसमील जमीन पर स्थानीय लोगों द्वारा मेरी जमीन में रात के अंधेरे में बाबा साहेब की प्रतिमा लगाने का प्रयास कर रहे थे । जब मैं वहां पहुंचा तो देखा कि दर्जनों की संख्या लोग हमारी जमीन पर चबूतरा बनाने के लिए खुदाई करने में लगे हुए हैं। मना करने के बाद भी एक नहीं सुनी, तब लेस्लीगंज थाना पुलिस के हस्तक्षेप के बाद काम रोका गया है। आधा दर्जन के करीब नामजद लोगों का नाम देते हुए बताया है कि हमारे रैयती जमीन को ये लोग गैर मजरुआ जमीन बता कर लोगों की भीड़ जमा कर जबरन मेरे रैयती जमीन पर बाबा अंबेडकर साहब की मूर्ति स्थापित करना चाह रहे हैं। साथ ही उन्होंने अपने आवेदन में अंचल अधिकारी से कानून सम्मत कार्रवाई करते हुए अपनी जान माल की रक्षा करने की मांग की है।



**क्या कहते हैं थाना प्रभारी**

मामले में प्रभारी थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि लेस्लीगंज थाना में अप्राथमिकी दर्ज कर प्रथम पक्ष के तरफ से एक एवं द्वितीय पक्ष के तरफ से 13 लोगों पर मामला दर्ज कर कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

# देशी-विदेशी शराब की दुकानों पर अधिक पैसा वसूली मामले ने तुल पकड़ा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** झारखंड सरकार द्वारा देशी और विदेशी शराब ठेका नहीं कराने से संबधित दुकानों में ग्राहकों से निर्धारित मूल्य से अधिक पैसा वसूली का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इसका मुख्य कारण संबधित अधिकारियों के संज्ञान में देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने से आम ग्रामीणों से मानसिक व आर्थिक बदस्तूर जारी है। इस संबध में हैदरनगर प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष बिमलेश कुमार सिंह ने बताया कि इस बाबत पलामू जिला मद्य निषेध विभाग के अधीक्षक सजीत देव को जानकारी देकर बताया है कि संपूर्ण हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में अवस्थित देशी और बिदेशी शराब दुकानों पर निर्धारित मूल्य से अधिक पैसे लिये जाने को तत्काल प्रभाव से रोकने का कार्य करें, वरना यह मामला इस प्रखंड के बीडीसी और बीस सूत्री की बैठक में गरमायेगा। उन्होंने अधीक्षक संजीत देव से पूछा है कि लंबे समय से इन दुकानों के संचालन के बावजूद एक भी प्रतिष्ठान पर अनुज्ञप्ति संख्या व संचालक के नाम का बोर्ड के अलावे बिक्री की जाने वाली विभिन्न ब्रांडों के शराब का स्टॉक व उनके मूल्य तालिका का बोर्ड क्यों नहीं लगाये गये हैं।

**मोबाइल से ऑनलाइन पेंमेट क्यों नहीं लिया जाता है :** वहीं डिजीटल युग की ओर बढ़ रहे इस देश में इन दुकानों पर मोबाइल से ऑनलाइन पेंमेट क्यों नहीं लिया जाता है। उन्होंने कहा है कि डिजीटल या ऑनलाइन पेमेंट लेने से अधिक वूसली और मनमानी कार्य बंद हो जायेगा। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद, हैदरनगर और मोहम्मदगंज स्थित शराब दुकानों पर अधिक पैसे वसूली का कारण पूछे जाने पर उपर तक सेटिंग गेटिंग की बात कह दी जाती है। पर दिहाड़ी, मजदूर वर्ग के अलावे गरीब मध्यम वर्ग के क्रेता तो इनके मनमानी से पीस रही है। अव्वल तो यह है कि बिक्री किये गये शराब की बिल मांगने पर विक्रेता या उनके कर्मी मारपीट पर उतारु तक हो जाते हैं। अधीक्षक संजीत देव तो उनकी बातों को संज्ञान में लेकर कार्रवाई करने का आश्वासन तो दिया है। अब देखना होगा कि उनकी कार्रवाई कितने दिनों में कब तक कारगर रहती है।

पीएमओ ने राज्य के मुख्य सचिव को सूचना उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

# आरटीआई कार्यकर्ता ने नल-जल योजना में अनियमितता का आरोप लगाते हुए पीएमओ को लिखा था पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** जल जीवन मिशन के तहत विश्रामपुर प्रखंड के पंचायतों में कराएं जा रहे नल जल योजना में भारी अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाते हुए आरटीआई कार्यकर्ता संपूर्णानंद सिंह के द्वारा जांच व कार्रवाई हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पत्र लिखा गया था, जिसमें पेयजल व स्वच्छता विभाग की संलिप्तता का जिक्र करते हुए सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत मांगी गई सूचना उपलब्ध नहीं कराने का भी जिक्र किया गया था। इसे गंभीरता से लेते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुभाग अधिकारी शिखा शर्मा ने झारखंड सरकार के मुख्य सचिव को पत्र प्रेषित कर संपूर्णानंद सिंह द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध कराने निर्देश दिया है। यहां बताते चलें कि आरटीआई कार्यकर्ता संपूर्णानंद सिंह ने जल जीवन मिशन के तहत कराए जा रहे जल नल योजना में गबन के मामले की जांच हेतु पीएमओ कार्यालय को पत्र लिखा था, जिसके बाद पीएमओ द्वारा राज्य के मुख्य सचिव को जांचोपरांत कार्रवाई का निर्देश जारी किया गया है। पीएमओ कार्यालय द्वारा इसकी एक प्रति संपूर्णानंद सिंह को भी भेजा गया है। गौरतलब है कि पेयजल व स्वच्छता विभाग द्वारा निविदा निकाल कर जल जीवन मिशन के तहत प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में जल नल योजना का कार्य कराया जा रहा है। संवेदकों के द्वारा विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से कार्य से अधिक पैसों की निकासी कर ली गई है सिंह द्वारा जिला कार्यालय में इसकी शिकायत दर्ज करवाई।इसके बाद भी कोई कार्रवाई न होते देख सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जानकारी मांगी गई। जानकारी भी समय से उपलब्ध नहीं कराया गया। जिसके बाद संपूर्णानंद सिंह ने प्रधानमंत्री कार्यालय को जुलाई माह में पत्र भेजा था।साथ ही उपलब्ध कराई गई सूचना व संवेदक के द्वारा बरती गई अनियमित का भी जिक्र किया गया था। उनके द्वारा साक्ष्य के तौर पर कई दस्तावेज भी पीएमओ को भेजा गया था। संपूर्णानंद सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ मेरी लड़ाई अंतिम सांस तक जारी रहेगी।



शिक्षाविद् ने जपला के इतिहास पर प्रकाश डाला, कहा

# जपला का मध्यकालीन नाम जपिला था

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शुक्रवार को उदयन पब्लिक स्कूल जपला में क्षेत्रीय इतिहासकार एवं शिक्षाविद् अंगद किशोर ने छात्र-छात्राओं के बीच जपला के इतिहास पर विस्तृत रूप से चर्चा की। किशोर ने हाई स्कूल के बच्चों के बीच जपला का इतिहास पर व्याख्यान देते हुए कहा कि 12 वीं शताब्दी में जपला खरवार राजवंश के शासक प्रताप धवल देव की राजधानी थी। पलामू, रोहतास और औरंगाबाद जिले में खरवार राजवंश के अभी तक 14 शिलालेख और ताम्र अभिलेख मिले हैं। यह राजवंश ने उक्त जिलों में 500 से अधिक वर्षों तक शासन किया है। जपला का मध्यकालीन नाम जपिला था, जो अंग्रेज काल में जपला में तब्दील हो गया। प्रताप धवल देव के दो शिलालेख जपला में भी मिले हैं। जपला का इतिहास जानकर छात्र - छात्राओं में काफी कौतूहल और जिज्ञासा देखी गई। अंगद किशोर ने बताया कि क्षेत्र में इतिहास के प्रति जागरूकता पैदा करने तथा पुरास्थलों की सुरक्षा के लिए विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों के बीच स्थानीय इतिहास की चर्चा प्रारंभ की गई है। उद्‌बोधन के पूर्व श्री किशोर ने विद्यालय के प्राचार्य अमित कुमार द्विवेदी को अपनी सद्य प्रकाशित चर्चित पुस्तक 'झारखंड का मौर्यकालीन नगर जपला' भेंट की।



## न्यूज बॉक्स

### नाथा गांव में सरकारी कृषि भूमि को कराया गया अतिक्रमण मुक्त

**हरिहरगंज।** जिला प्रशासन के निर्देश पर हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कौवाखोह के समीप नाथा गांव स्थित कृषि फार्म पर अवैध रूप से अतिक्रमण को हटाया गया। इस संबंध में अंचलाधिकारी मनीष सिन्हा ने बताया कि कृषि विभाग की जमीन पर घेराबंदी को तोड़कर रामवृक्ष मस्ताना पिता जानकी महतो के द्वारा करीब 16 डिसमिल भूमि पर अवैध दखल कब्जा कर झोपड़ी का निर्माण किया गया था। इसे लेकर कई बार नोटिस भेजी गयी थी। नोटिस की अवमानना के बाद शुक्रवार को पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में जेसीबी मशीन से उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस अभियान में अंचलाधिकारी मनीष सिन्हा के अलावे अंचल निरीक्षक संजीव कुमार, अंचल अमीन सूरज कुमार, राजस्व कर्मचारी संतोष उरांव एसआई विगेश कुमार राय, राकेश कुमार, शशि शेखर पांडेय, हेमन्ती बक्शी सहित पुलिस बल शामिल थी।

### हाईमास्ट लाइट 6 माह से खराब,नहीं ले रहा कोई सुध, रात में होती है परेशानी

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय स्टेशन रोड के दैनिक बाजार प्रांगण में लगाया गया हाईमास्ट लाइट करीब 6 माह से खराब पड़ा है। इसके बावजूद इसे ठीक कराने को लेकर किसी ने अब तक इसकी सुध नहीं ली है। लोगों का कहना है कि इसके खराब रहने से बाजार क्षेत्र के बड़े दायरे में रात के अंधेरा से परेशानी होती है। दुकानों की असुरक्षा को लेकर दुकानदारों में डर समाया रहता है। दैनिक बाजार क्षेत्र में ही बैंक भी हैं। रेलवे स्टेशन की वजह से बाजार क्षेत्र से गुजरने में यात्रियों को भी अंधेरा के कारण असहजता महसूस होती है। बताया गया कि विधायक संजय कुमार सिंह यादव के प्रथम कार्यकाल में ही इस प्रखंड मुख्यालय में यही एक मात्र हाईमास्ट लाइट खड़ा किया गया था। इसके बाद से इसमें बड़ी खराबी आने पर 2015 कार्यकाल के वार्ड सदस्य राजू चौरसिया की कोशिश से इसकी खराबी दूर हो गई थी। जबकि इस बार खराब होने पर इसे ठीक करने की दिशा में अब तक किसी का प्रयास नहीं हुआ है। ऐसे में हाल के महीनों में चोरी की बढ़ती वारदातों और भादो माह के घनघोर अंधेरे को देखते हुए लोगों ने इसे ठीक करने की दिशा सकारात्मक कदम उठाने की मांग प्रखंड प्रशासन से की है।

### प्रखंड से प्रदेश का नेतृत्व मिलने से राजद को मिलेगी मजबूती

**हैदरनगर।** हैदरनगर प्रखंड अध्यक्ष रिजवान खान को राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश सचिव, जबकि हुसैनाबाद के निवर्तमान जिला पार्षद मदन पासवान को प्रदेश महासचिव बनाये जाने के बाद क्षेत्र के पार्टी कार्यकताओं को उत्साह बढ़ गया है। पार्टी नेता अजहर अली, अलाउद्दीन खान, बलि यादव सहित कई अन्य ने कहा कि प्रखंड स्तरीय समर्पित कार्यकताओं को प्रदेश का नेतृत्व देने की पहल क्षेत्रीय पूर्व विधायक सह राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने की है। उन्होंने रांची से वापस आने पर नव मनोनीत नेताओं को जमकर स्वागत भी किया है। साथ ही उन्हें झारखंड के कई जिलों में पार्टी की गतिविधि और मजबूती की दिशा में प्रयास बढ़ाने के मार्गदर्शन भी दिया है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से प्रखंड स्तर पर जूझ रहे संघर्षशील पार्टी नेता रिजवान खान और मदन पासवान को प्रदेश कार्यकारणी में स्थान देकर गरीबों, दलितों व कुचले वर्ग के उत्थान व उनके क्षेत्र में विकास के पूर्ववत पूरी लगन व मेहनत के साथ कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में होने वाली विधानसभा चुनाव में सभी बूथों को सशक्त करने का भी निर्देश प्रखंड से पंचायत स्तर तक के कार्यकताओं को दिया गया है।

### युवा विरोधी हेमंत सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकेगा झारखण्डी युवा : रामाशीष यादव



**उंटारी रोड।** केंद्र सरकार के सलाहकार सदस्य सह भाजपा नेता रामाशीष यादव शुक्रवार को रांची के मोराबादी मैदान में आयोजित युवा आक्रोश रैली में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार की युवा विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोश रैली के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए रामाशीष यादव ने कहा कि 2019 में 5 लाख नौकरी का झांसा देकर हेमंत सोरेन ने युवाओं को ठगने का काम किया। 5 लाख नौकरी छोड़िये ये भ्रष्टाचारी सराकर तो 5 हजार नौकरी भी पारदर्शी तरीके से नहीं दे पाई। हेमंत सरकार ने भर्ती परीक्षाओं के नाम पर भी युवाओं को ठगने में कोई कसर नहीं छोड़ी। युवाओं का ये आक्रोश झामुमो के ताबूत में आखिरी कील जड़ने का काम करेगा। ज्ञात हो कि भाजयुमो द्वारा शुक्रवार को जन आक्रोश रैली निकालना प्रस्तावित किया गया था। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी संग भाजपा के सभी वरिष्ठ नेताओं ने इस रैली को सफल बनाने हेतु इसमें शामिल होने का आह्वान किया था। सरकार की ओर से रैली को रोकने के लिए बैरिकेडिंग और कंटीले तार लगाए गए थे।

### अंतरिक्ष दिवस पर स्कूल के बच्चों को चंद्रयान-3 के बारे में बताया



**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के राजकीय कृत मध्य विद्यालय तुम्बागड़ा में यूपीइएस देहरादून से बी.टेक इन एयर स्पेस इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे छात्र/मेंटोर अमन राज को ऑनलाइन मोड में विद्यालय के छात्रों के द्वारा प्रेरित करने पर आमंत्रित किया गया। उन्होंने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस -2024 पर चंद्रमा के सतह पर विक्रम कैलेंडर के अवतरण और प्रज्ञान रोवर और ओरबाइटर, चंद्रयान-3 के बारे में पीपीटी के माध्यम से बच्चों को बताया। अंत में बच्चों से प्रश्न भी पूछे गए। ऑनलाइन मोड में गेस्ट से अंतरिक्ष दिवस पर चर्चा को देखकर व सुनकर विद्यालय के बच्चे बहुत खुश हुए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार ऑनलाइन कार्यक्रम भी समय-समय पर विद्यालय में होता रहना चाहिए, जिससे बच्चों को मार्गदर्शन मिलता रहे। बच्चों ने गेस्ट की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया।




डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

भाद्रपद कृष्ण पक्ष 05, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 24 अगस्त 2024, वर्ष-30, अंक-310, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 12



नीरज चोपड़ा फिर 90 से नीचे...

सेंसेक्स
81,086.21 ↑ +33.02

डॉलर
83.901 ↑ -0.027

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 71,670
01 किलो 84,550

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

# विस चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों में बढ़ी गतिविधियां



**भाजपा, झामुमो अपनी-अपनी ताकत दिखाने का कर रहे प्रयास**

राणा अरुण सिंह

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा का चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों में तेजी से गतिविधियां बढ़ रही हैं। सभी पार्टियां अपनी रणनीति बनाने में लग गई है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जंग शुरू है। इस बीच जेएमएम के वरीय नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री कोल्हान टाइगर चंपाई सोरेन अपनी पार्टी से किनारा कर लिए हैं। वे पार्टी में मान सम्मान नहीं मिलने को लेकर जनता के बीच जाने का एलान कर दिया है। ऐसे में अगर चुनाव की तिथि का एलान चुनाव आयोग करती है, तो क्या रिजल्ट निकलेगा यह तो आने वाला समय ही बतायेगा। बावजूद इसके जेएमएम पूरी कोशिश में जुट गया है कि आम जनता का विश्वास जीत सकें। वहीं दूसरी ओर भाजपा भी झारखंड में अपनी सत्ता स्थापित करने के लिए कई तरह की रणनीति बनाकर सरकार को घेरने का प्रयास में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजन का आयोजन प्रमंडलीय स्तर पर आयोजित कर जेएमएम सुप्रीमो राज्य के महिला वोटरों का विश्वास जीतना चाहती है। इससे पार्टी कितना सफल होगी यह तो भविष्य के गर्भ में है, किन्तु यह तो तय है कि जेएमएम ने ऐसा





पत्ता खोल दिया है, जिससे अन्य दलों के समक्ष चुनौती खड़ी हो गई है कि कैसे इसकी भरपाई की जाए। झारखंड में भाजपा का आक्रोश रैली इसी का प्रतिफल है। जिसके तहत भाजपा अपनी ताकत दिखाने का प्रयास कर राजनीतिक ध्रुवीकरण को तेज करने में उर्जा लगा रही है। पलामू में जिस तरह से सीएम हेमंत सोरेन अपनी बातों को रखी उसके कई निहितार्थ हैं। जो कि आने वाले समय में देखने को मिलेगा। हेमंत सोरेन एक परिपक्व राजनीति के तहत फूंक-फूंक कर पार्टी को अलग पहचान दिलाने में लगे हैं। सीधा मतलब है कि आम लोगों के मन मस्तिष्क में जेएममए की सार्थकता को डालना है। एक दूरदर्शी की भांति सीएम विपक्षियों से निपटने के लिए कमर कस चुके हैं। दूसरी ओर राजनीति के धुरंधर भाजपा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा को विधानसभा चुनाव का सह प्रभारी बनाया है। वहीं डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी राज्य भाजपा के प्रभारी के शेष पृष्ठ 09 पर

### भाजपा विधायक का वाहन पुलिस ने जांच के क्रम में रोका

# नाराज विधायक समर्थकों के साथ सड़क पर बैठे, आवागमन बाधित

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** युवा आक्रोश रैली रांची में भाग लेने जाने के क्रम में पांकी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता के वाहन को पुलिस ने जांच के नाम पर काफी देर तक रोके रखा। इससे विधायक आक्रोश में आकर अपने समर्थकों के साथ बीच सड़क पर बैठ गए। समर्थकों ने इस दौरान राज्य के झामुमो सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की। विधायक का काफिला बालूमाथ टमटम टोला त्रिमोहान पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने रोक दिया था। विधायक द्वारा समर्थकों के साथ बीच सड़क बैठ जाने से काफी देर तक सड़कों पर आवागम बाधित



रहा। मौके पर विधायक ने कहा कि राज्य सरकार की यह साजिश है। वाहन जांच का बहाना बना भाजपाइयों को रांची रैली में जाने से रोके जाने का यह प्रयास है। यह इसलिए किया जा रहा ताकि भाजपाई समय पर रांची नहीं पहुंच पाए। भाजपा का आक्रोश देख सरकार डर गई है। इसलिए पुलिस प्रशासन का शेष पृष्ठ 09 पर

## एक नजर

### आक्रोश रैली के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**रांची।** मोरहाबादी मैदान में शुक्रवार को भाजपा की युवा आक्रोश रैली के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता और कड़े इंतजाम किए गए थे। वहां आईजी अखिलेश झा, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, सिटी एसपी राजकुमार मेहता सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे। पुलिस ने रैली स्थल के आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ा दी गई थी और सभी वाहनों की जांच की जा रही थी। पुलिस ने रैली स्थल पर कई नाकेबंदी कर रखी थी, सुरक्षा के लिए 15 डीएसपी, 25 इंस्पेक्टर और 2000 अतिरिक्त जवानों को तैनात किये गये थे।

### एलजी सक्सेना ने अरविंद केजरीवाल पर मुकदमा चलाने की दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को दिल्ली की एक अदालत को सूचित किया कि उसे कथित शराब घोटाला मामले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आप विधायक दुर्गेश पाठक के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी मिल गई है। यह दलील विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष दी गई, जिन्होंने मामले की सुनवाई 27 अगस्त को तय की। मामले में केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 27 अगस्त को खत्म होने वाली है। अदालत ने 12 अगस्त को मामले में केजरीवाल और पाठक के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए आवश्यक मंजूरी प्राप्त करने के लिए सीबीआई को 15 दिन का समय दिया था।

### आज | कल

नेताओं की बदजुबानी




### सीएम आवास की ओर बढ़ रहे थे भाजपा कार्यकर्ता, पुलिस ने रोका

# रणक्षेत्र में बदला मोरहाबादी मैदान, कई कार्यकर्ता घायल

- **पुलिस ने की वाटर कैनन से पानी की बौछार, आंसू गैस के गोले दागे**
- **बैरिकेडिंग पार कर रहे कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच हुई झड़प**
- **भाजपा के कई कार्यकर्ता हुए घायल, छह से सात जवान भी घायल**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ रांची में भाजपा की युवा आक्रोश रैली के बाद सीएम आवास की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने वाटर कैनन से पानी की बौछार की और आंसू गैस के गोले छोड़े। इसके बाद मोरहाबादी मैदान रणक्षेत्र में तबदील हो गया। बैरिकेडिंग पर चढ़कर उसे पार करने की कोशिश कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच संघर्ष हुआ, कार्यकताओं ने आक्रमक कार्रवाई कर रहे जवानों पर जहां पत्थर फेंके वहीं जवानों ने एक के बाद एक कई आंसू गैस के गोले दागे। जिसमें कई कार्यकर्ता घायल हो गए जबकि छह से सात जवानों के घायल होने की भी सूचना है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पुलिस पर रैली में आंसू गैस के गोले से हमला करने का आरोप लगाया। मालूम हो कि भारतीय जनता युवा मोर्चा ने झारखंड में बेरोजगारी, सरकारी नौकरी की परीक्षाओं में धांधली, रिजल्ट में देर, अनुबंध कर्मियों के स्थायीकरण जैसे सवालों को लेकर रांची के मोरहाबादी मैदान में युवा आक्रोश रैली आयोजित की थी, इसमें राज्य भर से भारी संख्या में युवा और भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे थे। पहले तो उनके वाहनों को शहर में प्रवेश नहीं करने दिया गया और कई स्थानों पर बड़े वाहन रोक दिए गए। इससे कार्यकताओं को रैली स्थल पर पहुंचने में काफी परेशानी हुई। वहीं मोरहाबादी मैदान में थ्री लेयर कंटीले तार से घेराबंदी कर दी गई थी। सारी बाधा पार कर कार्यकर्ता रैली में शामिल होने पहुंचे। प्रशासन ने मैदान को छोड़कर पांच सौ मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा का एलान किया था।





#### 100 दिन से भी कम बची है हेमंत सरकार की आयु : मरांडी



युवा आक्रोश रैली में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज से हेमंत सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। सौ दिन से भी कम आयु इस सरकार की है। जो भी पुलिस और प्रशासनिक पदाधिकारी सरकार के टूल्स की तरह काम कर रहे हैं उन्हें भी चिह्नित किया जाएगा। कार्यकर्ताओं पर जिस प्रकार का रवैया राज्य सरकार ने दिखाया वह कायरतापूर्ण है। बर्बर तरीके से आंसू गैस और वाटर कैनन का प्रयोग किया गया। ये आंसू गैस के गोले, वाटर कैनन के फव्वारे और कंटीले तारों की घेराबंदी भी अब हेमंत सरकार को नहीं बचा पाएंगे।

#### सरकार ने जो भी वादा किया, एक भी पूरा नहीं किया : अर्जुन मुंडा



पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि राज्य की दशा और दिशा से आप सब परिचित हैं। सरकार ने जो भी वादा किया, एक भी वादा पूरा नहीं किया। चाहे युवा हो, किसान हो, महिला हो, दलित हो, आदिवासी हो, पिछड़ा हो, सामान्य हो, किसी वर्ग को कुछ नहीं मिला। ना युवाओं को नौकरी मिली, ना महिलाओं को सम्मान मिला। यह दुर्दशा इस सरकार गठन के प्रारंभ से ही देखा जा रहा है। यह परिवारवादी सरकार बात आदिवासियों की करती है लेकिन एक आदिवासी मुख्यमंत्री को हटाने के लिए कैसी नीति अपनाई गई, देखा गया। यह सरकार हर मोर्चे पर विफल है।

**हेमंत के सारे वादे झूठे, हिसाब मांगने आए युवा :** रैली को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने युवाओं से जितने भी वादे किए थे, उनमें से एक भी पूरा नहीं हुआ। आज इस रैली में युवा हेमंत सोरेन के झूठे वादों का हिसाब मांगने पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि अगर हेमंत सोरेन में थोड़ी सी भी नैतिकता बची है तो उन्हें राज्य के युवाओं से माफी मांगनी चाहिए। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि परिवारवाद में डूबी हेमंत सोरेन सरकार आदिवासियों की बातें करती है और दूसरी तरफ परिवार के बाहर के आदिवासी नेता चंपई सोरेन को सीएम की कुर्सी से बेइज्जत कर उतार देते हैं। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, भाजयुमो के राष्ट्रीय महामंत्री रोहित चहल, भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज सहित कई अन्य नेताओं ने भी रैली को संबोधित किया। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि रैली में आ रहे युवाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं को कोडरमा, बोकारो, गिरिडीह, पलामू, रांची, हजारीबाग, धनबाद, जामताड़ा सहित कई जिलों में रोका गया।

**कार्यकर्ताओं का लहू सरकार को उखाड़ फेंकेगी : अमर बाउरी**

जिस तरह से निहत्थे कार्यकर्ताओं पर लाठियां बरसाई गई, आंसू गैस के गोले शेष पृष्ठ 09 पर

# जिनके खिलाफ जनता में आक्रोश वहीं निकाल रहे जनाक्रोश रैली : हेमंत

**- मुख्यमंत्री ने पूर्व सांसद की दिवंगत पुत्री को दी श्रद्धांजलि**



**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि जिन लोगों के खिलाफ जनता में आक्रोश है, वही जनाक्रोश रैली निकाल रहे हैं। भाजपा अपनी कमियों को छुपाने के लिए दूसरों पर दोषारोपण कर रही है। जनता भाजपा की करतूतों को भली-भांति जान गयी है। सीएम पूर्व सांसद शहीद सुनील महतो और पूर्व सांसद सुमन महतो की पुत्री अंकिता महतो को श्रद्धांजलि देने जमशेदपुर पहुंचे थे। उनके साथ उनकी पत्नी और गांडेय की विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन भी थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में भाजपा के पैर के नीचे से जमीन खिसक रही है, इसलिए अस्तित्व बचाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है, ताकि गिरती साख को बचाया जा सके। जनता ने तय कर लिया है कि भाजपा को सत्ता पर किसी भी कीमत पर काबिज नहीं होने देंगे। आसन्न झारखंड विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को हाशिये पर धकेल देगी। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की पार्टी से नाराजगी के बारे में पत्रकारों ने पूछा, तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि उन्हें चंपाई सोरेन की नाराजगी के बारे में कोई जानकारी नहीं है। जब उनकी नाराजगी का मामला उनके पास आयेगा, उसे गंभीरता से लेंगे और उस पर विचार करेंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पूरे दम-खम के साथ अपने सहयोगी दलों के साथ चुनावी मैदान में उतरेगी।

# क्या पुरानी पेंशन बहाल करेंगे मोदी?

**सरकारी संगठनों के साथ पीएम की होगी बातचीत**

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एक तरफ नौकरी नहीं मिल रही है, दूसरे तरफ जो नौकरी कर रहे हैं वे पुरानी पेंशन को लागू करने की मांग को लेकर सरकार नई पेंशन योजना के विरोध में रेल व चक्का जाम करने की बात कह रहे हैं। लोकसभा चुनाव के पहले ही ये देश व्यापी हड़ताल करने वाले थे। लेकिन सरकारी के हुक्मरानों के आश्वासन तथा कुछ माह और की मोहलत माँगने पर पर भरोसा करके उस समय हड़ताल नहीं किये। लेकिन उसके बाद 'भईल बियाह मोर करब का' के अंदाज में सरकार अपने काम में मशगूल हो गई, तो आने वाले चार राज्यों के विधान सभा चुनाव के पहले ही मौका अच्छा जानकर सरकारी कर्मचारियों ने फिर से अपने मांग को लेकर और नई पेंशन स्कीम के विरोध में हड़ताल करने की धमकी दे दी। तब प्रधानमंत्री कार्यालय ने कर्मचारी यूनियन के नेताओं को पत्र भेजकर शनिवार 24 अगस्त को पीएम मोदी के साथ इस पर चर्चा के लिए आमंत्रित किया है। बीते बजट सत्र में संसद में पेश बजट के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी इसमें सुधार का आश्वासन दिया था। अब देखिए शनिवार को पीएम के साथ बैठक के बाद क्या होता है? चर्चा है कि प्रधानमंत्री आवास पर होने वाली इस बैठक में यदि पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू होना तय हो जाता है, तब तो देश भर के सरकारी कर्मचारियों के लिए खुशी का बड़ा तोहफा होगा।

# जलाशयों पर अतिक्रमण करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें : हाई कोर्ट




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट जलाशयों के आसपास हो रहे अतिक्रमण पर सख्त है। हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण राय की खंडपीठ ने शुक्रवार को धुर्वा डैम, गेतलसूत डैम, कांके डैम और हरमू नदी समेत अन्य जलाशयों पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिया है। कोर्ट ने तीन सप्ताह में अतिक्रमण हटाने को लेकर वृहद अभियान चलाने का निर्देश दिया है। साथ ही अदालत ने राज्य सरकार और रांची नगर निगम को इस संबंध में एक्शन प्लान बनाने का भी निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि लगातार ग्राउंड वाटर के नीचे जाने की वजह से हम रिजर्व वाटर बॉडी पर आश्रित हो रहे हैं। ऐसे में यदि यह भी अतिक्रमण का शिकार हो जाएंगे तो सप्लाई वॉटर का विकल्प भी समाप्त हो जाएगा और भविष्य में हमें एक गहरे जल संकट से जूझना होगा। इसलिए जरूरी है कि इनके अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई हो। रांची के बड़ा तालाब और जिले के आसपास के जल स्त्रोतों को संरक्षित करने व इसमें हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर झारखंड हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। जनहित याचिका में कहा गया है कि बड़ा तालाब, कांके डैम और धुर्वा डैम की सैकड़ों एकड़ जमीन अतिक्रमणकारियों ने हड़प ली है और वहां मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है, जिसका बुरा असर जलाशयों पर पड़ रहा है।

## इंडिया

# सोशल मीडिया से फैलता राजनीति का बारूद



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

सस्ते स्मार्ट फोन और फ्री डाटा के साथ सूचना क्रांति का एक और हमला हुआ तो इसे किसी ने वैसा खतरा नहीं बताया जैसा अभी सोशल मीडिया रूप ले चुका है। आज देश के किसी भी हिस्से में कोई भी मामूली घटना सनसनी बनकर कब देश विदेश में फैल जाएगी कोई नहीं जानता.किसी भी घटना को मोबाइल में कैद करते अनगिनत हाथ कब उसे लाइव या अपनी समझ से किस रूप में फैला देंगे कोई नहीं जानता। अनेक ऐसे मामलों में निहित स्वार्थ में झूठी और नफरत फैलाने वाली बातें जानबूझकर फैलाई गईं जिससे दंगे फसाद हुए .हर हाथ में मोबाइल के इस नए युग में एक अनूठी बेलगाम गैर जिम्मेदार नए ढंग की पत्रकारिता में कोई संपादन नहीं होता और सबसे खतरनाक यह है कि इसके भयंकर कुपरिणाम अभी आने शेष हैं जिससे ऐसा भ्रम फैलेगा कि मीडिया की विश्वसनीयता पर सवाल उठने लगेंगे. पढ़ा लिखा परिपक्व वर्ग इसे व्हॉट्सएप यूनिवर्सिटी बोलकर गंभीरता से नहीं लेता पर भारत का एक बहुत बड़ा वर्ग जो बहुत पढ़ा -लिखा या मानसिक रूप से परिपक्व नहीं है वह झूठी गढ़ी हुई या फोटोशॉप की हुई तस्वीरों या आधुनिक कृत्रिम मेधा द्वारा तैयार सोशल मीडिया सामग्री को सच मान लेता है और उसपर चर्चा भी करता है उसे फैलाता है। जाति, धर्म, राजनीति और अन्य संवेदनशील मुद्दों पर आधारित ये यह जहर तेजी से समाज में फैल रहा है जिसमें कहीं धर्म संकट में है तो कहीं मजहबी पहचान खतरे में है .इतिहास भूगोल की झूठी जानकारी और चरित्र हनन के हजारों फोटो,वीडियो इंस्टा,फेसबुक,रील और यूट्यूब के अलावा व्हॉट्सएप के माध्यम से विभिन्न राजनैतिक पार्टियों,धार्मिक उन्माद फैलाने वाले षड्यंत्रकारियों से लेकर देश के दुश्मनों द्वारा फैलाई जा रही हैं जिससे समाज के अंदर एक जहरीला बारूद फैलता जा रहा है जिसे बस किसी घटना की माचिस का इंतजार है और जिस दिन ये आग लगेगी उस दिन नफरत का दावानल कहां तक पहुंचेगा कहना मुश्किल है. इस आग को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करने की ताक में पहले देश के दुश्मन रहा करते थे पर इससे भेदभाव फैलाकर या अपना पक्ष उज्ज्वल बताकर चुनाव जीतने की दौड़ में अनेक राजनैतिक दल भी शामिल हो गए हैं।




इसका प्रमाण है अनेक जातीय धार्मिक दंगों की रिपोर्ट। झारखंड जैसा साफ सुथरा राज्य भी अब जातीय धार्मिक पहचान के रंग में रंगता जा रहा है। गांव से लेकर सुदूरवर्ती दुर्गम इलाकों तक में झंडों से लेकर जातीय धार्मिक पोशाक और पर्व त्योहारों में शक्ति प्रदर्शन और उसके वीडियो एक प्रतिस्पर्द्धा का रूप ले चुके हैं। झारखंड के अनेक गांवों में आपसी सौहार्द और सद्भावना के बजाय बातचीत में छींटाकशी से लेकर पलामू सहित माओवाद प्रभावित जिलों में अगड़े पिछड़े, धर्म और जातीय विद्वेष फैलाकर राजनीति चमकाने के संगठित प्रयास अभियान का रूप ले चुके हैं। सिंहभूम,पलामू,गुमला और माओवाद प्रभावित अनेक जिलों के सुदूरवर्ती गांवों में सरकारी गाड़ी सुरक्षा कारणों से भले ना घुस पाए पर समाज सेवा,चिकित्सा और जागरूकता के नाम पर विशिष्ट कोड अंकित वाहनों का प्रवेश धड़ल्ले से होता है। माओवादी, जातीय और धार्मिक संगठनों के अलावा राजनैतिक गतिविधियों वाली कुछ गाड़ियां नियमित रूप से घूमती है। कुछ संदिग्ध स्वयंसेवी संस्थाओं के बारे में चर्चा है कि वे गांवों से प्राप्त आंकड़ों को विकास कार्यों के अलावा विदेशों तक पहुंचाती हैं जिनकी जांच से बहुत से खुलासे हो सकते हैं। स्थिति इतनी भी नहीं बिगड़ी कि संभाली न जा सके। आज की आवश्यकता है कि जिस प्रकार राज्यों में कार्यरत विशेष पुलिस फोर्स को मिलिट्री की ट्रेनिंग दी गई है उसी प्रकार राज्यों की साइबर सुरक्षा गतिविधियों को प्रशिक्षण और सुविधाएं देकर तेज किया जाए जो समाज में फैल रही भ्रामक सूचनाओं पर नजर रख सके अन्यथा घृणा का यह खेल गोला बारूद से भी अधिक घातक सिद्ध होगा। भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय की तरफ से फैक्ट फाइंडिंग वेबसाइट भी चलाई जा रही है जिसमें झूठी खबरों और चित्र या वीडियो की जानकारी तुरंत मिल जाती है। इसी प्रकार रिवर्स सर्च की सुविधा गूगल प्रदान करता है जिससे इसकी जानकारी आसानी से मिल जाती है। संदिग्ध लोगों से सोशल मीडिया में दोस्ती करने और मैसेज फॉरवर्ड करने से भी बचना चाहिए।

## एक नजर

### वाहन चेकिंग अभियान, 15 दो पहिया जब्त

**मेदिनीनगर।** कचहरी चौक एवं रेड़मा चौक पर शुक्रवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया । इसके तहत चार पहिया एवं दोपहिया वाहनों की जांच की गई। दो पहिया वाहन के कुछ चालकों बगैर हेलमेट एवं ट्रिपल लोड थे और बिना लाइसेंस के गाड़ी चला रहे थे । उनके वाहनों को जब्त कर शहर थाना में रखा गया है। जब्त सभी 15 दो पहिया वाहनों को परिवहन कार्यालय डाल्टनगंज फाइन हेतु भेजा गया है।

### ऑनलाइन होगा फसल बीमा का पंजीकरण

**मेदिनीनगर।** जिला कृषि पदाधिकारी ने प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, जनसेवक व कृषि मित्रों को आदेश जारी किया है। जिसमें बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 2024 - 25 का सफल क्रियान्वयन अतिआवश्यक और अतिशीघ्र करने का निर्देश दिया गया है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्योति रंजन ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत कृषकों को अधिक से अधिक आच्छादित करने और योजना का प्रचार प्रसार करने का दिशा निर्देश प्राप्त है। उन्होंने कहा कि बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को वर्ष 2024 - 25 से पूरे झारखंड राज्य में कार्यान्वित की जा रही है। जिसके अन्तर्गत मौसम खरीफ 2024 - 25 में अगहनी, धान, भदई, मकई फसलों का बीमा किया जाना है। इस योजना का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31अगस्त तक निर्धारित है।

### झामुमो ने झारखंडी अधिकार मार्च निकाला

# केन्द्र की सरकार झारखंडियों के अधिकार को छीनने में लगी है: राजेन्द्र सिन्हा




**पैदल मार्च यात्रा में नेता व कार्यकर्ता रहे शामिल**

अधिकार मार्च में पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी, उपाध्यक्ष कमल खान राकेश सिन्हा, असफर रब्बानी , रंजन चंद्रवंशी कोषाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह, संगठन सचिव अनुराग प्रताप सिंह, विवेक सिंह, नगर अध्यक्ष रंजीत जैसवाल, वरीय नेता अविनाश देव, दीपक तिवारी, हाजी ललन साहब, अखिलिश सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ,सचिव आशुतोष विनायक कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज कन्हैया दुबे, रणजीत तिवारी अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष फजैल अहमद कोषाध्यक्ष मन्नत सिंह बग्गा अल्पसंखयक नगर अध्यक्ष सोनम राइन, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष ललन चौधरी, महिला मोर्चा नेत्री रजिया नियाजी, कांति चंद्रवंशी, छात्र मोर्चा अध्यक्ष कौशल किशोर, शोरभ पाठक सदर प्रखण्ड अध्यक्ष संजय तिवारी रणधीर पासवान, लेस्लीगंज प्रखंड अध्यक्ष नावलेश मेहता, ऋषि राज, प्रिंस कुमार गोलू कुमार,सूरज कुमार, आकाश कुमार, रहांश कुमार, अतुल कुमार, संतोष शर्मा, दिनेश सोनी, अंकू जयसवाल सन्नी शर्मा मौजूद थे।

**◀◀ झारखंड के हक और अधिकार की लड़ाई सिर्फ और सिर्फ हेमन्त सोरेन ही लड़ सकते हैं**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झामुमो के पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में झामुमो के नेता और कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च किया। यह मार्च झामुमो जिला कार्यालय से बाजार भ्रमण करते हुए कचहरी तक गया। झामुमो ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि भाजपा की नेतृत्व वाली केंद्र की सरकार द्वारा झारखंड के हक और अधिकार को लगातार कुचला जा रहा है। भाजपा की सभी नीति और कार्यक्रमों में झारखंड की उपेक्षा की जा रही मार्च का संचालन सचिव सन्नू सिद्धिकी ने किया। झामुमो अध्यक्ष सिन्हा ने कहा कि झारखंड के हक और अधिकार की लड़ाई सिर्फ और सिर्फ हेमन्त सोरेन ही लड़ सकते हैं। झामुमो ने लड़ कर झारखंड को अलग कराया था। झामुमो की नेतृत्व वाली सरकार ने अपने नेता हेमंत सोरेन के नेतृत्व में केंद्र सरकार से लड़ झारखंड के हक का 1 लाख 36 हजार करोड़ वापिस लाया है। केन्द्र की सरकार झारखंडियों के अधिकार को छीनने में लगी है। वहीं हमारे मुख्यमंत्री जी ने माताओं बहनों को मईया सम्मान योजना के रूप में उनका अधिकार दिया है। अबुआ आवास, 200 यूनिट बिजली फ्री जैसी योजनाएं झामुमो सरकार चला रही है। भाजपा ने बाहरियों के साथ मिल कर युवा हितैषी झारखंडी नियोजन नीति को रद्द करवाया है। सरना धर्म कोड और 1932 का खतियान लागू हो ये झारखंड भाजपा के लोग और केंद्र की सरकार नहीं चाहती है।

### जेएलबीइएफ अपनी मांगो के समर्थन में अनिशितकालीन हड़ताल पर

**मेदिनीनगर।** झारखंड लोकल बॉडिज इम्पाईज फेडेरेशन ने शुक्रवार 23 अगस्त से अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। फेडेरेशन ने सरकार से छह सूत्री मांगों के समर्थन में यह हड़ताल किया है। उनकी मांग है कि निकाय में कार्यक्रम श्रमिक,दैनिककर्मी,मानदेयकर्मी सेवा को नियमित किया जाय। साथ ही निकाय से सेवा निवृत होने वाले कर्मियों का तमाम सेवा निवृति लाभ का भुगतान सरकार अपने कोष करे। इसके अलावे निकाय निगम के उच्चतर पदों पर निकायकर्मियों से ही प्रोन्नति की व्यवस्था की जाये। साथ ही आउटसोसिंग मजदूरों की मजदूरी का भुगतान सरकार अपने खजाने से कर भ्रष्टाचार को समाप्त करे ओर कर्मियों को जीवन बीमा और चिकित्सा का लाभ राज्य सरकार ही प्रदान करे। झारखंड लोकल बॉडिज इम्पाईज फेडेरेशन के सदस्यों का कहना है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं की जाती तब तक वे हड़ताल पर बैठे रहेंगे।

### हथियार के बल पर जेवर और नगद लेकर फरार हुए डकैत

# बजराहा के दो घरों में भीषण डकैती, घर वालों को बंधक बनाकर दिया घटना को अंजाम



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत बजराहा के दो घरों में भीषण डकैती की घटना घटित हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डकैत 15 की संख्या में आए थे। सभी डकैत हथियार से लैस थे। वे अपने आप को नक्सली बता रहे थे। घटना गुरुवार रात के 12:00 बजे के लगभग की है। डकैत अपने आप को नक्सली बता रहे थे। डकैतों ने संदीप राम नामक पुलिस के जवान

**▶ घटना में पुलिस परिवार के लगभग दो लाख रुपये के गहने एवं 32 हजार नगदी डकैत अपने साथ ले गए**

तथा उसके बड़े भाई के घर को अपना निशाना बनाया। जानकारी के मुताबिक डकैत पहले लकड़ी की सीढ़ी लगाकर छत पर सीढ़ी लगाकर आए। डकैती की जानकारी मिलने पर सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात की। डकैतों ने परिवार वालों को बंधक बनाकर गहने और नगदी भी लूट लिया। संदीप का घर लूटने के बाद संदीप के पिता को बंदूक की नोक पर बंधक बनाकर बड़े बेटे का घर खुलवाया। इसके बाद बड़े बेटे लालसु राम के घर में भी रखे जेवरात और नगदी साथ में ले गए। घटना में पुलिस परिवार के लगभग दो लाख रुपये के गहने एवं 32 हजार नगदी डकैत अपने साथ ले गए। घटना में संबंध में सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार ने बताया कि घटना में शामिल लुटेरे पेशेवर अपराधी मालूम पड़ते है। वे जान बूझकर अपने आप को नक्सली बता रहे थे। पीड़ित परिवार द्वारा थाने में आवेदन दिया गया है। पुलिस द्वारा अपराधियों की धर पकड़ के लिए कार्रवाई जारी है।

### मुस्सफिल लिपिक मोर्चा की हड़ताल जारी

# समान कार्य के बदले समान वेतन लागू हो : राजीव रंजन पांडेय



**मांगे नही माने जाने पर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने की चेतावनी**

शशिकांत पांडे ने कहा कि सरकार यदि है हमारी मांगों को पूरा नहीं करती है तो मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने हेतु राज्य स्तर पर रणनीति बनाई जा रही है। उपस्थित लिपिकों द्वारा एक स्वर में कहा कि सरकार हमारी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करें। सभा को सेवा निवृत्ति प्रधानाध्यापक वीरेंद्र द्विवेदी ने संबोधित किया गया। हड़ताल में प्रमुख रूप से प्रमंडल संवर्ग के वरीय लिपिक संजीव कुमार कर्ण, ईश्वरी दयाल राम, विनय कुमार सिंह, प्रेम कुमार पाठक, प्रशांत बिहार, लल्लू साहू, सीमा कुमारी, ज्योति देवी, मनोज कुमार पासवान, रही पासवान, वीरेंद्र शुक्ला, सुशील कुमार सिंह, नवीन कुमार पांडे, राम लखन सिंह, अविनाश कुमार भारती, दीपक कुमार मिश्रा, मनी यस राज, वीना देवी, मीना कुजूर, अनिल पासवान उमा कांत सिंह के साथ जिले के सभी उच्च विद्यालय, सभी प्लस टू उच्च विद्यालय के लिपिक उपस्थित थे।

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य मुस्सफिल मोर्चा के आह्वान पर पलामू शिक्षा विभाग के प्रमंडलीय संवर्ग एवम जिला संवर्ग के सभी लिपिक 16 अगस्त से अपनी दो सूत्री मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हड़ताल के आठवें दिन सभी लिपिकों ने सरकार से अपनी प्रमुख मांगों के समर्थन में धरना दिया। प्रमंडलीय संयोजक राजीव रंजन पांडे ने बताया कि सभी संवर्ग के लिपिक के लिए एक समान सेवा शर्तें एवं प्रोन्नति नियमावली नहीं रहने के कारण दूसरे संवर्ग में 2004 के बाद नियुक्त लिपिकों का वेतन प्रमंडलीय संवर्ग में 2004 के पूर्व नियुक्त लिपिकों से भी ज्यादा है। इसलिए हम लोग मांग करते हैं कि सरकार इस पर ध्यान देते हुए समान कार्य के बदले समान वेतन दिया जाए। मुस्सफिल लिपिक मोर्चा के प्रमंडल अध्यक्ष महेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि हमारी मांग जायज है और सरकार हमारी मांग को पूरा करें अन्यथा पूरे राज्य भर के लिपिक मोर्चा उग्र आंदोलन करेंगे। प्रमंडलीय संयोजक रवि रंजन पाठक उर्फ सोनू पाठक ने वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग के लिपिकों को अपनी मांग के समर्थन हेतु हड़ताल में शामिल होने का अनुरोध किया।

### सरकार संघ की मांगों को गंभीरता से नहीं ले रही है: सिंह

**मेदिनीनगर।** शुक्रवार को झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ पलामू के द्वारा 32 वें दिन स्थानीय समाहरणालय परिसर में अपनी मांगों के समर्थन में धरना दिया गया। धरना में जिले के सभी मनरेगाकर्मी उपस्थित थे। धरना की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने की। इस मौके पर सभी मनरेगाकर्मी उपस्थित थे। पंकज सिंह ने कहा कि सरकार संघ की मांगों को गंभीरता से नहीं ले रही है। मौजूद मनरेगाकर्मियों ने मांगे पूरी होने तक यहां डटे रहने का संकल्प दुहराया। मौके पर जिला संयोजक चंद्रशेखर दुबे, जिला महासचिव पवन, जिला उपाध्यक्ष नारद पाहन, जिला उपाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार, अख्तर हुसैन सहित कई मनरेगा कर्मी उपस्थित थे।

### वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की हो रही सफाई, एक सप्ताह और पानी की आपूर्ति रहेगी बाधित

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पंपूकल स्थित वाटर प्लांट से शहर के लगभग 3.5 लाख लोगों को पानी मिलता है। इन दिनों उसकी सफाई चल रही है। बता दें कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की सफाई साल में एक बार की जाती है, जिसके लिए लाखों रुपए खर्च होता है। इस वर्ष 17 अगस्त से प्लांट के सफाई कार्य शुरू किया गया है। जिसे साफ होने में अभी एक सप्ताह का और समय लगेगा। पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के पंपूकल स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से रोजाना 48 लाख लीटर पानी शहर वासियों को आपूर्ति होती है। यह शहर के लिए पानी का सबसे बड़ा भंडार है। यहीं से पूरे शहरी क्षेत्र के लिए पानी की आपूर्ति किया जाता है। अगर गर्मी व बरसात की बात की जाये तो अल्प काल को छोड़कर प्रतिदिन शहरवासियों को पानी का अपूर्ति किया जाता है। गर्मी के मौसम में नदी में पानी सूख जाने के कारण चैनल बनाकर पानी आपूर्ति किया जाता है। इसी प्रकार बरसात के मौसम भी नदी में पानी भर जाने के कारण तकनीकी परेशानियों के कारण कुछ दिनों तक पानी आपूर्ति बाधित रहता है। पंपूकल से ही पूरे शहर वासियों को पानी मिलता है। पाइपलाइन इंस्पेक्टर संजय गुप्ता ने बताया कि साल में एक बार बरसात के दिनों में इसकी सफाई की जाती है, क्योंकि गर्मी के दिनों में पानी का लेयर नीचे चला जाता है। इस वजह से शहर वासियों को रोजाना पानी देना आवश्यक होता है। इसके बाद बरसात के दिनों में पानी का लेयर आने के बाद प्लांट की सफाई की जाती है, ताकि लोगों को परेशानी न हो।

## प्रतियोगिता

### डीएवी के 10 क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों ने किया प्रदर्शन

# हार को स्वीकार करने वाला ही जीवन में कुछ सीखता है : एसडीपीओ

**☐ खेल का मैदान सिखा रहा है नया जीवन कौशल: डॉ. खान**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में शुक्रवार को नेशनल स्पोर्ट्स 2024 की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता शुरू हुई । यहां भारोतोलन एवं रोप स्किपिंग की प्रतियोगिता हो रही है। डीएवी के 10 क्षेत्रो के 82 स्कूलों से आए 256 खिलाड़ी शानदार खेलों का शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि राकेश सिंह आईपीएस सीडीपीओ पलामू ने किया । कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों के स्वागत, तिलक एवं मंत्रोचार के बीच दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात सभी ने डी.ए.वी गान गया। विद्यालय के छात्र आयुष दुबे ने आगंतुक खिलाड़ियों को खेल की शपथ दिलाई। मास्टर आयुष दुबे प्रतियोगिता की मशाल लेकर मैदान में दौड़े और रिया, प्रिया, कोमल ने इसे मशाल कुंड तक पहुंचाया । राकेश सिंह ने कहा कि खिलाड़ी अपने खेल का उत्तम प्रदर्शन करें । इस खेल में कोई हारेगा तो कोई जीतेगा । इससे निराश होने की आवश्यकता नहीं है। हार को स्वीकार करने वाला ही जीवन में कुछ सीखता है। इसी प्रकार खेल की कमियों को नजर अंदाज कर आगे की तैयारी करने वाला ही अच्छा खिलाड़ी बनता है। उन्होंने अंत में इन खिलाड़ियों को ओलंपिक तक पहुंचने की शुभकामना दी। इस अवसर पर डीएवी इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजीव श्रीवास्तव, स्थानीय प्रबंधन समिति के सदस्य डॉ. जय कुमार, सूबेदार कामाख्या नारायण सिंह, गुरवीर सिंह, सूबेदार बृजेश शुक्ला,उनकी धर्म पत्नी संजू शुक्ला, बलराम उरांव, डॉ. ए अंसारी, रोटरी स्कूल के प्राचार्य अशलेश पांडे, पीपी. गुप्ता, राहुल सिंह, श्री शततरु राय, डी.ए.वी पब्लिक स्कूल गुमला के प्राचार्य डॉ. आरके. साहू , खलारी के प्राचार्य कमलेश कुमार, भवनाथपुर के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा, गढ़वा के प्राचार्य अजय कुमार चौबे, लातेहार के प्राचार्य जीके.सहाय मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मीनाक्षी करण, प्रतिमा वर्मा, सुदेशना राय, जितेंद्र तिवारी, विद्या वैभव भारद्वाज ने किया।



**खेल में कोई जीतता है तो कोई जिताता है, इसलिए निराश ना हो : डॉ. जीएन. खान**

प्राचार्य डॉ. जीएन. खान ने आगत अतिथियों के साथ मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया। डॉ. खान ने छात्रों से कहा कि खेल में कोई जीतता है तो कोई जिताता है, इसलिए निराश ना हो। उन्होंने बताया कि डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स एसजीएफआई द्वारा मान्यता प्राप्त है । अतः छात्रों को इसका लाभ उनके उच्च शिक्षा एवं नौकरियों में अवश्य प्राप्त होगा।

**प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे**

समाचार लिखे जाने तक प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे - 14 वर्ष आयु वर्ग बालिका में 76 किलोग्राम भार वर्ग में अभिज्ञा चंद्रा स्वर्ण पदक डी.ए.वी बिस्टुपुर । 17 वर्ष आयु वर्ग बालिका के 59 किलोग्राम भार वर्ग में कोमल गुप्ता स्वर्ण पदक एवं प्रिया कुमारी रजत ने पदक प्राप्त किया, जो एम.के.डी.ए.वी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज की छात्राएं हैं 19 वर्ष आयु वर्ग बालिका एवं 55 किलोग्राम भार वर्ग में इशिका दास स्वर्ण पदक एवं 45 किलोग्राम भार वर्ग में साइमा गनी ने रजत पदक प्राप्त किया ,जो डी.ए.वी बिस्टुपुर, जमशेदपुर की छात्राएं हैं।

## न्यूज बॉक्स

### टेंपो और बाइक की टक्कर में तीन घायल, सभी की स्थिति गंभीर



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के पांकी रोड स्थित टेढ़वा संत जेवियर स्कूल के समीप गत रात्रि टेम्पो और बाइक की टक्कर हो गई । इस घटना में पांकी थाना क्षेत्र के गणेश पुर के रहनवाला युवक रंजीत कुमार वर्मा और सदर थाना क्षेत्र के गुरियाही निवासी आनंद कुमार सहित एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से चोट आई है। स्थानीय लोगों के ने तीनों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। यहां इलाज के बाद भी तीनों घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस घटना के बारे में घायल आनंद कुमार ने बताया कि वह अपने एक मित्र के साथ बाइक पर सवार होकर मेदिनीनगर किसी काम से गया था। इधर से अपने घर गुरियाही लौट रहा था। रास्ते में टेढ़वा पुल के समीप एक अनियंत्रित टेंपो तेजी से आ रहा था उससे बाइक की टक्कर हो गई। सभी घायलों को स्थानीय लोगों के द्वारा सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। जहां पर तीनों घायलों का इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंच गए है। घटना की जानकारी मिलने पर शहर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है।

### दलित आदिवासी व्यावसायिक मंच का जागरूकता शिविर संपन्न



**मेदिनीनगर।** अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति उद्यमियों के लिए जागरूकता शिविर सर्किट हाउस के सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन एससी एसटी हब रांची और एससी एसटी व्यावसायिक मंच पलामू ने संयुक्त रूप से किया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता और संचालन मंच के गणेश रवि ने की। एससी एसटी हब रांची के विवेक कुमार ने हब के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि राज्य सरकार हो या केंद्र सरकार दलित आदिवासियों को उद्यमी बनने के लिए सभी तरह के सर्टिफिकेट जैसे उद्यम जेम ट्रेड्स बीटूबी का रजिस्ट्रेशन कम शुल्कों में बना रही है। दलित आदिवासियों को बैंकों से जोड़कर लोन दिला कर उन्हें व्यवसाय के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रही है। हब के बैंक अधिकारी एसके चौधरी ने कहा कि दलित आदिवासियों को लोन देने में बैंक हर तरह से खड़ी है। शुभम कुमार ने कहा कि सभी तरह के निबंधन के लिए एससी एसटी हब रांची आगे बढ़-चढ़कर कार्य कर रही है। झारखंड के सभी प्रमंडलों में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर दलित आदिवासी व्यवसाईयों को आगे बढ़ाया जा रहा है। कार्यक्रम में विनोद कुमार पासवान, इंद्रदेव राम, सत्येंद्र कुमार, राजेश कुमार, कुश कुमार, गणेश रवि, सुनील गौतम, अमित कुमार,चंदन कुमार,मनोज खाखा,दिनेश कुमार,उमेश कुमार, सुनील भगत, अजय कुमार, कर्मदेव राम सहित काफी संख्या में दलित आदिवासी उद्यमी उपस्थित थे।

### आशी केयर हॉस्पिटल द्वारा 25 को निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन




**मेदिनीनगर।** पांकी रोड़ स्थित आशी केयर अस्पताल 25 अगस्त दिन रविवार को एक बार फिर निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन कर रहा है। उस दिन चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. उदय, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दानिश अहमद और दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. सौरभ जयसवाल मरीजों को देखेंगे। ये सभी डॉक्टर आशी केयर में २५ अगस्त की सुबह दस बजे से दोपहर तीन बजे तक उपस्थित रहेंगे। आशी अस्पताल के निदेशक मनीष तिवारी ने बताया कि आशी केयर अस्पताल ने फिर से जनसेवा की भावना के उद्देश्य निःशुल्क परामर्श शिविर लगाया है। यही कारण है ये शिविर रविवार को लगाया गया है कि ज्यादा से ज्यादा लोग स्वास्थ्य लाभ ले सके और अपने स्वास्थ्य पे प्रति जागरूक रहें । उप निदेशक अमितेश पाण्डेय ने बताया कि इस तरह के शिविर हमेशा लगते रहते हैं, ताकि निर्धन और जरूरतमंद को समय पर निःशुल्क परामर्श मिलता रहे।

### मेगा हेल्थ चेकअप कैंप एवं दवा वितरण करेगा लायंस क्लबः गुरबीर



**मेदिनीनगर।** लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के सौजन्य से द गुरुकुलम इंटरनेशनल स्कूल के तत्वावधान में 25 अगस्त दिन रविवार को प्रातः 8:00 बजे से 12:00 तक द गुरुकुलम इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण चिंयाकी में निः शुल्क हेल्थ चेक अप कैंप एवं दवा वितरण किया जा रहा है । इस संबंध में अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ ने बताया कि लायंस क्लब मेदिनी नगर स्वास्थ्य के क्षेत्र में सेवा के लिए हमेशा सक्रिय रहा है। मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप प्रति माह सभी स्कूलों में लगाते हुए हम सब ब्लॉक एवं ग्रामीण स्तर पर सेवा देने का प्रयास हमारा प्रारंभ हो रहा है,जो निरंतर चलता रहेगा। डॉ. निशांत ने बताया कि बच्चों में दंत रोग की समस्या ज्यादा होती है इसलिए हम लोग स्कूल से इसकी शुरूआत कर रहे हैं। गुरवीर सिंह एवं डॉक्टर निशांत ने बताया कि कैंप संबंधित सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है । अलग-अलग क्षेत्र के विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित रहेंगे रहेंगे। मुख्य रूप से हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रवीण सिद्धार्थ, मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ. रवीश, चर्म रोग रोग विशेषज्ञ डॉ. उदय कुमार, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. निशांत एवं डॉ. विनीत कुमार, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विशाल गौरव, डॉ. अभय कुमार उपस्थित रहेंगे जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं के अलावा समाज के कोई भी व्यक्ति निःशुल्क चिकित्सा लाभ ले सकते हैं। इस कैंप का लाभ उठाने के लिए गुरुकुलम स्कूल में प्रबंधक से संपर्क कर सकते हैं।

# हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में लाखों खर्च के बाद भी स्वास्थ्य सुविधा से वंचित है ग्रामीण



**नवनिर्मित स्वाथ्य भवन तबेले में तब्दील**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** प्रखंड अंतर्गत स्वास्थ्य सुविधाओं का हाल ऐसा है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी सीएचओ के सहारे चल रहा है। साथ ही प्रखंड के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में पदस्थापित चिकित्सा कर्मी को दिया लेकर खोजने पर भी शायद ही मिल जाये। इन सभी से भी अजूबा कार्य बहियार खुर्द पंचायत परसवान ग्राम में पॉवर हाउस के पीछे लाखों की लागत से बने उपस्वास्थ्य केंद्र का है। इस केंद्र की निर्माण हुए करीब पांच वर्ष हो गये लेकिन इस केंद्र में आज तक कोई चिकित्सा कर्मी गये ही नहीं। लाखों की लागत से बना यह भवन आज वीरान पड़ा है। ग्रामीण इस भवन को बैल बकरी को गर्मी बरसात और ठण्ड से बचाने के लिए इसी मार्बल टाइल्स लगे भवन का उपयोग करते है। जिस भवन को जन स्वास्थ्य सेवा के लिए उपयोग होना था वह तबेला बन गया है। ऐसी स्थिति में मौलिक अधिकार का खुलेआम हनन हो रहा है। संविधान में जनता के लिए छः मौलिक अधिकारों का उल्लेख है, जिसमें छठा मौलिक अधिकार संवैधानिक उपचारो का अधिकार है। भारतीय जनता के लिए स्वास्थ्य संबंधित मौलिक अधिकार शामिल है। लाखों की लागत से बना भवन चिकित्साकर्मी विहीन है। इस सम्बन्ध में ग्रामीण गुलाम रसूल ने बताया कि आज से चार पांच वर्ष पूर्व में इस उपस्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य हुआ था, लेकिन पता नहीं किस कारण से इसमें स्वाथ्य कर्मी नहीं आये और स्वास्थ्य सुविधा इस पंचायत में बहाल नहीं हुआ। आज भी इस पंचायत के लोग कोसों दूरी तय कर स्वास्थ्य संबंधित समस्या से निजात पाते है।

**संवेदक द्वारा मुझे हैंड ओवर नहीं किया गयाः चिकित्सा पदाधिकारी**

इस उपस्वाथ्य भवन का शिलान्यास वर्तमान विधायक भानु प्रताप शाही द्वारा किया गया था। भवन तो बन गया लेकिन स्वास्थ्य सुविधा बहाल नहीं हो पाया। इस संबंध में अनुमंडलिय चिकित्सा पदाधिकारी सुचित्रा कुमारी ने बताया कि इस भवन के संवेदक द्वारा मुझे हैंड ओवर नहीं किया गया। समाज सेवी कुलदीप पासवान ने कहा की उपस्वाथ्य केंद्र तो बन कर तैयार वर्षो पहले ही हो चूका है आज इसकी स्थिति बद से बदतर हो गया है लेकिन आज भी इस पंचायत के ग्रामीणों को दूसरे पंचायत में सरकारी चिकित्सा सुविधा के लिए जाना पड़ता है।

## मनरेगा कर्मियों के हड़ताल पर जाने से कार्य प्रभावित

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** केतार प्रखंड के मनरेगा कर्मियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने से सरकार की महत्वकांक्षी योजना मनरेगा काफी प्रभावित हैं। प्रखंड में संचालित 1940 योजनाओं में डिमांड नहीं लगने से मजदूरों को गांव में रोजगार नहीं मिल रहा है, इसलिए वो अब दुसरे राज्यों में पलायन करने को विवश हैं। प्रखंड में संचालित बिरसा हरित ग्राम आम बागवानी योजना, अबुआ आवास, टीसीबी, मेडबंदी सहित अन्य योजनाएं पुरी तरह प्रभावित हैं। प्रखंड में वित्तिय वर्ष 2024-25 में 235 एकड़ भूमि पर आम बागवानी योजना लगाने का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन इसमें भी काम नहीं हो रहा है। लाभुक गड्ढा खोदकर खाद, कीटनाशक और पौधा मिलने का इंतजार कर रहे हैं। बारिश का मौसम निकल जाने के बाद पौधारोपण का काम भी प्रभावित हो जायेगा। केतार प्रखंड में 10 हजार सक्रिय मजदूर हैं। इनमें लगभग 4 हजार मजदूर प्रतिदिन मनरेगा योजना में काम करते थे। जो मनरेगा कर्मियों के हड़ताल के कारण यह आंकड़ा गीर गया है। प्रखंड में कुल दस मनरेगा कर्मी है जिनमें बीपीओ, एई,जेई, रोजगार सेवक और लेखापाल शामिल हैं। हड़ताली मनरेगा कर्मियों का कहना है कि हम लोग बरसों से दिन-रात मेहनत कर रहे हैं लेकिन सरकार हमारे भविष्य को लेकर तनिक भी चिंतित नहीं हैं।

## सोन नदी से महिला का शव बरामद, हत्या की आशंका

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के लोहरगाड़ा पंचायत के मेरौनी गांव के समीप सोन-पंडा नदी संगम के पास शुक्रवार की सुबह सोन नदी से अज्ञात महिला का शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी है। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। उक्त अज्ञात महिला के शव का मुंह कपड़ा से और पैर रस्सी से बंधा हुआ था, शव आधा सड़ चुका है। आशंका जताई जा रही है कि किसी ने उक्त महिला के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसके मुंह और पैर बांध कर सोन नदी में फेंक दिया है। महिला राजस्थानी बड़ी बाजू वाली ढीला ब्लाउज व घाघरा पहनी हुई थी। सबसे पहले गांव के ग्रामीणों ने सोन नदी किनारे झाड़ियों में फंसे शव को देखकर मुखिया नीलम देवी व ओपी प्रभारी को जानकारी दी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे हरिहरपुर ओपी प्रभारी राजीव रंजन ने शव को नदी से बाहर निकलवाने के पश्चात कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया की प्रथम दृष्टया उक्त महिला की किसी ने हत्या कर सोन नदी में फेंक दिया है, शव दुसरे क्षेत्र से सोन नदी में बहकर आई है।



## सीएसपी बैंक में चोरी करने का प्रयास

**नवीन मेल संवाददाता**

**विशुनपुरा।** मुख्यालय झारखंड राज्य ग्रामीण वैंक के पास बीती रात्रि एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र वैंक लूट का असफल प्रयास करने का मामला सामने आया है। ग्राहक सेवा केंद्र विशुनपुरा झारखण्ड राज्य ग्रामीण वैंक भवन के पहली मंजिल पर है। जानकारी के अनुसार ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक मदन प्रसाद गुप्ता प्रत्येक दिन की तरह बीती गुरुवार को शाम 8 बजे वैंक बंद कर घर चले गए थे। दूसरे दिन शुक्रवार की सुबह जब बैंक खोलने पहुंचे तो देखा कि ग्रिल का दरवाजा में लगा ताला छतिग्रस्त था, लेकिन टाला खुला नही था। सीसीटीवी का तार निकाला हुआ था। इसके बाद वैंक संचालक लूट की असफल आशंका से सकते में आ गया। तत्काल इसकी जानकारी विशुनपुरा थाना को दिया। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह ने घटना की जानकारी लिया। उंसके बाद पुलिस ने छतिग्रस्त ताला को चाभी से खोलने का प्रयास किया, लेकिन ताला नही खुला। इसके बाद ताला को तोड़वाया गया। घटना स्थल पर लोहे का कुंडी, ब्लेड, ईंट पाया गया। पुलिस सीसीटीवी खंगालने में लगी है। अपराधी पकड़ में नही आया है। मालूम हो कि आये दिन विशुनपुरा मुख्यालय में लगातार छोटी बड़ी चोरी, लूट की घटना सामने आ रही है। छह माह पूर्व ही विशुनपुरा पंचायत भवन का ताला तोड़ कर चोरों ने दो बैटरी को चुरा लिया था, लेकिन अभी तक चोर पुलिस के पकड़ से बाहर है। वहीं विशुनपुरा व्यवसायी प्रशांत गुप्ता के मोबाइल दुकान से लाखों रु की मोबाइल चोरों ने चोरी कर उड़ा ले गये थे। मालूम हो कि मई 2022 में भी सीएसपी संचालक मदन प्रसाद गुप्ता के साथ लूटकांड की बड़ी घटना घटी थी। लूट कांड थाना क्षेत्र के मझिगवां मोड़ के पास लुटेरों ने 4 लाख 53 हजार रु की लूट की घटना को अंजाम दिया था। जिसके बाद से ही सीएसपी संचालक सदमे में थे। घटना को लेकर विशुनपुरा व्यवसायी संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने काफी चिंता व्यक्त किया है। इस तरह की घटना से व्यवसायियों में दहशत का माहौल है। उन्होंने कहा कि मुख्यालय में लगातार चोरी व लूट की घटना घट है, जिससे सभी व्यवसायी असहज महसूस कर रहे है। सुरक्षा को देखते हुए सीसीटीवी कैमरा लगाने के बाद भी घटना को अंजाम दे दिया जाता है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से अविलंब लुटेरों को चिन्हित कर पकड़ने की मांग की है।




## ईविद्या वाहिनी से शिक्षकों और छात्रों का उपस्थिति भेजने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड संसाधन केन्द्र (बीआरसी) कार्यालय केतार में शुक्रवार को मासिक गुरू गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त गोष्ठी में प्राथमिक विद्यालय और मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक शामिल हुए। इस कार्यक्रम में बीपीएम रवि कुमार बैद् ने प्रभारी प्रधानाध्यापकों को शत प्रतिशत एमडीएम एसएमएस रिपोर्ट प्रतिदिन भेजने, किचन शेड मरम्मती कराने, रसोईया को आयुष्मान भारत कार्ड बनवाने और सर्वजन पेंशन योजना का लाभ दिलाने, आठवीं कक्षा के बच्चों को साईकिल वितरण कराने और मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना का लाभ दिलाने, बच्चों को आधार कार्ड बनवाने, प्रीमैट्रिक छात्रवृत्ति योजना से जोड़ने, छात्र छात्राओं का बैंक खाता खुलवाने, ईविद्या वाहिनी से शिक्षकों और छात्रों का उपस्थिति भेजने का निर्देश दिया गया। वहीं वित्तिय वर्ष 2024-25 में सामान्य कोटि के छात्र छात्राओं को मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना का फार्म भरकर बीआरसी कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया। कक्षा एक से आठवीं तक के बच्चों का पोषाक डीबीटी प्रतिवेदन जामा करने का निर्देशित किया गया। वहीं प्रयास कार्यक्रम के तहत बच्चों को विद्यालय से जोड़ने को कहा गया। इस मौके पर एमडीएम आपरेटर राम विजय गुप्ता, प्रधानाध्यापक रामानंद प्रसाद, प्रिंस कुमार, संजीव आनंद, सरिता देवी, अखिलेश मिश्रा, विजय कुमार, धर्मनाथ पासवान, राम प्रवेश मेहता, विरेंद्र राम,दिपक पाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।



### मामले की जांच भारत सरकार के केंद्रीय टीम से कराने की मांग

## एडमिन फंड की 21.62 लाख की फर्जी तरीके हुई निकासी : रामचन्द्र केसरी




**जीएसटी में छेड़छाड़ कर वन की जगह आई बनाकर उक्त राशि की निकासी किया गया है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** सगमा प्रखंड में एडमिन फंड की राशि की फर्जी निकासी के मामले में जांच नहीं होने पर अब उक्त मामले की जांच भारत सरकार के केंद्रीय टीम से कराने की मांग केंद्रीय मंत्री से किया गया है। उक्त बातें पूर्व मंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केसरी ने चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में शुक्रवार को पत्रकारों के साथ बातचीत में कही। उन्होंने कहा है कि सगमा प्रखंड में एडमिन फंड की 21 लाख 62 हजार 975 रुपये की राशि फर्जी तरीके से दो बार में निकासी किया गया है। जीएसटी में छेड़छाड़ कर वन की जगह आई बनाकर उक्त राशि की निकासी किया गया है। उन्होंने कहा है कि इस फजीर्वाड़े में परियोजना पदाधिकारी गढ़वा दीपक कुमार का काफी योगदान रहा है। इस मामले की जांच जिले के उपायुक्त ने दो दो बार अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर के नेतृत्व में टीम बनाकर जांच का आदेश दिया था,लेकिन एसडीओ द्वारा जांच नही किया, क्योकि अनुमंडल पदाधिकारी सगमा बीडीओ सत्यम कुमार के लिये रक्षा कवच की तरह काम करते है। इसके कई प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा जब सगमा बीडीओ कुछ दिनों के लिये धुरकी प्रखंड के प्रभार में भी थे तो प्रभार में आते ही बालू की चोरी कराने लगे। रात्रि 10 बजे खुटिया के गुप्ता गोंड को अपने काम से लौटने के क्रम में मोटरसाइकिल रोककर बिना पूछे सीआईडी कहकर डंडा से पीटने लगे और उसे बेहोश कर दिया। गुप्ता गोंड को न्याय के लिये जिले के उपायुक्त ने एसडीओ को जांच के लिये दिया तथा एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट मांगा। एसडीओ ने एक बीडीओ के विरुद्ध जांच दूसरे प्रखंड के बीडीओ को दे दिया। उन्होंने कहा कि एसडीओ जांच तो करते नहीं है। यदि जांच करते भी हैं तो आरोपी बीडीओ को साथ लेकर जांच करते है। 23 जून 2024 को बीडीओ को जांच में साथ रखने पर घघरी ग्राम के लोगों ने विरोध किया था। प्रेसवार्ता में मथुरा पासवान,अनिल कुमार गुप्ता,रमेश प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

### मेराल प्रखंड के कई गांव का राजद युवा नेता ने किया दौरा, सुनी समस्याएं

**मेराल।** राजद के युवा नेता सह गढ़वा रंका विधानसभा के भावी प्रत्याशी सोनू यादव ने शुक्रवार को मेराल प्रखंड के विभिन्न गांवों का भ्रमण किया। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के लोवादाग,अधौरा ,अधौरी जैसे विभिन्न गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान वे गांवों में जाकर लोगों की समस्याओं को सुना तथा उसका हल कराने का भरपूर आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी विभिन्न तरह की समस्याएं हैं, जिसमें पीने की पानी की सबसे बड़ी समस्या है।अभी भी कई सड़क जर्जर स्थिति में है। विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान के जनप्रतिनिधि को इससे कोई मतलब नहीं है।वर्तमान जनप्रतिनिधि व पूर्व के जनप्रतिनिधियों द्वारा विकास का कोई काम नहीं किया गया है। सभी जनप्रतिनिधि केवल व केवल अपना पेट भरने का काम किये हैं। सोनू यादव ने लोगों से अपील किया है कि राजद से जुड़े व लालू यादव के हाथों को मजबूत करें। इस दौरान भूपेन्द्र यादव,अवध किशोर यादव, अजय ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### 25 को तालीमी बेदारी कांफ्रेंस का आयोजन

**गढ़वा।** जिले के बंधन मैरिज हॉल में आगामी 25 अगस्त को राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन के बैनर तले एक दिवसीय तालीमी बेदारी कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन के जिला अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि आगामी 25 अगस्त को होने वाले कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है, जिसमें झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी मुख्य अतिथि रूप शामिल होंगे। साथ ही आम्या संगठन के अध्यक्ष जनाब समीम अली अंसारी जनाब तौकीर रजा साहब विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम में राज्य एवं दूसरे राज्य के शिक्षाविद्, डॉक्टर, इंजीनियर आदि भाग लेंगे। कार्यक्रम में अंसारी समाज के उत्थान करने पर विशेष चर्चा की जायेगी। मौके पर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अंसारी समाज के लोगों को बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की गई है। होने का आग्रह किया है।

### विभागीय स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन

**भवनाथपुर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर में विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस विभाग में तीन जिला आता है। गढ़वा, पलामू और लातेहार। प्रतियोगिता की शुरूआत विभिन्न स्थानों से आए प्रधानाचार्य एवं संकुल संयोजक द्वारा द्वीप प्रज्वलन व वंदना के साथ किया गया। प्रतियोगिता में स्थान लातेहार,श्री बंशीधर नगर, मेदिनीनगर, जपला , केतार,भवनाथपुर बाजार एवं स्थानीय विद्यालय भवनाथपुर नगर के सभी स्थानों से शिशु वर्ग, बाल वर्ग तथा किशोर वर्ग से कुल 300 भैया - बहन एवं आचार्य, दीदी शामिल हुऐ। इस कार्यक्रम में विज्ञान,वैदिक गणित, संस्कृति बोधमाला,कथा- कथन,त्वरित भाषण,मूर्तिकला की प्रतियोगिता का आयोजन किया गय जिसमें भवनाथपूर नगरी से मूर्तिकला प्रतियोगिता में किशोर वर्ग से बहन रिंकी प्रथम स्थान, बाल वर्ग में भैया आयुष द्वितीय स्थान, संस्कृति बोधमाला में किशोर वर्ग से बहन-सृष्टि,दिव्या भैया- प्रिंस प्रथम स्थान, त्वरित भाषण में बहन माधुरी द्वितीय स्थान पर रहें। प्रतियोगिता में ऑल ओवर चैंपियन सरस्वती शिशु विद्या मंदीर श्री बंशीधर नगर रहा। साथ ही कार्यक्रम में सभी स्थानों से आये भैया बहनों का प्रदर्शन अच्छा रहा। मंच संचालन विद्यालय के आचार्य निशांक, सुश्री ऋतु दीदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की भूमिका एवं विषय प्रवेश श्री बंशीधर नगर के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक द्वारा तथा धन्यवाद ज्ञापन भवनाथपुर नगर के प्रधानाचार्य श्री शिव बालक प्रसाद द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री बंशीधर नगर संकुल के संकुल संयोजक अरविंद प्रताप सिंह सेंगर जी रहें। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त आचार्य, दीदी कर्मचारी दीदी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### आठ पशुओं के साथ पिकअप जब्त

**डंडाई।** अवैध तरीके से ले जा रहे एक पिकअप को आठ पशुओं के साथ थाना प्रभारी जनार्दन रावत ने जब्त कर उसे थाना लाया गया। चालक व पशु तस्कर अंधेरा का फायदा उठा कर भागने में सफल हो गए। घटना शुक्रवार अहले सुबह 4 बजे की है। जब्त पशुओं में एक दो को छोड़ शेष सभी बछिया हैं। जबकि दो उम्र गाय अधिक हैं। वहीं जब्त करने के बाद सभी पशुओं को आधार कार्ड लेकर थाना प्रभारी द्वारा उसे ग्रामीणों के बीच वितरित कर दिया गया। इस दौरान पशु प्राप्त ग्रामीणों को पशुओं की बिक्री नहीं करने का थाना प्रभारी ने सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि पशु बिक्री होने की जानकारी मिलने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज बॉक्स

### हवाई फायरिंग से क्षेत्र में दशहत

**श्री बंशीधर नगर।** नगर उंटारी थाना क्षेत्र के नरखोरिया गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीती रात 10 राउंड गोली चलाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामला आने के बाद शुक्रवार के सुबह स्थानीय थाना पुलिस ने घटना स्थल के समीप से पांच खोखा बरामद कर अनुसंधान में जुट गयी है। घटना के बाद आसपास में दहशत फैल गया है। घटना के बारे में आस पास के लोगों ने बताया कि रात्रि में लगभग 1.30 मिनट पर गोली चलने का आवाज सुनने के बाद घर से बाहर निकल कर दरवाजा से देखा कि घर से पश्चिम दिशा में कुछ दूर पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो बंद गाड़ी खड़ा है। वहां पर कुछ लोग हवा में गोली चला रहे है। लोगों ने बताया कि डर से अपने घर में घुस गए। लोगों ने बताया कि घटना के कुछ देर के बाद पश्चिम दिशा से आ रहे पुलिस का गस्ती वाहन देख दोनों वाहन पर सवार होकर लोग पूरब की दिशा में भाग निकले। घटना के बाद एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, थाना प्रभारी आदित्य नायक घटना स्थल पर पहुंच कर पांच खोखा बरामद किया। साथ ही उस मार्ग से जाने वाले कई घरों में लगाए गए सीसीटीवी का जांच किया। एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने बताया की घटना स्थल से खोखा बरामद किया गया है। अनुसंधान जारी है। जल्द खुलासा कर लिया जाएगा।

### सरस्वती विद्या मंदिर में देव रूप सज्जा प्रतियोगिता आयोजित

**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर देव रूप सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कक्षा अरुण से प्रथम तक के भैया बहनों ने विभिन्न देव रूपों में अपनी मनमोहक प्रस्तुति किया। भैया बहन श्री कृष्ण, राधा रानी, भगवान शिव, गणेश, मां सरस्वती, श्री राम आदि देवों के बाल रूप की प्रस्तुति दी। भैया दर्श कुमार पाठक, बहन साक्षी, प्राची, भैया दिव्यांशु और श्वेताभ द्वारा अरे द्वारपालों.. गीत पर कृष्ण सुदामा के मिलन की नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, उपाध्यक्ष डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद, अभिभावक प्रतिनिधि चंदन कुमार मंचासीन थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, अविनाश कुमार,नंदलाल पांडेय,नीरज सिंह, प्रदीप कुमार गुप्ता, सुजीत कुमार दुबे, सत्येन्द्र प्रजापति,कृष्ण कुमार पांडेय, अंकित जैन,उमेश कुमार, दिनेश कुमार, अशोक कुमार, कृष्ण मुरारी, प्रसून कुमार, नीति कुमारी, सुप्रिया कुमारी, प्रियम्बदा, आरती श्रीवास्तव, रेणु पाठक, तन्वी जोशी, सलोनी, नेहा द्दय, रंजना श्रीवास्तव, खुशबू सिंघल, अंशु कुमारी और पल्लवी जायसवाल की महती भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में विजेता भैया-बहनों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

### बीआरसी में गुरुगोष्टी का आयोजन,सभी कार्यो को समय पर पूरा करने का निर्देश

**खरौंधी।** प्रखंड संसाधन केन्द्र खरौंधी में शुक्रवार को गुरुगोष्टी का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीपीएम नवीन प्रकाश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बीपीएम ने विभागीय कार्यो की समीक्षा की। बैठक में विद्यालयों में होने वाले तमाम गतिविधियों का डे टू डे कार्यक्रम का लिखित प्रतिवेदन बीआरसी को उपलब्ध कराने का निर्देश सभी प्रधानाध्यापकों को दिया। विद्यालय के रुआर कार्यक्रम के तहत पोषक क्षेत्र में शत प्रतिशत नामांकन कराने,कोई भी बच्चा अनामांकित न रहे, इसकी व्यवस्था करने, इसे ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट करने, एफएलएन चैंपियनशिप पर बच्चों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने,शिशु पंजी अधतन करने का निर्देश सभी प्रधानाध्यापक को दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में प्रयास कार्यक्रम को गम्भीरता से लागू किया जाय। इसके साथ यू डाइस प्लस,बच्चों का खाता खोलवाने,रसोइया का आयुष्मान कार्ड बनवाने, प्रधानाध्यापक से यू -डायस में प्रोग्रेशन का काम पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी सीआरपी प्रधानाध्यापक से समन्वय बनाकर छात्रवृत्ति व पोषाक हेतु खाता का डाटा बीआरसी में जमा कराना सुनिश्चित करें, जिससे बच्चों को छात्रवृत्ति व पोषाक की राशि डीबीटी के माध्यम से भेजा जा सकें। प्रयास-सह-प्रोजेक्ट इंपैक्ट कार्यक्रम के अंतर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधियों के तहत कार्य करने का निर्देश दिया। रेल प्रोजेक्ट के तहत होने वाले साप्ताहिक टेस्ट का अनुश्रवण करना तथा सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा लिंक भरवाने का निर्देश दिया। एमडीएम के तहत शत प्रतिशत मैसेज, ई विद्या वाहिनी में छात्रों की उपस्थिति, शिक्षक का बायोमेट्रिक उपस्थिति शत प्रतिशत लागू हो,प्लांटेशन लगाना,बच्चों का ट्रांजेक्शन,पुस्तक वितरण,कक्षा-कक्ष की सफाई,ई कल्याण पोर्टल पर छात्रवृत्ति के लिए कार्य,इंस्पायर अवार्ड में बच्चों का रजिस्ट्रेशन कराना,विद्यालय स्वास्थ्य कल्याण कार्यक्रम सहित अन्य कार्यों की जानकारी से अवगत कराया। कहा कि ये सभी कार्यक्रम विद्यालयों में शत प्रतिशत लागू हो इसे सभी प्रधानाध्यापक सुनिश्चित करें। चूंकि कुछ दिनों के अंदर राज्यस्तरीय टीम विद्यालयों का निरीक्षण करेगी। इसके लिए सतर्कता बरतते हुए सभी कार्यक्रम विद्यालयों में अक्षरसः लागू करना सुनिश्चित करेंगे।

### पर्यावरण रक्षा के लिए पौधरोपण जरूरी:पीएन मिश्रा

**गढ़वा।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत मनरेगा के तहत शुक्रवार को उप विकास आयुक्त, पीएन मिश्रा की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त द्वारा समाहरणालय परिसर में आम, लीची, पीपल व बरगद का पौधा लगाया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त ने सभी जिले वासियों से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण करने की अपील की। पर्यावरण रक्षा के लिए पौध रोपण करना जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान डीआरडीए के सभी पदाधिकारी व कर्मियों द्वारा भी पौधा लगाया गया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जहां जिले में प्रखंड, पंचायत व ग्राम स्तर पर भी वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, वहीं लोगों को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करने का कार्य किया भी किया जा रहा है। गौरतलब हो कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया है। उन्होंने सभी को इस पहल में भाग लेने और पर्यावरण में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया है। अभियान का उद्देश्य संपूर्ण सरकार और संपूर्ण समाज दृष्टिकोण का पालन करते हुए सितंबर 2024 तक 80 करोड़ पेड़ और मार्च 2025 तक 140 करोड़ पेड़ लगाना सुनिश्चित करना है।

### बैंक अधिकारी अलीशा का निधन, शोक

**गढ़वा।** व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता अशोक पटवा की इकलौती पुत्री अलीशा का निधन शुक्रवार की सुबह रांची में हो गई। वह गढ़वा में बैंक ऑफ इंडिया में अधिकारी के रूप में कार्यरत थी। इस संबंध में बताया गया कि वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। उसका इलाज रांची में ही चल रहा था। इस दौरान उसकी मौत हो गई। उसके निधन की खबर जैसे ही गढ़वा में पहुंची शोक की लहर दौड़ गई। अलीशा एक प्रतिभावान लड़की थी। उसने कम उम्र में ही बैंक की नौकरी प्राप्त कर बैंक ऑफ इंडिया गढ़वा में ही पदस्थापित थी। अलीशा के निधन की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### करंट लगने से महिला घायल

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के जुटी गांव निवासी स्व.इम्तेयाज अंसारी के पत्नी जायदा बीबी शुक्रवार को विद्युत करंट की चपेट में आकर घायल हो गई। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि जायदा बीबी ने मोबाइल चार्जर को बोर्ड से लगा रही थी। इस दौरान वह करंट की चपेट में आ गई। करंट लगने से वह बेहोश होकर गिर गई। इसके बाद उसके परिजनों ने आनन फानन में वहां से उठाकर अस्पताल में भर्ती कराया।

# प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के लिए जागरूकता रथ रवाना

## उप विकास आयुक्त ने जागरूकता रथ को दिखायी हरी झंडी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के निदेश पर 23 अगस्त से 10 सितंबर 2024 तक लोहरदगा जिला के चिन्हित 47 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) वाले गांवों में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) चलाया जाएगा। इस अभियान की जानकारी हेतु समाहरणालय परिसर लोहरदगा से एक जागरूकता रथ को उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि इस जागरूकता रथ के जरिए आम जनों को इस अभियान की जानकारी दी जाएगी। जिला के 47 पीवीटीजी गांवों में लाभार्थी संतृप्त शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आधार इनरोलमेंट व आधार



कार्ड जारी करना, पीएम-जनधन के तहत बैंक खाते खोलना, सभी पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान भारत कार्ड नामांकन (पीएम-जेएवाई), सभी पीवीटीजी को सामुदायिक प्रमाण-पत्र जारी करना, सिकल सेल रोग (एससीडी) और बुनियादी स्वास्थ्य मापदण्डों की जांच, वनाधिकार अधिनियम अंतर्गत मान्यता देना और उसके अनुसार वन पट्टा जारी करना के साथ-साथ छात्रवृत्ति योजना का लाभ देना, किसान क्रेडिट कार्ड, सामान्य निधि, एएससीडी मरीजों के लिए योजना आदि का लाभ दिये जाने का कार्य किया जाएगा। सितंबर माह में मेगा राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रस्तावित जिसमें जिला स्तर व राज्य में भी कार्यक्रम होंगे। रथ रवाना के समय आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा समेत अन्य उपस्थित थे।

### जहां आयोजित होंगे शिविर

**प्रखंड : किस्को**
खरकी पंचायत के ग्राम सेमरडीह व उपरकोचा, पाखर पंचायत के ग्राम कोल्हू टोली, डुमरपाट, पाखर तुंदटांड़, बेन्दोटोली, पाखर पोखरापाट, पाखर सेमरखाड़, देवदरिया पंचायत के ग्राम खरचा,खड़िया अपरतलसा परहिया टोली, लावादाग, जमुनीया पानी, उल्दाग खरचापानी परहिया टोली, उल्दाग डूमरीयापानी परहिया टोली, खड़िया मुडसेरवा, खड़िया अंगडवा बिरहोर टोली, पटामहुवा में

**प्रखंड : पेशरार**
तुईमू पंचायत के ग्राम गम्हरिया,रनकुली, तुईमू पुरना पानी, तुईमू, कुराग, जोभी टोली, गणेशपुर, तुईमू बरपाट, मन्हेपाट, पिरतौल, गड़ातु, सिन्दुर टोली, चापरोंग, जुड़नी, चांडी, सनई, हेन्हे, सिरम पंचायत के ग्राम अम्बापावा, जामडीह, कोटसा, सांगोडीह, पहारगीर, कुर्से, परतु, हेंसाग पंचायत के ग्राम दुन्दुरू चपाल एवं बांडी, पेशरार पंचायत के ग्रम चन्दलगी, बोन्डोबार, केरार, दुगू, बुलबुल तथा रोरद पंचायत के ग्राम हुसरू

**प्रखंड : सेन्हा**
अलौदी पंचायत के ग्राम उरु

## एक नजर

### मंत्री पुत्र रोहित उरांव के प्रयास से दुर्घटना में घायल मरीज का हुआ इलाज

**लोहरदगा।** नारी नावाडीह निवासी मकबूल अंसारी पिता कुदरत अंसारी उम्र 50 वर्ष को 21 अगस्त की रात मे सडक दुर्घटना मे घायल हो गये थे । जिसमे उन्हे गंभीर चोट आई जिससे रिम्स मे भर्ती किया गया। जिसके बेहतर इलाज के लिए मरीज के परिजनों के द्वारा विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के पुत्र युवा नेता रोहित उरांव से सम्पर्क किये। उनके बेहतर इलाज के लिए मदद की मांग किये। रोहित उरांव के द्वारा मरीज के गंभीर स्थिति को देखते हुए उसके बेहतर इलाज के लिए रिम्स प्रबंधक से बात किया। जिसके बाद मरिज के बेहतर इलाज के लिए व्यवस्था उपलब्ध कराया गया । अभी मरीज को आईसीयू मे इलाज किया जा रहा है। मरिज के इलाज में आर्थिक रूप से भी मदद की बात कही।

### चैनपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं की गाड़ी प्रशासन ने रोकी

**चैनपुर।** रांची में बीजेपी की आक्रोश रैली में शामिल होने के लिए चैनपुर मण्डल के बीजेपी के लोग आज सुबह रांची जाने वाले थे। सभी चैनपुर प्रखंड से आने वाले बीजेपी की गाड़ी को प्रशासन ने जगह जगह रोक दिया। जिसको लेकर चैनपुर बीजेपी के लोग काफी आक्रोशित नजर आए, और बस स्टैंड में तीन घंटे हाई वोल्टेज ड्रामा चला।जगह जगह रैली की बस रोके जाने से नाराज भाजपाई सबसे पहले रांची जा रही बैभव बस को बस स्टैंड के पास रोके। मौके पर शशि भूषण सिंह,नीरज शर्मा, बुधराम नायक, सहित सभी चैनपुर भाजपा मण्डल के लोग मौजूद थे।

### विद्युत तार गिरने से युवक हुआ गंभीर रूप से घायल



**गुमला।** गुमला सदर थाना स्थित फोरी ग्राम निवासी सुरेंद्र उरांव गुरुवार को , वह अपने बहन के घर घाघरा थाना स्थित टंगरा टोली गांव गया हुआ था और संध्या 7:00 बजे अपने बहन के घर के बाहर घूम ( टहल )रहा था , इसी क्रम में एकाएक बिजली का तार टूट कर उसे उपर गिर गया और वह करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया , आनन-फानन में इलाज के लिए उसे तत्काल घाघरा उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां स्वस्थकर्मियों ने उसे मृत घोषित कर दिया , उक्त घटना की सूचना मिलते ही घाघरा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें अपने दलबल के साथ उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन और पूछताछ शुरू करते हुए उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया और आज पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं।

## रैयतों से आवेदन प्राप्त करने के लिए शिविर का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। कुडू - लोहरदगा**

कुडू से उदयपुरा तक 4 लेन सड़क निर्माण परियोजना के तहत अर्जित भूमि व सरंचना के मुआवजे के लिए संबंधित रैयतों के आवेदन प्राप्त करने हेतू शुक्रवार 23 अगस्त को पंचायत भवन कुडू में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मौजा कुडू के रैयत जिनका जमीन एनएच - 39 (पुराना 75) में अवस्थित है, उनसे राजस्व दस्तावेज के साथ भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र का आवेदन प्राप्त किया गया। मौके पर मुख्य रूप से राजस्व उपनिरीक्षक विकास कुमार सोनी एवं एडवोकेट निखिल कुमार तिवारी मौजूद रहे। इस संबंध में अंचल अधिकारी मधुश्री मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या एनएच-39 (पुराना 75) कुडू से उदयपुरा तक 4 लेन सड़क निर्माण परियोजना से संबंधित सरकार का गजट प्रकाशित हो चूका है। मौजा कुडू के सभी रैयतो, जिनका जमीन इसमें अवस्थित है, अधिग्रहण से संबंधीत सभी राजस्व कागजातों एवं आवश्यक जानकारी पूर्व में देने के साथ साथ भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र आवेदन हेतु प्रपत्र भी उपलब्ध भी करा दिया गया है।

## नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिये जागरुक होकर छात्र फॉर्म भरें :डीएसई



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**

प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गतजिला के नवोदय विद्यालय जोगना के बहुददेशीय सभागार में जिले के सभी प्रखंडों से आये सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापकों के साथ प्रचार्य द्वारा बैठक आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ किया गया। विद्यालय के प्रचार्य अवनीश चन्द्र झा ने सभी प्रखंड से सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित जिला एक मात्र पीएम श्री द्वारा चयनित जवाहर नवोदय में 2025 में अधिक से अधिक छात्र छात्राओं का नामांकन के लिये पंजीकरण करने हेतु अपील किया गया। कहा, प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन फॉर्म भरने का अंतिम तिथि 16.9.2024 तक निर्धारित समय है। विद्यालय की विज्ञान शिक्षिका कुमुदिनी अनुपम प्रसाद द्वारा नवोदय विद्यालय जोगना की उपलब्धियों को पीपीटी के माध्यम से क्रमवार प्रदर्शित करते हुए विस्तापूर्वक जानकारी दिया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा शिक्षक शिक्षिकाओं से अपील करते हुए कहा कि, जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिये अधिक संख्या में छात्र छात्रा फॉर्म भरें जिसे बच्चे बच्चियां पढ़ लिखकर शिक्षित हों। देश तथा समाज सेवा में योगदान दें।कार्यक्रम को सफल बनाने में आर.पी. विश्वकर्मा,डी कुमार सहित विद्यालय अन्य शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा। मंच संचालन सुनील कुमार और अलीशा ए करकेट्टा द्वारा किया गया। विद्यालय के वरीय शिक्षक डी. कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

### डुमरी के वरिष्ठ पत्रकार आरिफ आलम का निधन



फाइल फोटो

**डुमरी।** डुमरी के जाने-माने पत्रकार आरिफ आलम का आज शाम 7:15 बजे निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे और उनका इलाज चल रहा था। आरिफ आलम के निधन से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर फैल गई है। आरिफ आलम ने अपने पत्रकारिता करियर में कई वर्षों से हिंदुस्तान अखबार के लिए काम कर रहे थे। वे एक ईमानदार और कर्मठ पत्रकार के रूप में जाने जाते थे। उनकी रिपोर्टिंग और लेखन शैली की सभी ने प्रशंसा की थी। आरिफ आलम के निधन पर पत्रकारिता जगत के लोगों ने शोक व्यक्त किया है। उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा गया है कि उनके निधन से पत्रकारिता जगत में एक बड़ा शून्य पैदा हो गया है। आरिफ आलम के परिवार में उनकी पत्नी और दो बच्चे हैं। उनके परिवार के प्रति सभी ने संवेदना व्यक्त की है और ईश्वर से प्रार्थना की है कि उनकी आत्मा को शांति मिले।

## सुदेश महतो गांव -गांव की करेंगे पदयात्रा : आजसू




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

आजसू पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के निदेर्शानुसार आने वाले चुनाव को देखते हुए अपने कार्यक्रमों की घोषणा की। इस संबंध में लोहरदगा जिला आजसू पार्टी की बैठक प्रधान कार्यालय में संपन्न हुई। जिसमें आजसू गांव की ओर चलने की तैयारी में है। आजसू के सभी कार्यकताओं को यह निर्देश दिया गया की सभी लोग सोशल मीडिया में एक्टिव रहेंगे और किसी भी मुद्दे पर प्रतिकार तुरंत करेंगे। सरकार के सभी कार्यक्रम फेल हैं उनके वादे फेल हैं इसको सोशल मीडिया में प्रचार प्रसार करेंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं कांग्रेस के चुनाव मेनिफेस्टो में गठबंधन के बड़े-बड़े वादे थे जिसको पूरा करने में सरकार फेल रही है। युवा आजसू विधानसभा के 50 पंचायतो में प्रत्येक गांव जाकर पढ़े-लिखे शिक्षित बेरोजगारों का डाटा इकट्ठा करेगी और सरकार को सौंपगी।

जो काम सरकार के नियोजनालय एवं श्रम विभाग को करना था वह नहीं कर पाई अब वह कार्य युवा आजसू के जुझारू कार्यकर्ता करेंगे। 26 अगस्त से 4 सितंबर तक सभी पंचायत के प्रत्येक गांव में पदयात्रा के माध्यम से जन जागरण कार्यक्रम चलाया जाएगा और सरकार के जन विरोधी नीतियों से जनता को जागरूक की जाएगी। 05 सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर पर आजसू पार्टी शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित करेगी। राष्ट्रीय खेल दिवस पर 29 अगस्त को खेल का आयोजन कर लोगों को जोड़ने का कार्य करेगी। 8 सितंबर को आजसू युवा महासम्मेलन का आयोजन रांची में किया जाएगा। जिसमें 2 लाख से अधिक युवाओं के शामिल होंगे। इस निर्माण संकल्प सभा में सुदेश महतो झारखंड नवनिर्माण के लिए युवाओं को मार्गदर्शन देते हुए गांव गांव जाकर भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार करेंगे। 9 सितंबर से आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो पूरे झारखंड में पदयात्रा की शुरूआत करेंगे। मौके पर लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत, केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के विजय ऊराँव, नगर के कार्यकारी अध्यक्ष राजन मेहता, राजकुमार यादव, गुड्डू प्रसाद गुप्ता, अनीता साहू, संजीत उरांव, सनाउल्लाह अंसारी, समेत अन्य मौजूद थे।

### 25 अगस्त को बुथों पर पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

**गुमला।** समस्त गुमला जिले में अंतिम बच्चे तक पहुंचाना हैं पोलियो और जीवन के ड्रॉप दो बुंद 25 अगस्त पोलियो रविवार को 0-5 वर्ष के बच्चों को बुथों पर पिलाई जाएगी पोलियो दवा। इसकी तैयारी पुरी हो गई है। गुमला जिला में इस बार 0-5 वर्ष के एक लाख अरतालिस हजार तीन बच्चों को पोलियों दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इस हेतु 1184 टीम बनाई गई है जो 592 बुथ में बच्चों को पोलियों दवा पिलाएंगे। बच्चों को ठीक से दवा पिलाई जा रही है इसे देखने के लिए 118 सुपरवाइजर बनाएं गए है।जो बच्चे 25 अगस्त को दवा पिने से वंचित हो जाएंगे उन्हें टीम द्वारा घर घर जाकर 26 और 27 अगस्त को दवा पिलाई जाएगी। भारत पोलियों मुक्त है लेकिन पोलियो कुछ देशों में अभी भी है और फिर लौट सकता है इसलिए अपने बच्चों की सुरक्षा में कोई चुक न होने दें। पोलियो की खुराक हर बार पिलाएं। पोलियो पर देश की जीत बनाए रखने में योगदान करें। दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत रहे बरकरार।

## न्यूज बॉक्स

### जारी में हादसे को आमंत्रित कर रहा बिजली खंभा



**जारी।** जारी प्रखंड मुख्यालय के थाना मोड़ स्थित बिजली का खंभा कभी भी गिर सकता है। जिससे बड़ी दुर्घटना घट सकती है।यह खंभा जमीन से काफी नजदीक झुक गया है।इस खंभा से होकर बिजली विभाग के छोटे बड़े कर्मचारी गुजरते रहते है।लेकिन किसी को दिखाई नही दे रहा है। या तो नजर अंदाज किया गया रहा है।विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते प्रखंड में यह विद्युत पोल बड़े हादस का संकेत दे रह है। इस को देखरेख के अभाव में जर्जर विद्युत पोल हादसे को निमंत्रण दे रहे हैं।बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं।बिजली का खंभा चैनपुरझजारी मुख्य मार्ग के किनारे होने के कारण इसकी चपेट में कोई भी आ सकता है।और बड़ी अनहोनी हो सकती।यदि जल्द से जल्द प्रशासन इस पर सुध नही लेती है।तो बिजली का खंभा कभी भी गिर सकती है।

### फोरलेन सड़क निर्माण शुरू हो रहा, रैयत अपने कागजात जमा कराएं: सीओ मधुश्री मिश्रा



**कुडू (लोहरदगा)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 75 पर कुडू से डालटेनगंज की ओर लगभग 50 किलोमीटर प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण को लेकर शनिवार को कुडू अंचल अधिकारी मधुश्री मिश्रा ने कार्यालय में रैयतों के साथ बैठक किया। अंचल अधिकारी ने कहा कि, शीघ्र एनएच 75 पर फोरलेन का काम शुरू किया जा रहा है। फोरलेन सड़क में जमीन जाने वाले रैयत मुआवजा के लिए जागरुक होकर सतर्कता से काम करें। भूमि अधिग्रहण की कागजी कार्रवाई शुरू हो गई है। सीओ ने कहा फोरलेन सड़क में जिनकी भूमि जा रही है वैसे, भूमि मालिक अपने भूमि से संबंधित कागजात अंचल कार्यालय में शीघ्र जमा करें। जिससे भूमि मालिकों को जमीन का मुआवजा सहज मिल सके।

### सुरक्षा व्यवस्था के लिए क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया

**सेन्हा-लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आक्रोश रैली का आयोजन किया गया था.को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा चौक में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा राँची में आयोजित आक्रोश रैली के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के निदेर्शानुसार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में सघन वाहन जांच का निर्देश दिया गया है।जिसके आलोक में सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार के नेतृत्व में कंडरा चौक पर जिला परिवहन पदाधिकारी व थाना प्रभारी के संयुक्त कार्यवाही के दौरान एस आई मनीष कुमार महतो,एस आई साहेब कुंवर,तथा एस आई मनोज कुमार दलबल के साथ विधि व्यवस्था कायम रखने को लेकर मुस्तैद नजर आये।वही वाहन जांच अभियान के क्रम में लोहरदगा जिला के विभिन्न क्षेत्रों से तथा पड़ोस जिला से आने वाली छोटी बड़ी सभी वाहनों के कागजात का जांच किया गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है।कि वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर वाहन जांच किया गया। जांच के पश्चात सभी वाहनों को छोड़ दिया गया।मौके पर थाना प्रभारी अजित कुमार,एस आई साहेब कुंवर,एस आई मनोज कुमार,एस आई मनीष कुमार महतो सहित अन्य दल बल के साथ मौजूद थे।

### प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल के नेता का कुडू उप प्रमुख ने किया स्वागत

**कुडू- लोहरदगा।** कुडू प्रखंड के उप प्रमुख ने रांची में आयोजित कांग्रेस पार्टी द्वारा स्वागत सह सम्मान समारोह में शामिल होकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और विधायक दल के नेता सह लोहरदगा विधायक मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को बुके देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की मजबूती हेतु केंद्रीय कमेटी ने केशव महतो कमलेश और डॉ रामेश्वर उरांव को जिम्मेदारी सौंपकर बेहतर फैसला लिया है। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को झारखंड प्रदेश की कमान सौंपे जाने से कुर्मी समाज के अलावा हर वर्ग में काफी हर्ष है। वहीं लोहरदगा विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव पूरे राज्य में कॉग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे।कुल मिलाके आलाकमान ने इन्हें जिम्मेवारी सौंपकर झारखंड प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को नयी उर्जा डालने का कार्य किया है। इसका शत-प्रतिशत लाभ आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को मिलना लगभग तय है। इनके साथ स्वागत करने वालों में तबरेज अंसारी, रजी अंसारी, शाहिद अंसारी, संजू तूरी, आरिफ अंसारी, सज्जाद अंसारी, मनौवर अंसारी भो शामिल थे।

## युवा आक्रोश रैली के तहत मुख्यमंत्री आवास घेरने जा रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका, हुई झड़प

- **हेमंत सरकार होश मे आओ, तानाशाही नही चलेगी, महिलाओं पर अत्याचार बन्द करो,के नारे पिकेट में भाजपायीईयों ने लगाये**



**नवीन मेल संवाददाता। कैरो (लोहरदगा)**

प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 23 अगस्त शुक्रवार को युवा आक्रोश रैली के तहत मुख्यमंत्री आवास घेराव करने जा रहे 06 बसों मे सैकड़ों कैरो प्रखंड भाजपाईयों को हेंजला पिकेट पर पुलिस के द्वारा रोककर युवाओं के आक्रोश को कुचलने और रैली को विफल करने का प्रयास किया गया। मौके पर प्रखंड से जिला मंत्री कैलाश महतो,मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र महतो,पुर्व मंडल अध्यक्ष लखन उराँव,मनोज साहु,जगलाल रविदास ने बताया कि ज्यो ही कैरो प्रखंड से भाजपा कार्यकताओं की गाड़ी मे सवार सैकड़ों कार्यकर्ता की हुजूम हेंजला पिकेट पर पहूँची तो पुलिस ने गाड़ियो को रोक दिया,अक्रोशित युवाओ , महिलाओं ने हेमंत सोरेन मुदार्बाद,हेमंत सोरेन सरकार होश मे आओ,हेमंत सोरेन गद्दी छोड़ो,तानाशाही सरकार नहीं चलेगी,युवाओं को रोजगार देना होगा महिलाओं पर अत्याचार बन्द करो के नारे लगाने लगे।

इस बीच हेंजला पुलिस अक्रोशित भाजपाई से झड़प के बाद बसो मे सवार सभी भाजपायीईयों के उग्र रुप को देख उन्हें जाने दिया।

उपरोक्त भाजपाईयों ने कहा कि हेमंत सरकार जनता से किये वायदे को निभा पाने मे विफल,और अपनी नाकामियो को छुपाने के लिये राज्य की जनता के आवाज को लाठियों से दबाना चाहती है,हेमंत सरकार अब कुछ ही घंटो की सरकार है,इस सरकार की उल्टी गिनती सुरु हो गई है,जिसका पतन आवश्यक है,अबकी बार विधानसभा चुनाव मे इस सरकार को उखाड़ फेकेगी राज्य की जनता और झारखंड मे फिर से जनता की सरकार के मे भाजपा पुर्ण बहुमत के साथ सरकार बनायेगी।

### झारखंड स्टेट ओपन एक्वेटिक मीट आज

**लोहरदगा।** एफडी एंटरप्राइजेज द्वारा प्रायोजित और लोहरदगा जिला स्विमिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय झारखंड स्टेट ओपन एक्वेटिक मीट का आयोजन शनिवार 24 अगस्त को शहर के प्रख्यात बड़ा तालाब (विक्टोरिया टैंक) में भव्य तरीके से होगा। आयोजकों द्वारा विशाल जन समूह की मनोरंजन के लिए विशेष व्यवस्था किया गया है। इस संदर्भ में एसोसिएसन के वरीय उपाध्यक्ष हाजी जब्बारूल अंसारी ने बताया कि, राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के मंत्री डॉ इरफान अंसारी, मुख्य संरक्षक के रूप में कैबिनेट मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, उद्घाटन करता के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू शामिल होंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्णा एवं पुलिस कप्तान हारिस बिन जमा भाग लेंगे। प्रतियोगिता में तैराकी के विभिन्न कलाओं का जोहर प्रतिभागी दिखाएंगे।

झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू

-:निःशुल्क FMD टीकाकरण:-
-:पशुपालकों के लिये आम सूचना:-

केन्द्रीय प्रयोजित योजनांतर्गत पशु स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम (LHDCP) के तहत गौवंशीय पशुओं एवं भैंस में होने वाले FMD (खुरहा एवं मुहपक्का रोग) बीमारी के रोक–थाम हेतु दिनांक 16.08.2024 से 15.10.2024 तक निःशुल्क FMD (खुरहा एवं मुंहपक्का रोग) टीकाकरण कार्यक्रम 2024–25 (Round 4) चलाया जा रहा है। जिसमें पलामू जिला अंतगर्त सभी गाय एवं भैंस में टीकाकरण किया जाना है।

आप सभी पशुपालक भाई–बहनों से अनुरोध है कि अपने आधार एवं मोबाईल नम्बर से अपने पशुओं को पंजीकरण Bharat Pashudhan App में कराते हुए टैंगिंग एवं टीकाकरण करवाये। इस कार्य हेतु विभाग द्वारा प्रत्येक गांव/पंचायत में टीकाकर्मी घर–घर जाकर पशुपालकों से संपर्क कर निःशुल्क टीकाकरण करेंगे। उक्त टीकाकरण का ऑनलाईन एंट्री Bharat Pashudhan App में टीकाकर्मियों द्वारा किया जाता है। तथा आपके मोबाईल नम्बर पर गये OTP को टीकाकर्मियों को देना अतिआवश्यक है। जिसके बाद टीकाकर्मियों के द्वारा आपके पशुओं का ऑनलाईन निबंधन Bharat pashudhan App में किया जा सकेगा।

अतः सभी पशुपालक भाई–बहनों एवं जन प्रतिनिधियों (प्रमुख मुखिया वार्ड सदस्य) से अनुरोध है कि इस टीकाकरण कार्य में आपका सहयोग देंगे।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
पलामू

PR 333625 (District)24-25*D

## संपादकीय

# कृषि में सुधार के लिए हो बिचौलिया मुक्त बाजार

15 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले से कहा कि कृषि व्यवस्था को बदलना समय की मांग है। देश के किसान भारत को विश्व की ऑर्गेनिक फूड बास्केट बना सकते हैं और विश्व के देशों के लिए भारत मददगार हो सकता है। विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष सहित सामाजिक सुरक्षा के विभिन्न वैश्विक संगठनों द्वारा भारत की खाद्य सुरक्षा की सराहना की जा रही है। कृषि प्रधान देश भारत में आज भी हमारी मजबूत अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा स्तंभ कृषि ही है ।कोरोना काल में शुरू हुई और पूर्व से चल रही खाद्य सुरक्षा योजनाएं गांवों में जरूरतमंदों को राहत पहुंचा रहीं हैं पर कुछ सक्षम लोगों तक राज्य और केंद्र की ऐसी योजनाएं किसानों को खेती से विमुख भी कर रहीं हैं क्योंकि खाद,बीज और अनावृष्टि से जीतोड़ मेहनत के बाद किसान को कमजोर और बिचौलिया प्रधान बाजार व्यवस्था के कारण लाभ नहीं होता। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि देश ने कृषि उत्पादन के विभिन्न क्षेत्रों में ऊंचाइयां प्राप्त की हैं। खासतौर से पिछले 10 वर्षों में कृषि विकास के अभूतपूर्व प्रयासों से अब भारत दुनिया के खाद्य कटोरे के रूप में पहचान बना रहा है। कृषि भारत की आर्थिक नीतियों के केंद्र में है। भारतीय कृषि में 90 प्रतिशत किसानों के पास बहुत कम जमीन है और ये छोटे किसान भारत की खाद्य सुरक्षा की सबसे बड़ी ताकत हैं। कृषि क्षेत्र के सतत विकास के लिए फसलों की 1,900 नई जलवायु-अनुकूल किस्में उपलब्ध कराई गई हैं। भारत रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रहा है। भारत ने मोटे अनाज को श्रीअन्न का नाम देकर इसे एक लाभदायक समाधान के रूप में प्रस्तुत किया है। भारत कृषि क्षेत्र में डिजिटल प्रौद्योगिकी का लाभ उठा रहा है।वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट में घोषित नौ उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में कृषि क्षेत्र भी शामिल है। बजट में कृषि और उससे संबंधित क्षेत्रों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। नए बजट में सरकार उपज के संग्रहण, भंडारण और विपणन सहित सब्जी आपूर्ति शृंखलाओं के लिए किसान-उत्पादक संगठनों, सहकारी समितियों और स्टार्टअप को बढ़ावा संबंधी प्रावधान शामिल किए गए हैं। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने वर्ष 2023-24 के लिए प्रमुख फसलों का, जो तीसरा अग्रिम अनुमान जारी किया है, उसके मुताबिक कुल खाद्यान्न उत्पादन 3288.52 लाख टन अनुमानित है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भारत दुनिया में दूध, दालों और मसालों का नंबर एक उत्पादक है। इसके अलावा, देश खाद्यान्न, फल, सब्जियां, कपास, चीनी और चाय का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक बन गया है। ऐसे में जब देश में खाद्यान्न उत्पादन ऊंचाई बना रहा है, तब खाद्यान्न भंडारण की अधिक क्षमता भी जरूरी है।

**कृषि भारत की आर्थिक नीतियों के केंद्र में है। भारतीय कृषि में 90 प्रतिशत किसानों के पास बहुत कम जमीन है और ये छोटे किसान भारत की खाद्य सुरक्षा की सबसे बड़ी ताकत हैं।**

# भगवान श्रीकृष्ण हैं सृष्टि के महानायक और मैंनेजमेंट गुरु

### श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव-जन्माष्टमी- 26 अगस्त पर विशेष



**आज की बात**



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

भगवान श्रीकृष्ण हमारी संस्कृति के एक अद्भुत एवं विलक्षण महानायक एवं मैंनेजमेंट गुरु हैं। श्रीकृष्ण का चरित्र एक प्रभावी एवं सफल मैंनेजमेंट गुरु वाले लोकनायक का चरित्र है। वह द्वारिका के शासक भी है किंतु कभी उन्हें राजा श्रीकृष्ण के रूप में संबोधित नहीं किया जाता। वह तो ब्रजनंदन है। कुशल प्रबंधन सोच के कारण ही समाज एवं राष्ट्र व्यवस्था उनके लिये कर्त्तव्य थी, इसलिये कर्त्तव्य से कभी पलायन नहीं किया तो धर्म उनकी आत्मनिष्ठा बना, इसलिये उसे कभी नकारा नहीं। वे प्रवृत्ति और निवृत्ति दोनों की संयोजना में सचेतन बने रहे। श्रीकृष्ण के आदर्शों से ही देश एवं दुनिया में शांति स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त होगा। श्रीकृष्ण के प्रबंधन रहस्य को समझना होगा कि उन्होंने किस प्रकार आदर्श राजनीति, व्यावहारिक लोकतंत्र, सामाजिक समरसता, एकात्म मानववाद और अनुशासित सैन्य एवं युद्ध संचालन किया। राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए किस तरह की नीति और नियत चाहिए- इन सब प्रश्नों के उत्तर श्रीकृष्ण के प्रभावी प्रबंधन सूत्रों से मिलते हैं। श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व एवं कृतित्व नेतृत्व एवं प्रबंधन की समस्त विशेषताओं को समेटे बहुआयामी एवं बहुरंगी है, यानी राजनीतिक कौशल, बुद्धिमत्ता, चातुर्य, युद्धनीति, आकर्षण, प्रेमभाव, गुरुत्व, सुख, दुख और न जाने और क्या? एक देश-भक्त के लिए श्रीकृष्ण भगवान तो हैं ही, साथ में वे जीवन जीने की कला एवं सफल नागरिकता भी सिखाते है। उन्होंने अपने व्यक्तित्व की विविध विशेषताओं से भारतीय-संस्कृति में उच्च महाप्रबंधक का पद प्राप्त किया। एक ओर वे राजनीति के ज्ञाता, तो दूसरी ओर दर्शन के प्रकांड पंडित थे। धार्मिक, राजनैतिक एवं सामाजिक जगत में भी नेतृत्व करते हुए ज्ञान-कर्म-भक्ति का समन्वयवादी धर्म उन्होंने प्रवर्तित किया। अपनी योग्यताओं के आधार पर वे युगपुरुष थे, जो आगे चलकर युवावतार के रूप में स्वीकृत हुए। उन्हें हम एक महान क्रांतिकारी नायक के रूप में स्मरण करते हैं। वे दार्शनिक, चिंतक, गीता के माध्यम से कर्म और सांख्य योग के संदेशवाहक और महाभारत युद्ध के नीति निर्देशक थे किंतु सरल-निश्छल ब्रजवासियों के लिए तो वह रास रचैया, माखन चोर, गोपियों की मटकी फोड़ने वाले नटखट कन्हैया और गोपियों के चितचोर थे। गीता में इसी की भावाभिव्यक्ति है- हे अर्जुन! जो भक्त मुझे जिस भावना से भजता है मैं भी उसको उसी प्रकार से भजता हूं। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में भी हम इन्हीं प्रबंधकीय विशेषताओं का दर्शन करते है, क्योंकि श्रीकृष्ण के जीवन-आदर्शों को आत्मसात करते हुए वे एक कुशल प्रबंधक के रूप में सशक्त भारत-नया भारत निर्मित कर रहे हैं। सही प्रबंधन के बिना किसी भी कार्य से श्रेष्ठतम परिणाम प्राप्त नहीं किये जा सकते। जिस तरह जीवन के प्रत्येक कार्य में सुनिश्चित सफलता के लिये सही प्रबंधन अति आवश्यक है, उसी तरह सही ढंग से जीने एवं सार्थक जीवन के लिये भी सही प्रबंधन जरूरी है। श्रीकृष्ण ने मैंनेजमेंट गुरु की भूमिका निभाते हुए सफल एवं सार्थक जीवन जीने के प्रबंधन सूत्र दिये, जो सदियों से सम्पूर्ण मानवजाति का पथ-दर्शन कर रहे हैं। श्रीकृष्ण के प्रबंधन नीति की खासियत यह है कि उनकी भावना और विवेक एक दूसरे का पूरक है। मैनेजमेंट गुरु श्रीकृष्ण का वह व्यावहारिक कौशल ही था कि अत्याचारी कंस को सबसे पहले आर्थिक रूप से कमजोर किया गया और फिर उसका वध किया। पूरे महाभारत युद्ध के दौरान कहीं भी श्रीकृष्ण उहापोह की स्थिति में नजर नहीं आये। एक ही व्यक्ति में अनेक गुणों, विशेषताओं एवं कौशल का समावेश तभी हो सकता है, जब वह प्रबंधन में निष्णात हो। श्रीकृष्ण एक ऐसा ही आदर्श चरित्र है जो अर्जुन की मानसिक व्यथा का निदान करते समय एक मनोवैज्ञानिक, कंस जैसे असुर का संहार करते हुए एक धर्मावतार, स्वार्थ पोषित राजनीति का प्रतिकार करते हुए एक आदर्श राजनीतिज्ञ, विश्व मोहिनी बंसी बजैया के रूप में सर्वश्रेष्ठ संगीतज्ञ, बृजवासियों के समक्ष प्रेमावतार, सुदामा के समक्ष एक आदर्श मित्र, सुदर्शन चक्रधारी के रूप में एक योद्धा व सामाजिक क्रान्ति के प्रणेता हैं। उनके जीवन की छोटी से छोटी घटना से यह सिद्ध होता है कि वे सर्वैश्वर्य सम्पन्न थे। धर्म की साक्षात मूर्ति थे। कुशल राजनीतिज्ञ थे। सृष्टि संचालक के रूप में एक महाप्रबंधक थे। भगवान श्रीकृष्ण के मैनेजमेंट मंत्र के अनुसार श्रेष्ठ व्यक्ति को हमेशा अपने पद और गरिमा के अनुसार ही व्यवहार या आचरण करना चाहिए। क्योंकि वह लोगों के लिए आदर्श हैं और वो जैसा करेंगे लोग भी वैसा ही अनुसरण करेंगे। कुरुक्षेत्र के युद्ध मैदान में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जो गीता के उपदेश दिये थे, वे मैंनेजमेंट अमरसूक्त हैं। मोहवश अर्जुन ने हथियार त्याग दिए थे, तब गीता के उपदेशों के जरिये ही भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को धमार्नुसार कर्म करने की प्रेरणा दी। महाभारत के युद्ध में श्रीकृष्ण ने जो उपदेश दिए थे, इनमें मैनेजमेंट के सूत्र छिपे हुए हैं। इस सूत्रों को समझकर कोई भी इंसान अपने जीवन में छोटे-छोटे बदलावों से उन्नति कर सकता है। श्रीकृष्ण के अनुसार हम कर्म के साथ उसके आने वाले परिणाम के बारे में सोचते हैं जो हमें कमजोर बनाता है। लेकिन हमें परिणाम की चिंता न करके अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए, जिससे हम अपने कर्तव्य का पालन कर सकें, यह प्रबंधन का आदिसूत्र हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## आपकी बात

# मोहन यादव की अभिनव योजना का यूनिसेफ हुआ मुरीद



कृष्णमोहन झा
लेखक राजनैतिक विश्लेषक हैं

गत वर्ष नवंबर में संपन्न मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विधानसभा चुनावों में भाजपा को बहुमत मिलने के बाद पार्टी हाईकमान ने इन तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभालने के लिए जिन तीन नये चेहरों का चयन किया था उनमें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में मात्र आठ महीनों में ही अपने दोनों समकक्षों से काफी आगे निकल गए हैं और हाल में ही उनकी सरकार ने राज्य की छात्राओं के हित में एक ऐसा अनूठा काम किया है जिसके लिए वैश्विक संगठन संयुक्त राष्ट्र संघ की ईकाई यूनीसेफ ने भी उनकी प्रशंसा की है। मुख्यमंत्री ने विगत 11 अगस्त को जब प्रदेश की छात्राओं को सेनेटरी नेपकिन की निःशुल्क उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रत्येक छात्रा के खाते में तीन सौ रुपए की राशि ट्रांसफर की तो मध्यप्रदेश देश में इस तरह की योजना की प्रारंभ करने वाला पहला राज्य बन गया था जिसने यूनीसेफ का भी ध्यान आकर्षित किया और मध्यप्रदेश सरकार की इस अभिनव योजना के लिए मुख्यमंत्री यूनीसेफ से सराहना अर्जित करने के हकदार बन गए। यहां इस बात को विशेष रूप से रेखांकित किया जाना चाहिए कि मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने इस तरह की एक योजना की शुरूआत करने की घोषणा लगभग दस वर्ष पूर्व की थी परन्तु किन्हीं कारणों से उस पर अमल नहीं हो पाया परन्तु मुख्यमंत्री पद की बागडोर संभालने के बाद डॉ मोहन यादव ने छात्राओं के स्वास्थ्य सुरक्षा और हाइजीन के लिए मध्यप्रदेश में इस योजना को जल्द से जल्द प्रारंभ करने की पहल की और 11 अगस्त को स्वयं अपने हाथों से 19 लाख छात्राओं के खाते में 57 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की। इस अभिनव योजना के लिए किसी विलंब के मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार की तारीफ के लिए आगे आया यूनीसेफ अर्थात संयुक्त राष्ट्र बाल कोष लगभग 200 देशों में बच्चों की जिंदगियां बचाने, उनके अधिकारों की रक्षा करने एवं बचपन से लेकर किशोरावस्था तक उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने में उनकी मदद करता है। भारत में यूनीसेफ ने लगभग सात दशक पूर्व अपना कार्य प्रारंभ किया था जिसका निरंतर विस्तार होता रहा है। ऐसे अंतर्राष्ट्रीय संगठन ने जिस तरह से मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की सराहना की है वह मध्यप्रदेश की जनता के लिए निश्चित रूप से गौरव का विषय है । विशेष यह कि मात्र आठ माहों में ही केंद्र सरकार और अब यूनीसेफ तक को अपनी योजनाओं का मुरीद बना बना लेने में सफल मुख्यमंत्री मोहन यादव आज भी उतने सहज सरल और विनम्र दिखाई देते हैं जितना वे राजनीति में प्रवेश करने के पूर्व हुआ करते थे। छात्राओं के लिए सेनीटेशन और हाइजीन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश में प्रारंभ आर्थिक प्रोत्साहन योजना की यूनीसेफ द्वारा सराहना किए जाने पर सीएम ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मध्यप्रदेश के किशोरों और बच्चों के लिए हमारे प्रयासों को विश्व स्तर पर मान्यता देने के लिए यूनिसेफ इंडिया का धन्यवाद। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## देश की बात

# पीएम मोदी की यूक्रेन यात्रा और पश्चिमी मीडिया



डॉ. रमेश ठाकुर
लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यूक्रेन दौरे को ग्लोबल मीडिया और विरोधी मुल्क हिकारत की नजरों से देख रहे हैं। विदेशी मीडिया ने यहां तक कह दिया है कि मोदी रूस का एजेंट बनकर यूक्रेन का भेद लेने पहुंचे हैं? यूकेन को सतर्क रहना चाहिए। कमोबेश तस्वीरें भी कुछ ऐसी ही दिखाई दे रही हैं। प्रधानमंत्री के दौरे को यूक्रेन गर्मजोशी से नहीं ले रहा, बल्कि शक की निगाहों से जरूर देख रहा है। प्रधानमंत्री भी उनके बदले नजरिए को भांपे हुए हैं। बेशक, वह कहें कुछ न, लेकिन असहज जरूर हो रहे हैं? उनके इस दौरे के बाद भारत कई देशों के निशाने पर भी आ गया है। खासकर उन मुल्कों के जो रूस के खिलाफ जारी युद्ध में खड़े हुए हैं। अमेरिका, चीन, पाकिस्तान जैसे देश मोदी के दौरे को रूस का एजेंट बताने में लग गए हैं। उनके स्थानीय मीडिया में यूक्रेन यात्रा की खुलेआम आलोचना हो रही है। प्रधानमंत्री भी सब कुछ जानकर भी इसलिए चुप हैं, अगर उन्होंने वास्तविक स्थिति पर कुछ कहा, तो वह भारत के विपक्षी दलों के निशाने पर भी आ जाएंगे। विपक्षी दल वैसे भी यूक्रेन के दौर के पक्ष में नहीं हैं? यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को भी मोदी का दौरा नहीं सुहा रहे। उन्होंने तब भी विरोध किया था जब पिछले महीने प्रधानमंत्री मोदी रूस यात्रा पर गए थे और पुतिन को सबके सामने गले लगाया था। तब, गले मिलने को पश्चिमी मीडिया ने जमकर आलोचना की थी। जेलेंस्की ने भी आपत्ति जताते हुए तब कहा था कि आज रूस के मिसाइल हमले में 37 लोग मारे गए जिसमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। दरअसल जिस दिन मोदी रूस गए थे, उसी दिन रूस ने यूक्रेन के सबसे बड़े अस्पताल पर हमला किया था। तब जेलेंस्की ने गुस्से में कहा था कि एक ऐसे दिन दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता का दुनिया के सबसे खूनी अपराधी को गले लगाना शांति स्थापित करने की कोशिशों पर धक्के जैसा है। मोदी से गुस्सा होकर जेलेंस्की सभा से भी चले गए थे। तभी से जेलेंस्की भारत से विशेषकर मोदी से भन्नाए हुए हैं। अब मोदी यूक्रेन पहुंचे हैं, तो पूरे माजरे को अच्छे से समझ सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी यूक्रेन में भारतीयों से मिल रहे हैं, उनके स्वागत में ढोल-नगाड़े बज रहे हैं। इससे गुस्से की भड़की चिंगारियां को कुछ कम करने की कोशिशें जरूर हो रही हैं। लेकिन, ग्लोबल स्तर पर मोदी का मौजूदा यूक्रेन दौरा दुनिया के कई देशों को अखर रहा है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

**जब आप शुद्ध विचारों को सोचते हैं और मानसिक रूप से शक्तिशाली होते हैं, तब आप खराब कर्मों के पीड़ादायक प्रभावों से दुखी नहीं हो सकते।**

# विपत्ति के समय शक्ति



श्री श्री परमहंस योगानंद

यदि आप कर्म से ऊपर उठना चाहते हैं, तो इन तीन सत्यों को अनुभव करने का प्रयास करें (1) जब मन शक्तिशाली हो और हृदय शुद्ध हो, तो आप मुक्त हैं। यह मन ही है जो आपको शरीर की पीड़ा से जोड़ता है। जब आप शुद्ध विचारों को सोचते हैं और मानसिक रूप से शक्तिशाली होते हैं, तब आप बुरे कर्मों के पीड़ादायक प्रभावों से दुखी नहीं हो सकते। इसे मैंने बहुत प्रसन्नतादायक पाया है। (2) अवचेतन निद्रा में, आप मुक्त हैं। (3) जब आप समाधि में ईश्वर के साथ एक होते हैं, तो आपका कोई कर्म नहीं होता। इसीलिए सन्तजन कहते हैं, निरन्तर प्रार्थना करो। जब आप निरन्तर प्रार्थना एवं ध्यान करते हैं, तब आप अधिचेतना के क्षेत्र में चले जाते हैं, जहाँ कोई भी कष्ट आप तक नहीं पहुँच सकते। आप इन विधियों द्वारा इसी समय, कर्मों से मुक्त हो सकते हैं। जब भी कार्मिक कष्ट आपको पीड़ा दें, तो सो जाएँ या शुद्ध विचार सोचें और मन को इस्पात की तरह बनाएँ, स्वयं से कहें: मैं इन सबसे ऊपर हूँ। या, सर्वोत्तम यह होगा कि गहन ध्यान में अधिचेतना की दिव्य अवस्था में चले जाएँ। उस चेतना का परमानन्द आपकी आत्मा की स्वाभाविक अवस्था है, परन्तु शरीर के साथ इतने लम्बे समय से एकात्म होकर आप अपनी वास्तविक प्रकृति को भूल गए हैं। आत्मा की उस दुःख रहित परमानन्दमयी अवस्था को पुनः प्राप्त करना ही होगा। आत्मा की प्रकृति (व्यक्तिगत ब्रह्म के रूप में) परमानन्द है: आनन्द की चिरस्थायी, नित्य-नवीन एवं नित्य परिवर्तनशील आन्तरिक अवस्था। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X से




## अलग बात

# राजनीति से सिनेमा तक स्त्री ही बिकती है



राकेश अचल

दुनिया में जो देश नारी की पूजा का दावा करता है उसी देश में नारी की सुरक्षा आज राजनीति का सबसे बड़ा मुद्दा है। ये मुद्दा लालकिले की प्राचीर से भी गूंजता है। उत्तर से दक्षिण तक, पूरब से पश्चिम तक ये एक समान मुद्दा है। ये मुद्दा राजनीति का भी है, कानून और व्यवस्था का भी है, समाज का भी है और अदालत का भी। फिर भी स्थिति ये है कि आज हम दुनिया के उन दुर्भाग्यशाली देशों में शुमार किये जा रहे हैं जहां नारी सबसे ज्यादा असुरक्षित,सबसे ज्यादा अपमानित, शोषित और पीड़ित है। कोई माने या न माने लेकिन ये सच है कि नारी यानि स्त्री यानि अबला सबके लिए आज भी वस्तु है, फिर चाहे वो सिनेमा हो,बाजार हो या सियासत हो।


हम और हमारा समाज मनुवादी है, मनुस्मृति कहती है - यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः। यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः। (मनुस्मृति 3/56) लेकिन मुझे लगता है कि मनुस्मृति झूठ कहती है। मनुस्मृति के आधार पर चलने वाले लोग झूठे है। वे नारी की पूजा केवल स्मृतियों में करते हैं ,वास्तविकता में नहीं।। मनुस्मृति से ज्यादा सच तो हमारे दद्दा मैथलीशरण गुप्त बोलते रहे ,वे लिख गए कि -

*'अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी*
*आंचल में है दूध और आंखों में पानी '*

हम सदियों से स्त्रियों के बारे में अपनी सोच नहीं बदल पाए। आजादी के बाद भी हमारी सोच स्त्रियों को लेकर पाशविक ही बनी हुई है ,इसे बदलने के लिए कोई कुछ नहीं करना चाहता। सब स्त्री सुरक्षा के नाम पर राजनीति करना चाहते हैं। स्त्री सुरक्षा के मुद्दे पर हमारा या किसी का सर शर्म से नहीं झुकता, झुक भी नहीं सकता ,क्योंकि हम सब एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं। हमारे लिए स्त्री केवल वस्तु है। राजनीति में स्त्री की अस्मिता का मुद्दा आपको सत्ता तक ले जाता है, यानि राजनीति में स्त्री सत्ता के लिए एक सीढ़ी से ज्यादा कुछ नहीं है। जैसे बाजार में स्त्री को एक सामान की तरह बिकने के लिए मजबूर किया जाता हैं वैसे ही राजनीति में भी स्त्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। वे स्त्रियां अपवाद हैं जो पुरुष प्रधान और मनुवादी समाज में भी राजनीति में शीर्ष पर पहुंचीं और उन्होंने पुरुषों को उनकी औकात दिखाई, बाकी तो केवल दही शक्कर खिलाने के काम आने वाली स्त्रियां होती हैं। राजनीति में इंदिरा गाँधी कम ही जन्म लेती हैं। हमारे समाज में स्त्री आज भी एक गाली है और सबसे पहले इस्तेमाल की जाती है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## प्रकृति की बात

# पेड़ों की रक्षा के प्रबल पक्षधर थे कौटिल्य



दिनेश चंद्र वर्मा

वृक्षों की सुरक्षा के प्रति हम आज जिस चिंता और जागरूकता का परिचय दे रहे हैं, कौटिल्य ने यह चिंता सैकड़ों वर्ष पूर्व व्यक्त की थी तथा अपने अर्थशास्त्र में लिखा है कि जो व्यक्ति विपत्ति के समय के अतिरिक्त यदि साधारण दशा में वृक्ष समूहों (वनों) को किसी प्रकार की क्षति पहुंचाये तो उससे न केवल क्षतिपूर्ति कराई जाये, बल्कि उसे दण्डित भी किया जाये। वस्तुतः मौर्य युग में वृक्ष (पेड़ों), वनों एवं वन्यप्राणियों का बड़ा महत्व था। सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से उन्हें बहुत उपयोगी माना जाता था। वनों की रक्षा एवं वृद्धि का विभाग एक पृथक अमात्य के आधीन रहता था। इस अमात्य को 'कुप्याध्यक्ष' कहा जाता था। इसके अधीन द्रव्यपाल तथा वन पाल आदि कर्मचारी होते थे। ये कर्मचारी वनों से विभिन्न पदार्थो को संग्रहित करते थे तथा काष्ठ से विविध सामग्री बनाने हेतु (कर्मान्तों) कारखानों का संचालन करते थे। कौटिल्य ने इमारती लकड़ी के समुचित उपयोग के लिए किस लकड़ी से क्या वस्तु बनाई जानी चाहिए, इसका भी उल्लेख किया है। उनके अनुसार सागौन, तिनिश, धन्वन, अर्जुन, मधूक, तिलक, साल, शिशुप, अरिमेद, राजादन, शिरीष, खदिर (खैर), सरल, तालगर्ज, अश्वकर्ण, सोमवल्क, कशाभ्र, प्रियक, धव, सारादारु, आदि वृक्षों की काष्ठद ठोस, मजबूत और कठोर होती है। इस काष्ठ का प्रयोग मकान बनाने में किया जाना चाहिए। कौटिल्य ने अपने अर्थशास्त्र में बांसों, लताओं, रेशेदार वृक्षों, विभिन्न घांसों,पत्तो, फूलों,औषध- पादपों, जहरीले पौधों, विषैले जंतुओं, जंगली पक्षियों,इनकी हड्डियां और चमड़े, दांत,सींग, खुर, आदि का उल्लेख किया है तथा इनके उपयोग तक बताये हैं। कौटिल्य ने मनुष्यों की आजीविका तथा नगरों की रक्षा के लिए भी वनों को महत्वपूर्ण बताया है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### लगातार हो रही बारिश में गरीब का आशियाना गिरा, मदद की गुहार



**मयूरहंड (चतरा)।** जिले के मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण नवडीहा निवासी त्रिलोकी पांडेय का कच्चा मकान गिर जाने से पीड़ित परिवार के समक्ष सिर छिपाने को लेकर परेशानी उत्पन्न हो गई है। मकान गिर जाने के कारण पीड़ित परिवार दूसरे के घर में शरण लेने को मजबूर हैं। पीड़ित परिवार ने पंचायत की मुखिया मीना देवी के अलावा अंचल अधिकारी व थाना में आवेदन देकर मदद की अर्जी लगाई है। पीड़ित परिवार पूजा पाठ कर किसी तरह से परिवार को भरण पोषण कर रहा था। पीड़ित के समक्ष आशियाना बनाने के लिए सरकारी सहायता के अलावा कोई विकल्प नहीं है। एक तरफ जिला प्रशासन एक से लेकर तीन कच्चे कमरे में रहने वाले गरीब परिवार को पक्का मकान मुहैया कराने की दंभ भर रही है। पर जमीनी हकिकत कुछ अलग हीं ब्यां कर रही है। आज भी प्रखंड क्षेत्र में दर्जनों ऐसे परिवार हैं जो जर्जर कच्चा मकान में रहने को मजबूर हैं। अब देखना दिलचस्प होगा की ऐसे पीड़ित परिवार को अबुआ आवास मुहैया की जाती है कि पीड़ित परिवार अर्जी लगाते फिरते रहेंगे।

### समय पर वर्षा नहीं होने से बिचड़ा नहीं हुआ तैयार, लक्ष्य से 28 फीसदी कम

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड में पिछले पांच वर्ष की तुलना में इस वर्ष 68 फीसदी धान फसल का आच्छादन हुआ। वैसे में किसान इस वर्ष बेहतर उत्पादन होने की उम्मीद लगा रहे हैं। बताया जाता है कि समय पर बारिश नहीं होने के कारण बहुत से किसान धान का बिचड़ा तैयार नहीं कर पाए। जिसके कारण ही प्रखंड में 28 फीसदी कम धान फसल का आच्छादन हुआ है। कृषि विभाग की माने तो प्रखंड में 1940 हेक्टेयर में धान फसल का उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।जिसके एवज में 68 फीसदी धान फसल का आच्छादन हो पाया। बताया गया कि वर्ष 2019 में 37 फीसदी, 2020 में 42 फीसदी, 2021 में 38 फीसदी, 2022 में 35 फीसदी व 2023 में महज सात फीसदी की धान फसल का आच्छादन हो पाया था। यहां तक की पिछले 5 वर्ष में मोटे अनाज जैसे मकई,अरहर, मडुआ,मूंगफली सहित अन्य फसल भी लक्ष्य से बहुत कम हुआ था। परंतु इस वर्ष मोटा अनाज लक्ष्य के अनुसार हुआ है। किसानों की माने तो मौसम यदि साथ दिया तो इस वर्ष धान सहित अन्य फसल की उत्पादन बेहतर होने की अनुमान है।

# वाहन जांच के बहाने रोके गए भाजपा कार्यकर्ता : पंकज सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** रांची में आयोजित युवा आक्रोश रैली में शामिल होने मेदिनीनगर व लातेहार से शुक्रवार को काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं के रांची जाने के दौरान लातेहार के कैमा के पास वाहन जांच के नाम पर रोकने पर भाजपा ने इसे राज्य सरकार की साजिश बताया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार यह जान ले भाजपा कार्यकर्ता हर साजिश का पदार्फास करने के लिए निकल पड़े है। ये बातें लातेहार जिलाध्यक्ष पंकज सिंह रांची जाने के क्रम में कही। उन्होंने कहा कि यह एक साजिश और प्लानिंग के तहत उनके वाहनों को जांच के नाम पर रोका जा रहा है, ताकि वह विलंब से रांची आक्रोश रैली में शामिल हो या नहीं हो पाए। उनके वाहनों के साथ-साथ कुछ निजी वाहन भी रोक कर जांच की गई, ताकि मामले को कार्रवाई का रूप दिया जा सके। पलामू के भाजपा नेता और प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश वर्मा ने कहा कि 22 अगस्त को मेदिनीनगर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम को लेकर सारे निजी स्कूलों के वाहन लिए गए। कहीं कोई जांच नहीं की गई, लेकिन निजी स्तर पर वाहन ले जाने पर जांच बैठाई गई ताकि भाजपा कार्यकर्ताओं को परेशान किया जाए और उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने से रोका जाए। वाहन में सवार लोगों से पूछा जा रहा था कि रैली में जा रहे हो और रोक दिया जा रहा था। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार की तानाशाही ज्यादा दिन नहीं चलने वाली। विधानसभा चुनाव में इस मनमानी का जवाब जनता जरूर देगी। भाजपा आक्रोश रैली में शामिल होने जा रहे पांकी विधायक के काफिले को वाहन जांच में रोका गया।



### डीडीसी ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**चतरा।** बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए शुक्रवार को विकास भवन परिसर से उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उक्त रथ जिले के सभी प्रखंडों के पंचायत क्षेत्रों में घूम-घूम कर किसानों को फसल बीमा के लिए जागरूक करेगा। फसल बीमा योजना में नामांकन की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2024 है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ मौसम वर्ष 2024-25 के लिए अगहनी धान एवं भदई मक्का अधिसूचित किया गया है। उक्त फसलों की बीमा राशि क्रमशः 60500 रुपए एवं 46000 रुपए प्रति हेक्टेयर है। फसल बीमा के लिए गैर ऋणी किसानों द्वारा भुगतान की जाने वाली टोकन राशि केवल 1 (एक रुपया) है। आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राजस्व अधिकारी द्वारा जारी भूमि प्रमाण पत्र/नई रसीद, मुखिया/ग्राम पंचायत प्रधान द्वारा सत्यापित वंशावली, शेयरधारक द्वारा पट्टा/विभाजन प्रमाण पत्र (नोटरीकृत शपथ पत्र), मोबाइल नंबर, प्रमाणित फसल बुआई प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जागरूकता रथ रवाना करने के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी लोकनाथ महतो, बीमा कंपनी आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के सजीव भौमिक सहित अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### बांस हस्तशिल्पकारों का 25 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**चंदवा।** मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड लातेहार के बैनर तले शुक्रवार को बरवाटोली पंचायत के रुद गांव में प्रशिक्षण एजेंसी सीसीडीएस रांची की उपस्थिति में अनुसूचित जाति के बांस हस्तशिल्पकारों हेतु 25 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ विशेष घटक योजना के अंतर्गत किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ उद्योग विभाग के जिला उद्यमी समंवयक हेमंत केसरी,प्रखंड समन्वयक अभिषेक कुमार गुप्ता एवं सीसीडीएस के प्रशिक्षण प्रभारी अब्दुल मसीर अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान चयनित 20 प्रशिक्षुओं को टूल किट दिया गया। इस दौरान जिला उद्यमी समंवयक श्री केसरी ने कहा कि बांस कला का प्रशिक्षण देकर सभी को आत्मनिर्भर बनाना तथा स्वरोजगार हेतु कलस्टर का निर्माण करना है। प्रशिक्षण प्रभारी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान लाभुको को आधुनिक बांस सामग्री बनाने हेतु प्रशिक्षण में पैन स्टैंड,हैंगिंग लाइट,फर्नीचर, सिलिंग लाइट,ट्रे,फ्लावर पोर्ट समेत कई बनाने का प्रशिक्षण दिया जायेगा। मौके पर कई ग्रामीण मौजूद थे।

### किसानों के बीच बत्तख चूजा का वितरण

**चंदवा।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की पहल पर मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ स्थानीय किसानों को दिया जा रहा है। इस क्रम में शुक्रवार को स्थानीय पशुपालन विभाग कार्यालय में बत्तख चूजा का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझु,उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, पशुपालन पदाधिकारी डॉ सरोज केरकेट्टा,जनसाहा संस्था से अवध कुमार मौजूद थे। उन्होंने किसानों के बीच चूजा का वितरण किया। बीस सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि सरकार की योजना का लाभ सभी किसान भाइयों को मिले जिससे वे लाभान्वित हों। इस संबंध में डॉ. सरोज ने बताया कि प्रखंड के कुल 40 पशुपालकों के बीच 15-15 बत्तख का चूजा वितरित किया गया। यह चुजा जनसाहा संस्था के द्वारा प्रदत्त है। जिसे मुफ्त में दिया जा रहा है। लोग इसका लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा आने वाले दिनों में बकरा,शुकर समेत अन्य पशु भी देने की योजना है। इसके लिए समय-समय पर किसानों को जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि चुजा के साथ चारा व दवाइयां भी दी गई है। पशुओं में बारिश के दिन में होने वाले रोगों एवम उपचार को लेकर भी विस्तार से बताया। मौके पर कई किसान मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 26 लाभुकों के बीच बत्तख का किया वितरण

**बरियातु।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थिति पशु चिकित्सालय में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 26 लाभुकों के बीच 15-15 बत्तख व दवाई का वितरण किया गया। जिसमें आमरवाडीह, टोटी, बालूभांग इन सभी पंचायतों के लाभुको को इस योजना का लाभ मिला। वहीं प्रखण्ड प्रमुख उर्मिला देवी व जिप सदस्य रमेश राम ने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत आज 24-25 के तहत स्वीकृत 26 लाभुकों को 15-15 बतख व दवाइयां दिया गया है। पशु चिकित्सालय पदाधिकारी डॉक्टर सुशीला बागे तथा बिनोद बैठा ने कहा कि कि लाभुक इस योजना का लाभ उठाकर अपने आय का स्रोत में वृद्धि करेंगे। और बत्तख के चूजे का रख रखाव, खान पान अच्छे सें करेंगे। साथ ही इसमें होने वाले बीमारियों का रोकथाम के विषय में बताया गया।

## छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातु।** प्रखंड कार्यालय परिसर मे झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की ओर से प्रदत्त निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को आठवीं क्लास के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल बांटा गया। उनमें बारियातु पंचायत अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय नचना मे 18 व गोनिया पंचायत के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बारा में 25, बठेठ विद्यालय में 29, नावाडीह विद्यालय में 17, गड़गोमा विद्यालय में 34 सहित 123 साईकिल का वितरण किया गया। निःशुल्क साइकिल पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे। छात्र-छात्राओं ने कहा कि स्कूल आने-जाने में कई तरह की परेशानी होती थी, लेकिन अब साइकिल मिल जाने से आने जाने में परेशानी नहीं होगी। मौके पर प्रखंड एमआईएस समन्वयक नीतीश कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर मृत्युंजय सिंह, सहायक शिक्षक मिथिलेश कुमार मेहता, दयानंद उरांव, चंद्र प्रकाश पांडेय सहित काफी संख्या मे छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## झूठे आश्वासनों के अलावा कुछ नहीं दिया राज्य सरकार ने : मेराजुल हक

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ का 34 वें दिन भी अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहा। इस दौरान मनरेगा जिलाध्यक्ष मेराजुल हक ने कहा कि राज्य सरकार बिल्कुल ही निरंकुश हो गई है। जानबुझ कर हम सभी मनरेगा कर्मियों को हड़ताल पर रहने को विवश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इस राज्य की हेमंत सरकार ने अपने साढ़े चार साल के कार्यकाल में मनरेगा कर्मियों को झूठे आश्वासनों के अलावा कुछ नहीं दिया। हक ने आगे कहा कि अपनी जायज मांगों के लिए गांधी जी के बताए मार्गों पर चलकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे हैं। इससे पहले मनरेगा कर्मियों द्वारा अपनी जायज मांगों के लिए ग्रामीण विकास मंत्री का आवास घेराव, विधानसभा घेराव, सभी जिला मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन किया पर राज्य सरकार के तरफ से कोई साकारात्मक पहल अभी तक नहीं करना यह सरकार की निरंकुशता को दर्शाता है। पूर्व जिलाध्यक्ष कालेश्वर साव ने कहा कि मनरेगा कर्मी 17 वर्षों से केन्द्र सरकार के ग्रामीण विकास विभाग की अति महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा में अपना योगदान दे रहे हैं। अपनी पूरी जवानी सरकार की सेवा में दे दिए। अब बुढ़ापे में कहां जाएंगे। कहा, कोरोना महामारी के समय भी जब सभी लोग अपने घरों में दुबके हुए थे, हम मनरेगा कर्मी अपनी जान की परवाह किए बिना मजदूरों को रोजगार देकर, घर-घर में चूल्हा जलाने का काम किया। पर जब हमारी बात आई तो राज्य सरकार अपने वादे से पीछे हट रही है। इधर जिला सचिव उमा शंकर ने कहा की प्रखंडों में मनरेगा कर्मियों का दायित्व अहम है। सरकार नियुक्ति नियमावली में संशोधन कर सेवा स्थाई कर ग्रेड पे लागू कर दे हम आज से ही अपना आंदोलन समाप्त कर पूरी इमानदारी के साथ काम पर लौट जाएंगे। धरना स्थल पर मुख्य रूप से समसुल हक, नौसाद आलम , मंगल उराव, मनोज सिंह, देवाशीष, नइम खां, संतोष कुमार, राजन प्रसाद, चंदन कुमार, सुरेश उराव, मंगल, अनिल कुमार, विशाल कुमार, उमा शंकर गुप्ता, असगर अंसारी, प्रमेश्र्व सिंह, सुरेंद्र राम, मंजर हुसैन, कैलाश सिंह, सहित दर्जनों मनरेगा कर्मचारी हड़ताल पर डटे हुए हैं।

## बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए जागरूकता रथ रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 2024 के व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर से अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो, जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का प्रचार जागरूकता रथ को रवाना किया गया। जागरूकता रथ के माध्यम से जिला अंतर्गत प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान अपर समाहर्ता ने कहा कि जागरूकता रथ दोनों अनुमंडल क्षेत्र के प्रखंड व पंचायत क्षेत्र का भ्रमण कर किसानों को योजना के लाभ व उद्देश्य के प्रति जागरूक करेगा। उन्होने कहा कि जिले के किसान एक रुपये टोकन मनी जमा करके बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ ले सकते हैं। इसके लिए 31 अगस्त तक इच्छुक किसान अपना पंजीकरण नजदीकी प्रज्ञा केंद्र व स्वयं भी करा सकते हैं। किसानों को अगहनी धान के फसल की क्षतिपूर्ति राशि के रुप में प्रति हेक्टेयर 72,029.65 रुपये तथा भदई मकई के लिए 57,080.10 रुपये प्रति हेक्टेयर मिलेंगे। उन्होने बताया कि सरकार ने किसानों की आर्थिक सुदढ़ीकरण को लेकर खरीफ वर्ष 2024 के लिए बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना शुरू की गई है। किसानों को फसल बीमा के लिए अलग से कोई प्रीमियम नहीं देना होगा।

फसल बीमा के लिए किसान को आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति, भूमि स्वामित्व संबंधित प्रपत्र, बंटाई प्रमाण पत्र (बटाईदार कृषक होने पर नोटराईज्ड), फसल बुआई प्रमाण पत्र (स्वसत्यापित), मोबाइल नंबर प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने बताया कि योजना की जानकारी के लिए प्रखंड कृषि पदाधिकारी या सहकारिता पदाधिकारी से सम्पर्क कर सकते है या हेल्पलाइन नंबर 14447 पर भी संपर्क कर सकते हैं।



### विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने रंजन

**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस 2 उच्च विद्यालय में शुक्रवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के चुनाव किया गया। जिसमें रंजन कुमार सिंह को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। निशा देवी को उपाध्यक्ष, संतन पांडेय, विनय साव, रूपा देवी, मनीता देवी और अनिता मरांडी को समिति के सदस्य के रूप में चुना गया। पूर्व अध्यक्ष सतीश सिंह ने नव मनोनीत अध्यक्ष का माला पहनाकर स्वागत किया और बधाई दी। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस अवसर पर पर्यवेक्षक विकास कुमार सोनी, प्रधानाध्यापक प्रमोद प्रसाद, शिक्षक रंधीर, बिरजू, त्रिभुवन, पूर्व अध्यक्ष सतीश सिंह और ग्रामीण भी उपस्थित थे।

### एटीएम से चार लाख की चोरी के बाद रूम में लगाई आग

**चतरा।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत चतरा-हजारीबाग मुख्य पथ पर गुरुवार की देर रात भारतीय स्टेट बैंक के तपेज शाखा के एटीएम तोड़कर अपराधियों ने करीब चार लाख रुपये की चोरी कर ली। साथ ही चोरी के बाद अपराधियों ने एटीएम रूम में आग लगा दी। घटना की जानकारी शुक्रवार को सुबह में तब हुई, जब एक व्यक्ति एटीएम से कैश निकालने के लिए पहुंचा। इसके बाद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने बैंक कर्मियों को घटना की जानकारी दी। उसके बाद बैंक कर्मी मौके पर पहुंचे और चोरी गए कैश का मिलान किया। आग से एटीएम जल गया और कमरे में धुआं और कालिख का निशान जम गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद एसडीपीओ संदीप सुमन पुलिस टीम के साथ पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना करने के साथ तपेज एसबीआई शाखा में लगे एटीएम के सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल की। कहा पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। इससे पूर्व भी अपराधी यहां लगे एटीएम को उखाड़ कर ले गए थे और दो दिनों के बाद झाड़ियां से एटीएम को बरामद किया गया था।

### पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठि का आयोजन

**लातेहार।** शहर के पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में शुक्रवार को अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राचार्य शैलेंद्र प्रताप ने बताया कि कक्षा एक से पांच तक छात्रों का प्रथम चक्र व आवधिक परीक्षा को ले कर यह गोष्ठि का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने एवं मोबाइल का कम से कम प्रयोग करने देने की अपील अभिभावकों से की। उन्होंने कहा कि अधिक मोबाइल या टीवी का इस्तेमाल करने से बच्चे चिड़चिड़े हो जाते हैं। और उनके दिमाग आंखों पर भी यह असर करता है। उन्होंने अपने बच्चों का घर पर पढ़ाई पर ध्यान रखने की अपील की।कहा कि स्कूल में सभी बच्चों का प्रोपर केयर किया जाता है।लेकिन घर में भी बच्चों की गतिविधियों पर अभिभावकों को ध्यान रखना चाहिए।संगोष्ठी में कक्षा अध्यापकों के द्वारा अभिभावकों को उनके बच्चों की शैक्षणिक प्रगति के बार में विस्तार से बताया गया। संगोष्ठी में कई अभिभावक मौजूद थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/13/2024-25
1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | लातेहार जिला के प्रखण्ड चन्दवा पंचायत माल्हन ग्राम देवनदिया में हगमीगढ़ा से पुराना बांध तक नाली निर्माण। | 1035500 | 20800 | 2500 | 3 माह |
| 02 | लातेहार जिला के प्रखण्ड चन्दवा पंचायत माल्हन ग्राम देवनदिया स्कूल से लेकर सरना तक नाली निर्माण। | 1293200 | 25900 | 2500 | 3 माह |
| 03 | लातेहार जिला के प्रखण्ड चन्दवा पंचायत माल्हन ग्राम माल्हन में केकराही रामजीत गंझू के घर से लेकर देवनद नदी तक नाली निर्माण। | 142400 | 2900 | 500 | 1 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 28.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 28.08.2024 से दिनांक 04.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –06.09.2024 अपराह्न 1:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 333624 Rural Development(24-25)#D

GOVERNMENT OF JHARKHAND
URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT, NAGAR PANCHAYAT, HUSSAINABAD

E-PROCUREMENT NOTICE (SHORT-TERM NOTICE)
Reference No. UDHD/NPH/04/2024-25

| Sl. | Ward no. | Reference no. | Scheme name | Estimated cost | Earnest money (2% of est. Cost) | Tender fee | Time of completion of work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 08, 09 | UDHD/NPH/04/2024-25/01 | Construction of PCC Road and RCC Drain (R/S & L/S) from Main Market Ambedkar Chowk to Gandhi Chowk,Lambi Gali to House of Lalita Babu | 7799000.00 | 155980.00 | 10000.00 | 09 Month |
| 2 | 12 | UDHD/NPH/04/2024-25/02 | Construction of PCC Road from Harihar Chowk Shukabh Sauchalaya to Durga Badi | 1870900.00 | 37420.00 | 5000.00 | 03 Month |
| शहरी परिवहन मद | | | | | | | |
| 3 | 02 | UDHD/NPH/04/2024-25/03 | Construction of PCC Road from on Kacha Road from Japla Nabinagar Road to Dihwar Asthan | 2661300.00 | 53230.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 4 | 03 | UDHD/NPH/04/2024-25/04 | Construction of PCC Road and Drain (R/S) from the Anumandal hospital Boundary vaya Prema multihospital to Japla Nabinagar Road | 3840800.00 | 76820.00 | 1000 0.00 | 06 Month |
| 5 | 02 | UDHD/NPH/04/2024-25/05 | Construction of PCC Road on Kaccha Road from the Japla Nabinagar Road vaya Mehdinagar Mahabir Mandir to Shihor Devi Dham old Temple | 5031500.00 | 100630.00 | 10000.00 | 09 Month |

| | Part-B | |
|---|---|---|
| 1 | Date of publication of tender on website | 27.08.2024, 02:00 pm |
| 2 | Date starts of submission of bids | 27.08.2024, 02:00 pm |
| 3 | Last date/time of Online submission of bids | 10.09.2024, 03:00 pm |
| 4 | Date of bid opening | 10.09.2024, 04:00 pm |
| 5 | Name & Address of office inviting tender | EXECUTIVE OFFICER NAGAR PANCHAYAT HUSSAINABAD |
| 6 | Contact no. Of procurement officer | 8580180458 |
| 7 | Helpline number of e- procurement cell | 9798635093 |

Note: - Only E- Tender will be accepted. Further details can be seen of website Http://jharkhandtenders.gov.in and Notice Board office of the Nagar Panchayat Hussainabad.

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 333494 (District) 24-25 (D)

GOVERNMENT OF JHARKHAND
URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT
NAGAR PANCHAYAT, HUSSAINABAD

E-PROCUREMENT NOTICE (VERYSHORT-TERM NOTICE)
Reference No. UDHD/NPH/05/2024-25

Note : - Only E- Tender will be accepted. Further details can be seen of website Http://jharkhand tenders.gov.in and Notice Board office of the Nagar Panchayat Hussainabad.

| Sl. | Ward no. | Reference no. | Scheme name | Estimated cost | Earnest money (2% of est. Cost) | Tender fee | Time of completion of work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नागरिक सुविधा मद | | | | | | | |
| 1 | 3 | UDHD/NPH/05/2024-25/01 | Construction of R.C.C. Drain from House of Jagdish Shahu to New Primary School Rambigha (3rd Call) | 1222900.00 | 24500.00 | 5000.00 | 02 Month |
| 15वें वित्त मद | | | | | | | |
| 2 | 07 | UDHD/NPH/05/2024-25/02 | Construction of RCC Drain From Sarafat Ansari home to Badrudin mansuri Home and its Connected Drain (3rd Call) | 2099400.00 | 42000.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 3 | 07 | UDHD/NPH/05/2024-25/03 | Construction of PCC Road And Drain (R/S & L/S) from Khalil Hasmi to Sonu Video Hall (3rd Call) | 1798300.00 | 36000.00 | 5000.00 | 03 Month |

| | Part-B | |
|---|---|---|
| 1 | Date of publication of tender on website | 27.08.2024, 02:00 pm |
| 2 | Date starts of submission of bids | 27.08.2024, 02:00 pm |
| 3 | Last date/time of Online submission of bids | 04.09.2024, 03:00 pm |
| 4 | Date of bid opening | 04.09.2024, 04:00 pm |
| 5 | Name & Address of office inviting tender | EXECUTIVE OFFICER NAGAR PANCHAYAT HUSSAINABAD |
| 6 | Contact no. Of procurement officer | 8580180458 |
| 7 | Helpline number of e- procurement cell | 9798635093 |

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 333493 District(24-25)#D

## रॉड्रिग्स के लिए टी20 विश्व कप तैयारियों का हिस्सा है डब्लूसीपीएल



एजेंसी

**नई दिल्ली।** हंड्रेड और डब्लूबीबीएल का हिस्सा रह चुकीं जेमिमाह रॉड्रिग्स पहली बार महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग (डब्लूसीपीएल ) खेलने जा रही हैं। वह इस टूर्नामेंट को टी20 विश्व कप के तैयारियों के लिए एक अहम हिस्सा मानती हैं। बुधवार से शुरू हुए डब्लूसीपीएल में वह हमवतन शिखा पांडे के साथ ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स टीम का हिस्सा हैं। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले हुए मीडिया बातचीत में रॉड्रिग्स ने कहा, "टी 20 विश्व कप से पहले मेरे पास यही कुछ मैच हैं। कुछ नई चीज़ें हैं, जिनका मैं लगातार अभ्यास कर रही थी और यहां मैं उन्हें आज़माने वाली हूं। फ्रेंचाइजी क्रिकेट मुझे हमेशा उत्साहित करती है। अक्टूबर में दुबई में होने वाला टी20 विश्व कप रॉड्रिग्स का चौथा टी20 विश्व कप होगा। उन्होंने कहा, "मुझे यात्रा करना और अलग-अलग टीमों के लिए खेलना पसंद है। मुझे नए लोगों से मिलना और नए क्रिकेटरों को जानना अच्छा लगता है। मुझे यह जानना अच्छा लगता है कि वे अलग-अलग परिस्थितियों में अपने शरीर और दिमाग़ को कैसे ढालती हैं और कैसे खेलती हैं। आप जब भी क्रिकेट खेलने मैदान पर उतरते हो, परिस्थितियां बदली रहती हैं। दबाव के क्षणों में ये तैयारियां बहुत काम आती हैं। मैं इस टूर्नामेंट को विश्व कप की तैयारियों की तरह देख रही हूं। इसके साथ ही यह मेरी ज़िम्मेदारी है कि मैं ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स की टीम को टूर्नामेंट में आगे बढ़ने में मदद भी करूं। कुल मिलाकर मैं यहां खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

रॉड्रिग्स फ़िलहाल भारत के लिए टी20 मैचों में नंबर पांच पर खेलती हैं, लेकिन डब्लूसीपीएल में वह नंबर तीन पर खेलती हुई दिखेंगी। क्या यह चुनौतीपूर्ण होगा? रॉड्रिग्स ने कहा, "मुझे लगता है कि हर बल्लेबाज का अपना एक अलग फार्मूला होता है। मेरे लिए परिस्थितियों को जल्दी से पढ़ना और उनके अनुसार शॉट खेलना अधिक महत्वपूर्ण है। यहां पिच धीमी होंगी, तो मुझे उसके अनुसार बल्लेबाजी करनी होगी। मैं इन चीज़ों को लेकर हमेशा से स्पष्ट रहना चाहती हूं ताकि मेरे दिमाग़ में भी एक स्पष्टता रहे।



"ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने अपने **90.61** मीटर के अंतिम थ्रो के साथ और जर्मनी के जूलियन वेबर ने **88.37** मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ क्रमशः पहला और तीसरा स्थान हासिल किया।

# नीरज... फिर 90 से नीचे

## फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

एजेंसी

**लुसाने।** पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता नीरज चोपड़ा गुरुवार को लुसाने डायमंड लीग में अपने छठे और अंतिम थ्रो में 89.49 मीटर की दूरी तय करके दूसरे स्थान पर रहते हुये रजत पर कब्जा जमाया। ओलंपिक में बाद नीरज एक बार फिर 90 मीटर थ्रो का बेंच मार्क प्राप्त नहीं कर पाये इससे भारतीय प्रशंसक थोड़ा निराश दिखे। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने अपने 90.61 मीटर के अंतिम थ्रो के साथ और जर्मनी के जूलियन वेबर ने 88.37 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ क्रमशः पहला और तीसरा स्थान हासिल किया। यह चोपड़ा का इस सीज़न का सर्वश्रेष्ठ और अब तक का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो था। पेरिस में उन्होंने 89.45 मीटर की दूरी तय की। चोपड़ा थ्रो के चौथे राउंड के अंत तक चौथे स्थान पर थे, और वह अपने पांचवें थ्रो में 85.58 मीटर की थ्रो के साथ शीर्ष तीन में पहुंच गए और अगले महीने ब्रुसेल्स में होने वाले डायमंड लीग 2024 के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। चौथा स्थान यूक्रेन के अर्तुर फेलनर ने हासिल किया, जिनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 83.38 मीटर था। इससे पहले पेरिस ओलंपिक में, हालांकि चोपड़ा स्वर्ण नहीं जीत सके, फिर भी उन्होंने भारत के लिए इतिहास रचा, पहलवान सुशील कुमार के बाद ओलंपिक में लगातार पदक जीतने वाले दूसरे पुरुष और कुल मिलाकर तीसरे खिलाड़ी बने, सुशील ने 2008 और 2012 के ओलंपिक खेल कांस्य और रजत पदक जीता।

पी.वी. सिंधु लगातार ओलंपिक में पदक जीतने वाली अन्य भारतीय हैं, 2016 में रियो में रजत और टोक्यो 2020 में कांस्य पदक। पेरिस में, चोपड़ा ने 89.45 मीटर तक भाला फेंका, जो 87.58 मीटर में स्पष्ट सुधार था जिसने उन्हें टोक्यो में स्वर्ण पदक दिलाया, लेकिन यह मौजूदा विश्व चैंपियन और डायमंड लीग फाइनल विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम के लिए पर्याप्त साबित नहीं हुआ, जो उनके अच्छे दोस्त हैं । नदीम ने 92.97 मीटर के विशाल थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीतने का ओलंपिक रिकॉर्ड बनाकर उन्हें पीछे छोड़ दिया।

## सतपाल, सुशील कुमार, रवि दहिया और अमन 'मेरे लिए प्रेरणा के स्रोत' हैं: रौनक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** युवा पहलवान रौनक दहिया जॉर्डन के अम्मान में अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में ग्रीको-रोमन 110 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक हासिल करने के बाद शुक्रवार को प्रसिद्ध छत्रसाल अखाड़े में लौट आए। वरिष्ठ पहलवानों की एक लंबी कतार से प्रशिक्षित और प्रेरित, रौनक ने आईएएनएस से बात की और बताया कि कैसे 'महाबली' सतपाल सिंह, सुशील कुमार, रवि दहिया और अब अमन सहरावत जैसे महान खिलाड़ियों से घिरे रहने ने उन्हें इस दिशा में कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया है। रौनक ने आईएएनएस से कहा, "सतपाल सर, सुशील, रवि, अमन मेरी प्रेरणा के स्रोत हैं और अगर भगवान ने इजाजत दी तो मुझे भी पदक मिलेगा और उम्मीद है कि मैं अपने छोटे भाइयों के लिए प्रेरणा बन सकता हूं और यही उन्हें आगे बढ़ाएगा। छत्रसाल अखाड़े की ओलंपिक पदक विजेता पहलवानों को प्रशिक्षित करने में प्रसिद्ध कुश्ती कोच सतपाल सिंह के संरक्षण में एक शानदार प्रतिष्ठा है। अखाड़े के एथलीटों ने कुल छह पदक जीते हैं, जिसमें सुशील कुमार ने दो बार सम्मान जीता है और अमन, रवि दहिया, बजरंग पुनिया और योगेश्वर दत्त सभी ने एक-एक पदक जीता है। रौनक ने अपने कांस्य पदक जीतने के अभियान की शुरुआत अर्तुर मनवेलियन पर 8-1 की जीत के साथ की और उसके बाद डेनियल मसलाकोउ पर शानदार तकनीकी श्रेष्ठता वाली जीत हासिल की।



## बोर्ड और टी 20 फ्रेंचाइजी विवाद सुलझाएं : साउदी

एजेंसी

**मुंबई।** न्यूज़ीलैंड के कई अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने के लिए केंद्रीय अनुबंध से खुद को बाहर रख रहे हैं। इस संदर्भ में न्यूज़ीलैंड के टेस्ट कप्तान टिम साउदी को यह उम्मीद है कि क्रिकेट बोर्ड और टी 20 फ्रेंचाइजी 'क्लब बनाम देश' के विवाद को सुलझाने के लिए एक साथ आएंगे। साउदी चाहते हैं कि क्रिकेट बोर्ड और फ़्रैंचाइज़ी इस मसले पर एक साथ मिल कर काम करें ताकि खिलाड़ियों के लिए यह आसान हो सके कि उन्हें इन दोनों विकल्पों में से किसका चयन करना है। न्यूज़ीलैंड फ़िलहाल उन देशों में से है, जिसके सबसे ज़्यादा खिलाड़ी फ्रेंचाइजी क्रिकेट के लिए केंद्रीय अनुबंध को ठुकरा रहे हैं। इसमें केन विलियमसन, ट्रेंट बोल्ट, लॉकी फर्ग्युसन जैसे बड़े नाम शामिल हैं। फ़िन एलन भी बीबीएल में पर्थ स्कोर्चर्स की टीम में दो साल के लिए शामिल होने वाले हैं। इस सूची में डेवन कॉन्वे का भी नाम है, लेकिन उन्होंने अस्थायी अनुबंध पर हस्ताक्षर किया है। इसका मतलब है कि वह आगामी सीज़न में खेले जाने वाले सभी नौ टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध होंगे और जनवरी में सफेद़ गेंद के मैचों को छोड़कर एसए20 टूर्नामेंट में खेलेंगे। विलियमसन भी यही करने वाले हैं।



## बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन का नाम हत्या केस में शामिल

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** बांग्लादेश के सीनियर क्रिकेटर शाकिब अल हसन का नाम एक हत्या केस की एफआईआर में 156 लोगों के साथ दर्ज किया गया है। ढाका के अडाबर इलाके का यह केस इस महीने की शुरुआत में छात्रों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन से जुड़ा है। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह एफआईआर 22 अगस्त को रुबेल के पिता रफीकुल इस्लाम द्वारा दर्ज कराई गई थी, जिसमें 154 स्थानीय अवामी लीग के नेताओं और कार्यकर्ताओं के नाम हैं, जिन्हें उनके बेटे की 7 अगस्त को हुई मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। इसमें शाकिब और तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना का नाम भी शामिल है, जो बाद में भारत चली गईं। रिपोर्ट में कहा गया, "इसके अलावा, 400-500 अज्ञात लोगों को भी इस केस में आरोपी बनाया गया है। केस के मुताबिक, रुबेल 5 अगस्त को सरकारी नौकरियों में आरक्षण सुधार की मांग कर रहे छात्र आंदोलन के शांतिपूर्ण प्रदर्शन में शामिल हुआ था। हसीना और अन्य आरोपियों के आदेश पर, अज्ञात लोगों ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर गोली चला दी। इस घटना में रुबेल के सीने में दो गोलियां लगीं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में उसकी मौत हो गई। चार्जशीट के अनुसार, शाकिब को इस एफआईआर में आरोपी नंबर 28 के रूप में दर्ज किया गया है।

## प्रसिद्धि को खुद पर हावी नहीं होने दूंगा : अमन

**नई दिल्ली।** अमन सहरावत ने 2024 पेरिस ओलंपिक में कुश्ती में भारत के लिए एकमात्र पदक जीता जब उन्होंने पुरुषों के 57 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। 21 वर्षीय यह खिलाड़ी 11 साल की उम्र से प्रसिद्ध छत्रसाल अखाड़े में है और उसकी नजरें हमेशा ओलंपिक पदक पर टिकी थीं। छत्रसाल अखाड़े में अमन के कमरे की दीवारों पर 'ओलंपिक गोल्ड' और 'अगर यह आसान होता, तो हर कोई इसे करता' शब्द लिखे हुए हैं और खेलों में भारत के सबसे कम उम्र के पदक विजेता कांस्य पदक से संतुष्ट नहीं हैं जो वह पहले ही जीत चुके हैं।

### राज्यस्तरीय नेहरू कप हॉकी प्रतियोगिता 2024-25 का दूसरा दिन

## अंडर 17 बालिका वर्ग : रांची ने खूंटी और सिमडेगा ने हजारीबाग को किया पराजित

- अंडर 15 बालक वर्ग मुकाबले में हजारीबाग और सिमडेगा का शानदार प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राज्यस्तरीय नेहरू कप हॉकी प्रतियोगिता 2024-25 के दूसरे दिन अंडर 17 बालिका वर्ग मुकाबले के सेमीफइनल में रांची ने खूंटी को 5-0 से और सिमडेगा ने हजारीबाग को 07-1 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। खेल का आयोजन मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम और बरियातू बालिका मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में किया गया है। शुक्रवार को हुए अंडर 17 बालिका वर्ग मुकाबले में खूंटी बनाम गढ़वा के बीच हुए मुकाबले में खूंटी ने गढ़वा को 10-0 से पराजित कर दिया। सिमडेगा बनाम गुमला के बीच हुए बालिका वर्ग मुकाबले में सिमडेगा ने गुमला को 1-0 से हरा दिया। रांची बनाम बोकारो के बीच हुए मुकाबले में रांची ने बोकारो को 13-0 के बड़े अंतर से पराजित कर दिया। हजारीबाग बनाम गिरिडीह के बीच हुए मुकाबले में हजारीबाग ने गिरिडीह को 8-0 से पराजित कर दिया। अंडर 17 बालिका वर्ग मुकाबले का फाइनल मैच रांची बनाम सिमडेगा के बीच 24 अगस्त को खेला जायेगा।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## सरकार को उम्मीद, बेहतर मानसून से खाद्य मुद्रास्फीति में आएगी और कमी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय की गुरुवार को जारी मासिक समीक्षा के अनुसार, जुलाई में भारतीय अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति का दबाव कम हुआ और इस साल बेहतर मानसून के कारण कृषि उत्पादन में वृद्धि के साथ खाद्य मुद्रास्फीति में और कमी आने की उम्मीद है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति जून 2024 में 5.1 प्रतिशत से घटकर जुलाई 2024 में 3.5 प्रतिशत हो गई, जो सितंबर 2019 के बाद सबसे कम है। इसका मुख्य कारण खाद्य मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट थी। समीक्षा में कहा गया है कि जून 2024 में यह 9.4 प्रतिशत से घटकर जुलाई 2024 में 5.4 प्रतिशत हो गई। खाद्य मुद्रास्फीति में आई पर्याप्त गिरावट को मुख्य रूप से सब्जी मुद्रास्फीति में जून 2024 के 29.3 प्रतिशत से जुलाई 2024 में 6.8 प्रतिशत तक की गिरावट और 'तेल और वसा' तथा मसालों में हल्के डीफ्लेशन से मदद मिली। दूसरी ओर, कोर मुद्रास्फीति (जिसमें खाद्य और ईंधन शामिल नहीं है) जुलाई 2024 में 3.3 प्रतिशत के मध्यम स्तर पर थी। समीक्षा के अनुसार, कुल मिलाकर, वित्त वर्ष 2025 के पहले चार महीनों में खुदरा मुद्रास्फीति दर घटकर 4.6 प्रतिशत हो गई, जबकि वित्त वर्ष 24 (अप्रैल-जुलाई) में यह 5.3 प्रतिशत थी।

मध्यम कोर मुद्रास्फीति और मानसून में सकारात्मक प्रगति के साथ, हेडलाइन मुद्रास्फीति का नजरिया सकारात्मक है। अगर मानसून सामान्य रहा तो वित्त वर्ष 2025 के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति आरबीआई द्वारा 4.5 प्रतिशत और दूसरी तिमाही में 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। दक्षिण-पश्चिम मानसून की लगातार प्रगति ने कृषि गतिविधियों को समर्थन दिया है। 19 अगस्त, 2024 तक कुल दक्षिण-पश्चिम मानसून वर्षा लंबी अवधि के औसत से 3 प्रतिशत अधिक थी। इसके अलावा, लोकल डिस्ट्रीब्यूशन में सुधार हुआ है, 84 प्रतिशत उपखंडों में सामान्य या अधिक वर्षा हुई है। इससे खरीफ की अच्छी बुआई संभव हो सकी है। 16 अगस्त तक, कुल खाद्यान्न के तहत वास्तविक बुआई क्षेत्र पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 4.8 प्रतिशत अधिक था, जबकि अनाज और दालों में प्रगति पिछले वर्ष की तुलना में 4.6 प्रतिशत और 5.7 प्रतिशत अधिक थी।

## टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग से पैदा होंगी एंट्री लेवल की ज्यादा नौकरियां

**नई दिल्ली।** प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के तहत स्थानीय टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग पर जोर देने से एंट्री लेवल की नौकरियों के अधिक अवसर पैदा होंगे और इससे अधिक कुशल मानव संसाधन बनाने में सफलता मिलेगी। टेलीकॉम सेक्टर के लिए उपकरणों की मैन्युफैक्चरिंग करने वाली कंपनियों से बातचीत करते हुए केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समावेशी और सहयोगात्मक नीतिगत निर्णय लेने को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण के अनुरूप है। मंत्री ने कहा कि सरकार का ध्यान तय समय में समस्याओं को सुलझाने और साथ ही इंडस्ट्री-फ्रेंडली प्रोसेस बनाने पर है। यह मीटिंग टेलीकॉम उपकरण बनाने वाली कंपनियों के साथ हाल ही में बनाई गई स्टेकहोल्डर एडवाइजरी कमेटी (एसएसी) का हिस्सा थी।

## मुंबई में तेजी से बढ़ रहे प्राइम प्रॉपर्टियों के दाम, दुनिया में मिली दूसरी रैंक

एजेंसी



**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई की प्राइम प्रॉपर्टियों की कीमत में अप्रैल-जून 2024 की अवधि में दुनिया में दूसरे नंबर पर सबसे अधिक तेजी दर्ज की गई। शुक्रवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में बताया गया कि रिहायशी प्रॉपर्टियों की मांग में बढ़ोतरी होने के कारण मुंबई में प्राइम प्रॉपर्टी की कीमतों में इजाफा देखने को मिला है। नाइट फ्रैंक की ओर से जारी किए गए डेटा में बताया गया है कि मुंबई में प्राइम रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी की कीमत में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत का इजाफा हुआ है, जिसके कारण 'प्राइस ग्लोबल सिटीज इंडेक्स' में यह दूसरे नंबर पर आ गया है, जो 2023 में समान अवधि में यह छठे नंबर पर था। नाइट फ्रैंक इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और चेयरमैन शिशिर बैजल ने कहा कि प्रीमियम सेगमेंट में तेजी भारतीय बाजार में बिक्री बढ़ने की अहम वजह है। यह 2024 की दूसरी तिमाही में देखने को मिला है। आय बढ़ने और लाइफस्टाइल में बदलाव आने के कारण देश में प्राइम रेजिडेंशियल मार्केट तेजी से आगे बढ़ रहा है। 'प्राइम ग्लोबल सिटीज इंडेक्स' में दुनियाभर के 44 शहरों की प्राइम रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी की कीमतों को ट्रैक किया जाता है। रिपोर्ट में बताया गया कि 2024 की दूसरी तिमाही में इन 44 शहरों में औसत कीमतों में बढ़ोतरी 2.6 प्रतिशत की थी, जो कि 2024 की पहली तिमाही में 4.1 प्रतिशत थी। यह लंबी अवधि के औसत 5.3 प्रतिशत से कम है। दूसरी तिमाही में मनीला 26 प्रतिशत की तेजी के साथ टॉप पर रहा है।

## ईवी इकोसिस्टम के विकास और स्थानीय मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सरकार देश में इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) इकोसिस्टम एवं स्थानीय मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने और स्थिर विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय भारी उद्योग और स्टील मंत्री एचडी कुमारस्वामी की ओर से यह जानकारी दी गई है। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किए गए एक पोस्ट-बजट वेबिनार में कुमारस्वामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन भारत को 2047 तक विकसित बनाना है। साथ ही 2070 तक नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करना है। मंत्री ने आगे कहा कि सरकार पीएलआई, फेम, ईएमपीएस और एडवांस कैपिटल गुड्स स्कीम के जरिए भारत के ईवी इकोसिस्टम के विकास और स्थानीय मैन्युफैक्चरिंग और स्थिर विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इससे देश की आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ने की गति और तेज होगी।

## अयोग्य पायलट्स के साथ विमान संचालन, एयर इंडिया पर जुर्माना

एजेंसी



**नई दिल्ली।** नागरिक विमान सेवाओं का नियमन करने वाली सरकारी एजेंसी डीजीसीए ने टाटा ग्रुप की एयरलाइन एयर इंडिया पर अयोग्य क्रू मेंबर्स के साथ विमान का संचालन करने के लिए 90 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। सरकारी एजेंसी द्वारा आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। इसके अलावा एयर इंडिया के डायरेक्टर ऑपरेशन पर 6 लाख रुपये और डायरेक्टर ट्रेनिंग पर 3 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। साथ ही भविष्य में ऐसा न हो, इसके लिए संबंधित पायलट को भी चेतावनी दी गई है।

एयर इंडिया की ओर से एक विमान का संचालन किया गया था, जिसमें नॉन-ट्रेनर लाइन कैप्टन को नॉन-लाइन-रिलीज फर्स्ट ऑफिसर के साथ नियुक्त किया था। डीजीसीए ने इसे महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रभाव वाली एक गंभीर शेड्यूलिंग घटना के रूप में देखा। एयर इंडिया की ओर से 10 जुलाई को डीजीसीए दी गई एक रिपोर्ट के बाद इसका खुलासा हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीजीसीए ने एयर इंडिया के ऑपरेशन और एयरलाइन के शेड्यूलिंग के दस्तावेजों की जांच की।

## अधिकार मार्च में बोलीं झामुमो सांसद महुआ माजी

# कोयला रॉयल्टी का 1.36 लाख करोड़ नहीं दे रही केंद्र

- *युवा आक्रोश रैली झारखंड को अशांत करने की कोशिश*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झामुमो ने केंद्र सरकार के खिलाफ शुक्रवार को 'अधिकार मार्च' निकाला। जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक मार्च निकालने के बाद वहां झामुमो नेताओं ने एक जनसभा को संबोधित किया। राज्यसभा की सांसद महुआ माजी ने मोरहाबादी में आयोजित भाजपा की युवा इकाई भाजयुमो की युवा आक्रोश रैली को झारखंड को अशांत करने की कोशिश करार दिया। राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि झामुमो का यह मार्च केंद्र सरकार के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड के साथ खिलवाड़ कर रही है। सिर्फ कोयले की रॉयल्टी के 1.36 लाख करोड़ बकाया हैं। सीएम हेमंत सोरेन ने कई बार केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि वह पैसे राज्य सरकार को दिए जाएं। मैंने खुद राज्यसभा में इसका मुद्दा उठाया, लेकिन अब तक झारखंड को उसके हक के पैसे नहीं मिले हैं। कार्यक्रम केंद्रीय सचिव नन्द किशोर मेहता, केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, जिला उपाध्यक्ष बीरू तिर्की, रामानंद बेदिया, जनक नायक, अश्विनी शर्मा, कलाम आजाद, बीरू साहू, जिला सचिव हेमलाल कु मेहता, संयुक्त सचिव आदिल इमाम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।




### कोयले की रॉयल्टी से झारखंड के युवाओं को मिलेगा रोजगार

उन्होंने कहा कि अगर ये पैसे झारखंड सरकार को मिल जाएं, तो उस पैसे से यहां के तमाम युवाओं को रोजगार मिल सकती है। राज्यसभा सांसद ने कहा कि झारखंड का अधिकार देने की बजाय केंद्र की भाजपा सरकार यहां के युवाओं को भड़का रही है। युवा आक्रोश रैली निकाल रही है। इसका उद्देश्य झारखंड को अशांत करना है। उन्होंने कहा कि केंद्र अपनी मंशा पूरी करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहा है।

### झारखंड में बार-बार चलाया जा रहा ऑपरेशन लोटस

महुआ माजी ने केंद्र सरकार पर झारखंड में ऑपरेशन लोटस चलाने का भी आरोप लगाया। कहा कि बार-बार प्रदेश में ऑपरेशन लोटस चलाने का प्रयास होता है। केंद्रीय जांच एजेंसियों प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के जरिए चुनी हुई सरकार को परेशान किया जाता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया जाता है, राज्य सरकार के खिलाफ बार-बार षड्यंत्र किया जाता है। केंद्र सरकार को हर हाल में झारखंड को उसका अधिकार देना होगा। झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने झारखंड के हक एवं अधिकार को छीनने का कार्य किया है। केंद्र सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों में हमेशा झारखण्ड राज्य की उपेक्षा की गई है। झारखंडि यों के हक- अधिकार एवं सम्मान को कुचलने का प्रयास किया गया है। केंद्र की भाजपा सरकार के झारखण्ड विरोधी मानसिकता एवं दोहरे चरित्र के खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा झारखंडी अधिकार मार्च निकाला है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो रांची जिला के सभी केंद्रीय सदस्य, जिला के सभी पदाधिकारी, वर्ग संगठन के पदाधिकारी, प्रखंड एवं पंचायत के सभी पदाधिकारी एवं पार्टी के वरिष्ठ नेतागण शामिल हुए।

## भाजपा कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज

# यह राज्य सरकार की हताशापूर्ण कार्रवाई है

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मोरहाबादी में युवा आक्रोश रैली पर हुए लाठीचार्ज और पुलिसिया बर्बरता पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने निंदा की है।



उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार से झारखंड के युवा उनके ही वायदों का जवाब मांगने आए थे। रोजगार, बेरोजगारी भत्ता, युवाओं पर हो रहे अत्याचार, आदिवासियों पर हो रहे जुल्म, महिलाओं पर हो रहे व्यभिचार जैसे मुद्दों पर झारखंडवासियों को झूठे सपने दिखाकर हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बने। सेठ ने कहा कि सीएम बनने के बाद हेमंत सोरेन ने 5 साल में झारखंड में भ्रष्टाचार, अत्याचार को बढ़ावा देने का काम किया है। इन सब चीजों का जवाब मांगने राज्यभर के युवा मोरहाबादी आए थे। शांतिपूर्ण तरीके से युवा प्रर्दशन कर रहे थे, सरकार से जवाब मांग रहे थे परंतु मुख्यमंत्री ने अपनी तानाशाही का परिचय दिया। पहले तो कंटीले तारों की बेरीकेटिंग की और युवा जब जवाब मांगने के लिए आगे बढ़े तो उन पर लाठियां बरसाई। आंसू गैस के गोले छोड़े। ऐसा करके मुख्यमंत्री ने अपने डर को प्रमाणित किया है। युवा इनकी ईट से ईट बजाने को तैयार हैं। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि अब इस राज्य के युवा यह तय कर चुके हैं कि युवाओं पर लाठियां बरसाने, रोजगार मांगने वाले पर बर्बरतापूर्ण कार्रवाई करने वाली, आदिवासी महिला अत्याचार पर मुखर होकर बोलने वालों पर यह सरकार तानाशाही कर रही है।

## भाजपा युवा मोर्चा की आक्रोश रैली में गरजे नेता व कार्यकर्ता, बोले बाबूलाल

# वादों पर खरा नहीं उतरने के लिए माफी मांगें हेमंत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मोरहाबादी में आयोजित भाजपा युवा मोर्चा के आक्रोश रैली को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आप याद कीजिए झारखंड की सरकार ने नौजवानों को किस प्रकार ठगा है। उन्होंने झारखंड के युवाओं से प्रतिवर्ष 5 लाख सरकारी नौकरी देने का वादा किया था। नौकरी नहीं तो बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था। बेरोजगारी भत्ता की बात इन्होंने विधानसभा में कही थी। इतना ही नहीं उन्होंने अपना वादा पूरा नहीं करने पर राजनीति से संन्यास लेने की बात कही थी। 5 साल गुजर गए, लेकिन हेमंत सरकार युवाओं को सरकारी नौकरी नहीं दे पाई। नौकरी तो दिया नहीं और सन्यास भी नहीं लिया तो अगर थोड़ी भी आपमें नैतिकता बची हो तो आपको सार्वजनिक रूप से अपनी वादाखिलाफी को लेकर नौजवानों से माफी मांगनी चाहिए। आप झूठ भी बोलते हो और माफी भी नहीं मांगते हैं तो जनता आपके दरवाजे तक उसका हिसाब मांगने पहुंची हुई है। आप माफी मांगिए, नहीं तो राज्य भर के युवा आपसे हिसाब मांगने आपकी चौखट पर ही आ रहे हैं।



### हेमंत युवाओं का आक्रोश देखकर डरे सहमे हैं

उनकी सरकार घबराई हुई है। प्रदेश की जनता- जनार्दन देख रही है, किस प्रकार से युवाओं के आंदोलन को तानाशाही तरीके से दबाने का प्रयास किया जा रहा है। हेमंत सोरेन जी , हम लोग तो इस आंदोलन को रांची के मोरहाबादी मैदान में करने वाले थे लेकिन आपने जिस प्रकार रोकने और कार्यक्रम को बाधित करने की कोशिश की पूरे राज्य में नौजवानों को उग्र कर दिया है। कार्यक्रम

# झारखंड विस चुनाव के लिए आयोग ने कसी कमर

- *जिला निर्वाचन पदाधिकारियों की दो दिवसीय ट्रेनिंग शुरू*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर सिर्फ राजनीतिक पार्टियां ही नहीं चुनाव आयोग भी जुटा हुआ है। आज रांची में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों की दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव आयुक्त भी पहुंचे से प्रशिक्षण शिविर में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से प्रशिक्षक (रिसोर्स पर्सन) के रूप में नामित पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आरिज आफताब भी पहुंचे हुए थे। उन्होंने झारखंड के पदाधिकारियों को चुनाव से जुड़े विभिन्न विषयों पर व्यावहारिक अनुभवों को साझा किया। इस दौरान उन्होंने विधि व्यवस्था को लेकर ध्यान में रखने वाली महत्वपूर्ण बातों का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने निर्वाचन के दौरान बुनियादी चुनाव प्रबंधन प्रणाली के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी दी। झारखंड के मुख्य चुनाव अधिकारी के। रवि कुमार ने कहा कि इस फेस टू फेस प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के चुनाव संबंधी ज्ञान के संवर्धन तथा उनकी विभिन्न शंकाओं के समाधान का प्रयास किया जायेगा।

## पृष्ठ एक के शेष

**विस चुनाव को लेकर राजनीतिक...**

रूप में पार्टी हित में रणनीति बनाने में जुटे हैं। कई अन्य छोटे दल भी अपनी पैठ बनाने के लिए सिर उठाने लगे हैं। बहरहाल अभी चुनाव बिगुल से पूर्व सभी राजनीतिक दल अपनी-अपनी मोहरा तैयार करने में लगे हैं। इस खेल में अभी कई बदलाव भी देखने को मिलेगा। जिसके बाद चुनावी माहौल का परिदृश्य बदलने की संभावना है। अब देखना दिलचस्प होगा कि झारखंड की राजनीतिक सत्ता के इस दिलचस्प मुकाबले में और अभी क्या कुछ होने वाला है। चुनाव आयोग की बिगुल बजते ही एक बार फिर सरगर्मी तेज होने की गुंजाइश है।

**नाराज विधायक समर्थकों के...**

सहयोग लेकर कार्यक्रम स्थल रांची जाने में बाधक बन रही है। भाजपाई हर जुल्म का करारा जवाब देंगे। आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता इसकी जवाब देगी। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार का आने वाले विधानसभा में जाना तय है। झामुमो सत्ता जाने के डर से अंदर-अंदर डर गई है। विधानसभा चुनाव में जनता जरूर इस सरकार को सबक सिखयेगी। मौके पर कई महिला व पुरुष भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

**रणक्षेत्र में बदला...**

फेंके गए, लहू बहाया गया, ध्यान रहे 'मुख्यमंत्री जी' यह लहू हिसाब लेगा और इस निकम्मी झामुमो-कांग्रेस सरकार को उखाड़ कर बंगाल की खाड़ी में फेंकेगा! कभी किसी सभा में आंसू गैस से हमले होते आपने देखा है? डरपोक हेमंत सोरेन सरकार ने आज यह भी कर दिखाया है। कहा हेमंत सोरेन सरकार ने पिछले पांच वर्षों में युवाओं से सिर्फ वादा खिलाफी की और हक मांगने पर लाठी बरसाए, उसकी बानगी शुक्रवार को मोरहाबादी मैदान में फिर देखने को मिली। युवा इसे माफी नहीं करेंगे।

**भाजपा कार्यकर्ताओं ने की पत्थरबाजी, होगी कानूनी कार्रवाई : एसएसपी**

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता बैरिकेट्स तोड़कर मुख्यमंत्री आवास जाने की कोशिश कर रहे थे और मंच से नेता उन्हें उकसा रहे थे। इस संबंध में जो आवेदन एसडीओ को दिया गया था, वह युवा सम्मेलन के लिए था। किसी आक्रोश रैली की चर्चा नहीं थी। मोरहाबादी मैदान में निषेधाज्ञा लागू है, ऐसे में बैरिकेट्स को तोड़ना और जवानों पर पत्थर चलना गैर कानूनी है। इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे। आंसू गैस छोड़ने के सवाल पर कहा कि भाजपा कार्यकताओं की पत्थरबाजी में हमारे छह-सात जवान घायल हो गए। प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई–निविदा संख्या – 04/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक– 27.07.2024 जिसे विभिन्न समाचार पत्रों में PR No. 331042 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था, के SBD के Section-IV (Qualification Information) Clause 1.2 एवं Clause 1.3 में अंकित Year 2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23 को क्रमशः Year 2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23, 2023-24 पढ़ा जाय। SBD के अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 333616 (Rural Development)24-25*D

**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**(पशुपालन प्रभाग)**
**कार्यालय : जिला पशुपालन पदाधिकारी, लातेहार**

**–: "शिक्षित बेरोजगार युवकों हेतु आम सूचना" :–**

कृत्रिम गर्भाधान से संबंधित प्रशिक्षण हेतु जे०एस०आई०ए०, होटवार, राँची में आवेदन आमंत्रित किया जाता है। केन्द्रीय योजना राष्ट्रीय गोकुल मिशन अन्तर्गत "Establishment of MAITRI" योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में लातेहार जिला को 16 (सोलह) शिक्षित बेरोजगार युवकों को निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध **MAITRI (Multipurpose Artificial Insemination Technicians of Rural India)** प्रशिक्षण दिया जाना है। आवेदन एवं प्रशिक्षण की प्रक्रिया निम्नवत् है:–

1. प्रशिक्षणार्थियों का चयन वैसे स्थानों पर कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र खोलने हेतु किया जायेगा जहाँ पूर्व से कार्यरत् कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र न हो।
2. प्रशिक्षण अवधि :– तीन माह (क) सैद्धांतिक – 30 दिन (ख) प्रायोगिक – 60 दिन
3. आवेदक की आयु :– 18 वर्ष से 45 वर्ष तक।
4. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :– मैट्रिक (इंटरमीडिएट जीव विज्ञान को प्राथमिकता)
5. नामांकन शुल्क :– 2000/– (दो हजार) रुपये मात्र।
6. सुविधाएँ :– निःशुल्क 30 दिवसीय सैद्धांतिक (Classroom) प्रशिक्षण।
7. उपकरण :– 90 दिवसीय प्रशिक्षण की समाप्ति पर प्रमाण–पत्र एवं उपकरण (क्रायोकंटेनर, ए.आई. किट आदि) उपलब्ध कराया जाएगा।
8. कार्य एवं मानदेय :– प्रशिक्षित MAITRI का चयन जे०एस०आई०ए० अन्तर्गत स्थापित कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र हेतु किया जा सकता है। उनके द्वारा विभिन्न केन्द्रीय/राज्य योजनाओं अन्तर्गत कृत्रिम गर्भाधान, गर्भ जाँच, वत्स उत्पत्ति, टीकाकरण, पशु चिन्हितीकरण एवं निबंधन आदि का कार्य किया जायेगा, जिसके लिए सरकार द्वारा अनुमोदित मानदेय प्रदान किया जायेगा।

विशेष जानकारी हेतु अपने प्रखण्ड नोडल पदाधिकारी/ जिला पशुपालन पदाधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है।

निवेदक :–
जिला पशुपालन पदाधिकारी,लातेहार

PR 333593 Animal Husbandry(24-25).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–N.I.T. No.-11/2024-25**

**पत्रांक:–580 दिनांक :–23.08.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा । |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि– | 30.08.2024के अपराह्न 1.00 (एक) बजे तक । |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 31.08.2024के अपराह्न 3.00 (तीन) बजे तक । |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 31.08.2024के अपराह्न 3.30 (साढ़े तीन) बजे । |
| 5. | परिमाण विपत्र विक्री का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा । 2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल का कार्यालय हजारीबाग । |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा । |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Community hall at Morenwa ,SalaiaDist-Chatra for the year 2023-24. | 24,98,650.00 | 50000.00 | 5000.00 | 04 Months |

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, चतरा

PR 333596 (Building)24-25*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज**

**अति अल्पकालीन पुर्न ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 01RIII/2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ**
**दिनांक–23.08.2024**

1. कार्य का नाम :

| क्र0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | प्रखंड | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/16/24-25 | तरहसी | 1 | सिलदिलिया बाजार से कोसियारा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 2.20कि0मी0 | 1372.872 | तेरह करोड़ बहत्तर लाख सत्तासी हजार दो सौ रू0 मात्र | 15 माह | चतुर्थ |
| | | तरहसी | 2 | पी0डब्लू0डी0 पथ से रहेया भाया नावाडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 3.80कि0मी0 | | | | |
| | | तरहसी | 3 | पाठक पगार मोहन बैठा के घर से नहर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 1.00कि0मी0 | | | | |
| | | तरहसी | 4 | कसमार से परपेन तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 1.70कि0मी0 | | | | |
| | | तरहसी | 5 | भालोगाड़ी से टरिया भाया छेछानी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 7.20कि0मी0 | | | | |
| | | तरहसी | 6 | बी0टी0 रोड से सिकनी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 3.20कि0मी0 | | | | |
| | | मनातु | 7 | पी0डब्लू0डी0 पथ जगराहा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 6.40कि0मी0 | | | | |
| | | मनातु | 8 | बी0टी0 पथ से सुरगुजा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 6.50कि0मी0 | | | | |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 27.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 02.09.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 04.08.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 333576 (Rural Development)24-25*D

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू।**
**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

सदर थाना कांड सं0–86/21, दिनांक 30.12.2021 के प्राथमिकी अभि0 राजदेव विश्वकर्मा पिता स्व0 रामनाथ विश्वकर्मा सा0 कौड़िया थाना सदर जिला पलामू झारखण्ड के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक पलामू के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर :– 9431706239
थाना प्रभारी, सदर :– 9572428224

पुलिस अधीक्षक,
पलामू।

PR.NO.333541 Police(24-25):D

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू**
**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

तरहसी थाना कांड सं0–43/2019, दिनांक 25.05.2019 के प्राथमिकी अभि0 विवेक कुमार, पिता रामवृक्ष साव, सा0 परसाई, थाना तरहसी, जिला पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक पलामू के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लेस्लीगंज:– 9264196949
थाना प्रभारी, तरहसी:–9264196949

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 333539 Police(24-25).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/05/2024-25/RE

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | गुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Gr_1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड मनिका पंचायत रॉंकीकला ग्राम रॉंकीकला में ऑंगनबाड़ी भवन निर्माण। | 1108200 | 22200 | 2500 | 3 माह |
| 2 | Gr_2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड मनिका पंचायत कोपे ग्राम जगतु में ऑंगनबाड़ी भवन निर्माण। | 1108200 | 22200 | 2500 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 24.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 24.08.2024 से दिनांक 03.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –05.09.2024 अपराह्न 1:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 333619 Rural Development (24-25)_D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## नेपाल बस दुर्घटना में 24 लोगों के शव बरामद, बचाव अभियान जारी



**काठमांडू।** नेपाल के तनहुन जिले में शुक्रवार सुबह हुए सड़क हादसे में 24 शव बरामद कर लिए गए हैं। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर की यूपी नंबर की बस संतुलन खोने के बाद नदी में जा गिरी। इस बस में 43 भारतीय यात्री सवार थे। यह बस पोखरा से काठमांडू जा रही थी। घटना स्थल पर सशस्त्र पुलिस बल द्वारा रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। घटना स्थल पर बीच-बीच में हो रही बारिश के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन करने में सेना के जवानों को काफी मुश्किल आ रही है। तनहुन के एसपी वीरेंद्र शाही ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। जल्द ही बाकी लोगों को भी रेस्क्यू कर लिया जाएगा। बस में महाराष्ट्र के कुछ लोग भी सवार थे। इस हादसे में बस ड्राइवर की मौके पर मौत हो गई। ड्राइवर मुर्तजा गोरखपुर का रहने वाला था।

# एंटीबायोटिक, एलर्जी, दर्द निवारक, मल्टीविटामिन, बुखार, हाई ब्लड प्रेशर सहित 156 दवाओं के फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन पर रोक

-आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एंटीबायोटिक, एलर्जी की दवा, दर्द निवारक, मल्टीविटामिन , बुखार व हाई ब्लड प्रेशर सहित 156 दवाओं के फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन पर रोक लगा दिया। इसका कारण है इन फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन वाली दवाओं का स्वास्थ्य के लिए खतरनाक होना। इसको लेकर जब देश - विदेश के कई संस्थाओं व संगठनों ने इस मामले को प्रमाण सहित उठाना शुरू किया तब सरकार को इसके लिए मजबूर होना पड़ा। उसके बाद केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक गजट अधिसूचना जारी कर इन दवाओं के प्रोडक्शन, बिक्री और वितरण पर रोक लगाई है।

इस तरह केंद्र सरकार ने कई दवाओं के मेल से बनी दवाइयों (फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन) पर रोक लगा दी है। ऐसी दवाओं में एंटीबायोटिक, एलर्जी की दवा, दर्द निवारक, मल्टीविटामिन , बुखार, हाई ब्लड प्रेशर के लिए दी जाने वाली दवाएं शामिल हैं। यह फैसला ड्रग टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड (DTAB) और केंद्र सरकार द्वारा गठित एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के बाद लिया गया है। सरकार के नोटिफिकेशन में कहा गया है, 'केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त एक विशेषज्ञ समिति और औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड ने इस मामले की जांच की। दोनों ने सिफारिश की कि इन फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन में शामिल सामग्री का कोई चिकित्सीय औचित्य नहीं है।

## ये दवाएं भी लिस्ट में शामिल



कुछ खास दवाओं को फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन लिस्ट में शामिल किया गया है। इनमें मेफेनैमिक एसिड और पैरासिटामोल इंजेक्शन का मिश्रण शामिल है। इसका उपयोग दर्द और सूजन को कम करने के लिए किया जाता है। इसके अलावा, ओमेप्राजोल मैग्नीशियम और डाइसाइक्लोमाइन HCl का संयोजन भी शामिल है। इस संयोजन का उपयोग पेट दर्द के इलाज के लिए किया जाता है। DTAB ने इन दवाओं के दावों को सही नहीं पाया। उनका मानना है कि इनसे मरीजों को फायदा कम , नुकसान ज्यादा है। इसलिए, जनहित में इन दवाओं के उत्पादन, बिक्री और वितरण पर रोक लगा दी गई है। यह रोक Drugs and Cosmetics Act 1940 के सेक्शन 26A के तहत लगाई गई है। अब रोक लगाने पर सवाल यह उठने लगा है कि पहले क्या इन दवाओं का बेहतर तरीके से जांच नहीं किया गया था? बिना पूरी तरह प्रक्रिया का पालन किये ही दवा को बाजार में बेचा जाने लगा ,और डॉक्टर लोग दवा कंपनियों के प्रमोटर बन कर इन्हें मरीजों को देने लगे थे? यह सब तो दवा कंपनियों व डॉक्टरों तथा सरकार के मिलीभगत के बिना हो नहीं सकता है? क्योंकि यह बहुत बड़ा रैकेट जैसा बन गया है। अब तक इन दवाओं से कितने लोगों , मरीजों को नुकसान हो गया होगा, इसकी भरपाई कैसे होगी?

# रूस-यूक्रेन बिना समय गंवाए करें शांतिवार्ता

## भारत का कोई प्रधानमंत्री पहली बार यूक्रेन आया, यह एक ऐतिहासिक घटना



एजेंसी

**कीव।** युद्धग्रस्त यूक्रेन की ऐतिहासिक यात्रा पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कीव में राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों के बीच मरियिंस्की पैलेस में 3 घंटे तक बातचीत हुई। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि मैं यहां शांति का संदेश लेकर आया हूं। पीएम मोदी ने कहा संघर्ष का समाधान जंग के मैदान में नहीं निकल सकता। उन्होंने कहा कि बिना वक्त गंवाए हमें शांति के समाधान की ओर बढ़ना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा 'कुछ समय पहले जब समरकंद में (रूसी) राष्ट्रपति पुतिन से मिला था तो मैंने साफ कहा था कि यह युद्ध का समय नहीं है। मैं पिछले दिनों रूस में मुलाकात के लिए गया था। वहां भी मैंने साफ-साफ कहा कि किसी भी समस्या का समाधान रणभूमि में कभी नहीं हुआ है। समाधान का रास्ता बातचीत और डिप्लोमेसी से निकलता है। हमें बिना समय गंवाए उस दिशा में बढ़ना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'मैं आपको (राष्ट्रपति जेलेंस्की को) मेरे और मेरे प्रतिनिधिमंडल के गर्मजोशी से स्वागत के लिए धन्यवाद देता हूं। भारत का कोई प्रधानमंत्री पहली बार यूक्रेन आया है जो अपने आप में एक ऐतिहासिक घटना है। शनिवार को आपका राष्ट्रीय दिवस है और हम आपको इसके लिए बधाई देते हैं। हम यूक्रेन में शांति के लिए प्रार्थना करते हैं।

**चार समझौतों पर हस्ताक्षर :** इस दौरान दोनों देशों के बीच 4 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें मानवीय सहायता,संस्कृति, चिकित्सा और कृषि क्षेत्र में सहयोग शामिल हैं। पीएम मोदी और जेलेंस्की की मुलाकात के बाद कीव में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, 'जैसा कि आप जानते हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह कीव पहुंचे और हमने अभी-अभी उनकी आधिकारिक बैठकें पूरी की हैं। यह एक ऐतिहासिक यात्रा है। 1992 में राजनयिक संबंधों की स्थापना के बाद से यह पहली बार है कि किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने यूक्रेन का दौरा किया है।



### मोदी ने यूक्रेन युद्ध में मारे गए मासूमों को दी श्रद्धांजलि

**कीव।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को रूस-यूक्रेन युद्ध में मारे गए बच्चों की याद में निर्मित स्मारक पर राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ श्रद्धांजलि दी और उनकी स्मृति को नमन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी अत्यंत भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि युद्ध बच्चों के लिए अत्यंत विनाशकारी होता है। दोनों नेताओं ने शहीद बच्चों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

# शाह ने नेशनल कांफ्रेंस के घोषणापत्र को लेकर राहुल से पूछे 10 सवाल



एजेंसी

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस (एनसी) के गठबंधन पर निशाना साधते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पार्टी और उसके नेता राहुल गांधी से 10 सवाल पूछे हैं। शाह ने कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाते हुए एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, सत्ता के लालच में बार-बार देश की एकता और सुरक्षा के साथ खेलने वाली कांग्रेस पार्टी ने जम्मू-कश्मीर चुनाव में अब्दुल्ला परिवार की नेशनल कांफ्रेंस के साथ गठबंधन करके फिर से अपने मंसूबों को देश के सामने रखा है। शाह ने एनसी के घोषणा पत्र को लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी से 10 सवाल पूछे हैं। अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर को लेकर मोदी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों को सामने रखते हुए अलग पोस्ट में कहा, मोदी सरकार ने 'आर्टिकल 370 और 35ए' हटाने के बाद वर्षों से दलितों, आदिवासियों, पहाड़ियों और पिछड़ों के साथ हो रहे भेदभाव को खत्म करके उन्हें आरक्षण देने का काम किया।

1. उन्होंने पूछा है कि क्या कांग्रेस नेशनल कांफ्रेंस के जम्मू-कश्मीर में फिर से अलग झंडे के वादे का समर्थन करती है?
2. क्या राहुल गया गांधी और कांग्रेस पार्टी अनुच्छेद 370 और 35ए को वापस लाकर जम्मू-कश्मीर को फिर से अशांति और आतंकवाद के युग में धकेलने के जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के निर्णय का समर्थन करती है?
3. क्या कांग्रेस कश्मीर के युवाओं के बदले पाकिस्तान के साथ वार्ता करके फिर से अलगाववाद को बढ़ावा देने का समर्थन करती है?
4. केंद्रीय गृह मंत्री ने सवाल किया कि क्या कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी पाकिस्तान के साथ एलओसी ट्रेड शुरू करने के नेशनल कांफ्रेंस के निर्णय से फिर से बॉर्डर पार से आतंकवाद और उसके इकोसिस्टम का पोषण करने का समर्थन करते हैं?
5. क्या कांग्रेस आतंकवाद और पत्थरबाजी की घटनाओं में शामिल लोगों के परिजनों को फिर से सरकारी नौकरी में बहाल करके आतंकवाद, दहशतगर्दी और बंद के दौर को फिर से लाने का समर्थन करती है?
6. क्या कांग्रेस दलितों, गुज्जर, बकरवाल और पहाड़ियों के आरक्षण को समाप्त कर फिर से उनके साथ अन्याय करने के जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस के वादे के साथ है?
7. क्या कांग्रेस चाहती है कि शंकराचार्य पर्वत फिर से तख्त-ए-सुलिमान और हरि पर्वत फिर से कोह-ए-मारन के नाम से जाने जाएं?
8. अमित शाह ने आगे पूछा कि क्या कांग्रेस जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था को एक बार फिर से भ्रष्टाचार की आग में झोंक कर पाकिस्तान समर्थित गिने चुने परिवारों के हाथों में सौंपने का समर्थन करती है?
9. क्या कांग्रेस पार्टी जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के जम्मू और घाटी के बीच भेदभाव की राजनीति का समर्थन करती है?
10. क्या कांग्रेस और राहुल गांधी कश्मीर को ऑटोनॉमी देने की जम्मू कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस की विभाजनकारी सोच और नीतियों का समर्थन करते हैं?

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** डिजिटल बैंकिंग में करियर बनाने के लिए आपको जानना पड़ेगा कि डिजिटल बैंकिंग क्या होती है? आसान भाषा में कहें तो डिजिटल बैंक और ट्रेडिशनल बैंक एक ही प्रकार की बैंकिंग सेवाएं प्रदान करते हैं। इनमें बस फर्क यह होता है कि बैंक की ब्रांच की तरह डिजिटल बैंक की कोई फिजिकल बैंक नहीं होती। यह पूरी तरह से ऑनलाइन संचालित होता है और तकनीक की मदद से बैंक को ही ग्राहकों तक पहुंचाया जाता है।

# डिजिटल बैंकिंग में बना सकते हैं अपना करियर

## डिजिटल बैंकर बनने के लिए स्किल्स

उद्योग केंद्रित और तकनीकी कौशल के अलावा, डिजिटल बैंकिंग प्रोफेशनल्स के पास पारस्परिक कौशल, संचार, संख्यात्मक और विश्लेषणात्मक कौशल, तार्किक तर्क और सेल्स और ग्राहक संबंधों की इन-डेप्थ जैसे सॉफ्ट स्किल्स होने चाहिए। साथ में, ये एक ठोस नींव रखेंगे जिस पर प्रोफेशनल्स एक सफल डिजिटल बैंकिंग करियर का निर्माण कर सकते हैं।

**डिजिटल जागरूकता:** प्रमुख डिजिटल बैंकिंग पहलू की बुनियादी समझ होना महत्वपूर्ण है और इसे व्यवसाय में कैसे लागू किया जा सकता है। आज की कनेक्टेड दुनिया में ग्राहकों तक पहुंचने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को वरीयता दी जा रही है। डिजिटल बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजिटल मार्केटिंग और बिक्री प्रमुख बिंदु हैं। नए बैंकिंग साधनों से परिचित होने के लिए नई तकनीकों को अपनाना आवश्यक है।



**डेटा कौशल सेट:** डाटा एनालिसिस निर्णय लेने और समस्या-समाधान के लिए महत्वपूर्ण है और बैंक्स में इसका अत्यधिक उपयोग किया जा रहा है। ग्राहक विभाजन (सेगमेंटेशन) से निपटने के लिए डेटा-संचालित दृष्टिकोण बैंकों को लक्षित दर्शकों को संदेश देने की अनुमति देता है। बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करने और अंतर्दृष्टि उत्पन्न करने के लिए डेटा कौशल सेट ज़रूरी हैं।

**डिजिटल दुनिया में रिस्क मैनेजमेंट:** फाइनेंशियल सेवाओं के डिजिटेशन के युग में, नए प्रकार के जोखिम प्रचुर (अबन्डेंट) हैं। सिंथेटिक पहचान धोखाधड़ी, साइबर सुरक्षासे संबंधित जोखिम वास्तव में ग्राहक अनुभव पर बैंक के नियंत्रण के लिए खतरा हो सकते हैं। धीरे-धीरे, बैंकों को डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का उपयोग करके फर्जी ग्राहकों से असली में अंतर करना चाहिए। ऐसे जोखिमों को समझने और प्रबंधित करने में सक्षम होना किसी के लिए महत्वपूर्ण है।




## करियर रोल्स

- **विशनरी:** इंडस्ट्री में बहुत तेजी से कई बदलाव आ रहे हैं। नए नियम और अनुपालन, नई उपभोक्ता अपेक्षाएं, नई टेक्नोलॉजीज, नए प्रतिस्पर्धी व्यापार मॉडल – सभी रोज़ बदलते हैं। इसके अलावा, इन परिवर्तनों के बीच परस्पर क्रिया चीजों को और भी काम्प्लेक्स बना देती हैं।
- **तकनीशियन:** रिटेल बैंकिंग अब ऐसा व्यवसाय नहीं रह गया है जहां एक मजबूत लेखांकन या वित्त पृष्ठभूमि होना ही काफी है।
- **डिज़ाइनर:** सफल डिजिटल बैंकिंग को भी डिजिटल डिज़ाइन को समझने की जरूरत होती है। वित्तीय प्रौद्योगिकी स्टार्टअप और नियोबैंक बैंकिंग उद्योग में लाए गए यूजर अनुभव और फ्रंट एन्ड को डिजाइन करने का एक ताज़ा नया तरीका था। इंटरफ़ेस अनुभव से शुरू हुआ काम आज और भी गंभीर होता जा रहा है।

## डिजिटल बैंकिंग में करियर क्यों बनाएं

- भारत में डिजिटल बैंकिंग का प्रसार बड़े पैमाने पर हुआ है।
- नोटबंदी के समय से ही देश में कैश की कमी के कारण लोगों ने डिजिटल बैंकिंग की शुरुआत की और शिफ्ट किया, सभी ने इसे सीखा और इसका प्रचार-प्रसार किया।
- कोरोना आपदा के दौरान डिजिटल पेमेंट में काफी इजाफा हुआ। कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने भी एक नोटिफिकेशन जारी कर लोगों से डिजिटल पेमेंट और ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने का आग्रह किया है।

## डिजिटल बैंकिंग के उपयोग

- डिजिटल बैंकिंग हर समय उपलब्ध होती है। ग्राहकों के पास डिजिटल बैंकिंग के माध्यम से अपने पैसे तक लगातार 24/7 पहुंच है, साथ ही इसका उपयोग करने और खर्च करने के और भी तरीके हैं। इसका तात्पर्य यह है कि जो लोग एक अतिरिक्त घंटे का प्रबंधन नहीं कर सकते हैं उन्हें शाखा में जाने या उसके आसपास शनिवार की सुबह निर्धारित करने की आवश्यकता नहीं है। डिजिटल बैंकिंग ऐप ग्राहकों को अपने खाते की शेष राशि की जांच करने, बिलों का भुगतान करने, पैसे ट्रांसफर करने, ऋण के लिए आवेदन करने और सड़क पर खरीदारी करने की अनुमति देते हैं। ऑनलाइन भुगतान करने के लिए कंप्यूटर के सामने बैठने या किसी ब्रांच में जाने की आवश्यकता नहीं है।